www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:09 सूर्यास्त 6:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.08 न्यू | 6.07 अधि |
| धर्मशाला | 4.02 न्यू | 11.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71645.30 |
| निफ्टी | 21697.50 |
| सोना | 65,343 |
| चांदी | 72,879 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शुक्रवार, 2 फरवरी 2024 | 20 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 45 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

1.4 करोड़ युवाओं को मिला स्किल इंडिया का फायदा...पेज 3



# युवा, महिला, गरीब–किसान, विकसित भारत के बजट में रखा सबका ध्यान

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया 47.66 लाख करोड़ का बजट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वीरवार को लोकसभा में 47.66 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया। वित्त वर्ष 2024–25 में बजट का आकार पिछले बजट के मुकाबले 6.1 प्रतिशत बढ़ा है। व्यय में वृद्धि और पूंजीगत व्यय और सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं के लिए अधिक आवंटन के कारण बजट का आकार बढ़ा है। संशोधित अनुमान के अनुसार, उधार के अलावा कुल प्राप्तियां 27.56 लाख करोड़ रहने की संभावना है।

कर प्राप्तियां 23.24 लाख करोड़ हैं। कुल व्यय का संशोधित अनुमान 44.90 लाख करोड़ है। राजस्व प्राप्ति 30.03 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है। विकसित भारत के बजट में युवा, महिला, गरीब और किसान वर्ग का ध्यान रखा गया है। वित्त वर्ष 2024–25 के लिए बाजार मूल्य पर जीडीपी 3,27,71,808 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। यह 2023–24 के लिए पहले अग्रिम अनुमान में जताए गए 2,96,57,745 करोड़ रुपए से अधिक है।

## राहत : एक करोड़ टैक्स पेयर्स के नोटिस होंगे वापस, इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में एक करोड़ टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25,000 रुपए और 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के लिए 10,000 रुपए तक के बकाया डायरेक्ट टैक्स डिमांड नोटिस को वापस लिया जाएगा। इस कदम से दशकों से चले आ रहे विवाद समाप्त हो जाएंगे। हालांकि, वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स स्लैब में किसी तरह के बदलाव का कोई ऐलान नहीं किया। टैक्स व्यवस्था पिछली बार की तरह ही समान दरों पर बरकरार रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जहां तक टैक्स प्रपोजल का सवाल है, परंपरा को ध्यान में रखते हुए टैक्सेएशन से संबंधित कोई भी बदलाव करने का प्रस्ताव नहीं है। इम्पोर्ट ड्यूटी समेत डायरेक्ट और इन-डायरेक्ट टैक्स के लिए समान दरों को बनाए रखने का प्रस्ताव है। आय कर रिटर्न भरने वालों की संख्या में अढ़ाई लाख की बढ़ोतरी हुई है।

### पुराना स्लैब

| आय | टैक्स |
|---|---|
| पांच लाख | 00 |
| सात लाख | 00 |
| नौ लाख | 46,800 |
| 10 लाख | 62,400 |
| 12 लाख | 93,600 |
| 15 लाख | 1,58,000 |

## 10 बड़ी घोषणाएं

- लक्षदीप सहित द्वीपों में पर्यटन के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।
- एफवाई 25 में टैक्स प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान।
- प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष कर दरों में कोई बदलाव नहीं।
- रूफटॉप सोलर योजना के तहत एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।
- 40,000 ट्रेन डिब्बों को वंदे भारत मानक में बदला जाएगा।
- एफवाई 25 के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.1 फीसदी तय किया गया।
- मेट्रो रेल, नमो भारत का विस्तार अधिक शहरों तक किया जाएगा।
- सरकार मध्यम वर्ग के लिए आवास उपलब्ध कराने में मदद करेगी।
- 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के साथ एक लाख करोड़ रुपए का कोष निजी क्षेत्र को उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ाने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर दीर्घकालिक वित्तपोषण प्रदान करेगा।
- वित्तीय वर्ष 2010-15 की 10,000 रुपए तक की विवादित कर मांग को वापस ले लिया गया।

## 58 मिनट में अब तक का सबसे छोटा बजट

## नारी शक्ति पर जोर



- 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं।
- उच्च शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत तक बढ़ा।
- स्टेम पाठ्यक्रमों में छात्राओं एवं महिलाओं का 43 प्रतिशत नामांकन, जो दुनिया में सबसे अधिक है।
- पीएम-आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत मकान ग्रामीण महिलाओं को दिए गए।

## रियल एस्टेट सेक्टर के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं



**रियल** एस्टेट सेक्टर को उम्मीद थी कि चुनाव से पहले आ रहे अंतरिम बजट में उन्हें कुछ बड़ा सहयोग सरकार की तरफ से मिल सकता है, लेकिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस अंतरिम बजट को सीमित रखा और चुनाव से पहले बड़े वादे करने से बचत की। रियल एस्टेट सेक्टर को कुछ खास नहीं मिला है। हालांकि, वित्त मंत्री ने कुछ ऐसे ऐलान किए, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर की गति बनी रहेगी। इंफ्रांस्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर ध्यान देने की बात की है। इससे बड़े शहरों के साथ ही टियर दो और टियर तीन शहरों में रियल एस्टेट का विकास होगा।

## फसलों की एमएसपी का दायरा नहीं बढ़ा




**फसलों** का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) का दायरा नहीं बढ़ाया है। साल में 6,000 रुपए की किसान सम्मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया है।

## नौ से 14 साल की बेटियों को मुफ्त लगेगी वैक्सीन



**सर्वाइकल** कैंसर की रोकथाम के लिए जल्द योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत 9-14 साल की लड़कियों को मुफ्त वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास किया जाएगा।

## आयुष्मान योजना का फायदा उठा पाएंगी आशा वर्कर्स



**आयुष्मान** योजना का दायरा बढ़ाया जाएगा। अब आयुष्मान योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, हेल्पर्स और आशा कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया है। आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स और हेल्पर्स अब मुफ्त इलाज और मेडिकल हेल्थ केयर से संबंधित सुविधाओं का फायदा उठा पाएंगे।

## पांच साल में तीन करोड़ महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी

**पांच** साल में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का सरकार का लक्ष्य है। देश में अब तक एक करोड़ से ज्यादा महिलाएं लखपति दीदी बन गई हैं।

## कुछ भी सस्ता और महंगा नहीं हुआ

**बजट** में कुछ भी सस्ता या महंगा नहीं हुआ है, क्योंकि 2017 में लागू किए गए जीएसटी के बाद से बजट में केवल कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी को बढ़ाया या घटाया जाता है, जिसका असर गिनी-चुनी चीजों पर पड़ता है।

## पांच साल में बनेंगे दो करोड़ और नए घर



**अगले** पांच साल में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे। परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न होने वाली आवश्यकता। नौ करोड़ महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है।

## राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान




**वित्त** मंत्री सीतारमण ने राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। पिछले वित्त वर्ष में 5.8 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटा एक वित्त वर्ष में सरकार के कुल राजस्व (आय) और कुल व्यय के बीच का अंतर होता है। घाटा होने का कारण है कि सरकार अपनी कमाई से अधिक खर्च करती है। 2021-22 में अपने बजट भाषण में 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से कम लाने की घोषणा के अनुरूप ही राजकोषीय समेकन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। 2024-25 का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## सरकार की कुल उधारी में कमी



**सरकार** की कुल उधारी में कमी आई है। कुल व्यय (संशोधित) 44.90 लाख करोड़ रहा। उधार को छोड़कर कुल आय 27.56 लाख करोड़ रही। इसमें वित्त वर्ष 23-24 के लिए कर से आय 23.24 लाख करोड़ है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए सकल बाजार उधार 14.13 लाख करोड़ अनुमानित है।

बजट पर स्पेशल पेज 2–3



बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री राष्ट्रपति भवन पहुंची, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें दही–चीनी खिलाई।

## विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है बजट : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट अंतरिम बजट नहीं, बल्कि एक समावेशी और अभिनव बजट है। यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है, जो 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी देता है। बजट के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेंगे।

## लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं बजट, हिमाचल को निराशा : सुक्खू



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार का अंतरिम बजट देशवासियों और हिमाचल की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। प्राकृतिक आपदा के बाद प्रदेशवासियों को केंद्र से विशेष आर्थिक पैकेज की उम्मीद थी, लेकिन घोषणा न होने पर निराशा हुई है। रेल नेटवर्क के विस्तारीकरण का कहीं उल्लेख नहीं किया गया है। सतत विकास के लिए हरित ऊर्जा तथा सौर ऊर्जा की बात कही है किंतु स्पष्ट रोडमैप नहीं है। न तो टैक्स में छूट दी और न ही एलपीजी, डीजल और पैट्रोल की कीमतें घटाई। केवल पूंजीपतियों तथा उद्योगपतियों का ध्यान रखा। जीएसटी संग्रह 1.8 लाख करोड़ तक पहुंचने के बावजूद आयकर तथा अन्य करों में कोई भी अतिरिक्त रियायत नहीं दी गई है।

## बजट में स्वर्ण ऊर्जा को बढ़ावा, आयुष्मान भारत का बढ़ा दायरा : जयराम ठाकुर



**शिमला।** केंद्र सरकार का अंतरिम बजट आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल के कार्यकाल में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। उन्होंने कहा कि यह बजट स्वर्ण ऊर्जा को बढ़ावा देगा और आयुष्मान भारत का दायरा भी बढ़ा है। बजट में आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी वर्कर्स और आंगनबाड़ी सहायिका को आयुष्मान का कवर देने के लिए इसमें प्रावधान किया गया है। इस बार आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया।

- महिलाओं और किसानों को तीन लाख की आय पर नहीं लगेगा टैक्स
- तीन नए रेल कॉरिडोर, 40 हजार पुराने डिब्बों को वंदे भारत की तरह बदला जाएगा
- पीएम फसल बीमा योजना से 11.8 करोड़ लोगों को मिली आर्थिक मदद
- स्वास्थ्य ढांचे का इस्तेमाल कर खोले जाएंगे मेडिकल कॉलेज
- मातृत्व और बाल विकास के लिए एक समग्र योजना बनाई जाएगी
- आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा। पोषण 2.0 के अमल में तेजी लाई जाएगी

## रेलवे सेक्टर



- 2.4 लाख करोड़ का खर्च रेलवे सेक्टर में
- रेलवे में निजी क्षेत्र की भागीदारी
- 17,297 करोड़ रुपए से रेलवे की पटरियों का नवीनीकरण
- 45,000 करोड़ रुपए का रेलवे सुरक्षा निधि में हस्तांतरण

## बजट से पहले महंगाई का झटका एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दाम




**देश** के बजट से ठीक पहले आम आदमी को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। एक फरवरी की सुबह तेल कंपनियों ने गैस सिलेंडर का बजट बिगाड़ दिया है।

विंटर सीजन में बढ़ी डिमांड और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें प्रभावित होने की वजह से सिलेंडर के दाम में 14 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी दिल्ली, जयपुर, इंदौर, लखनऊ, अहमदाबाद, मेरठ, आगरा, मुंबई समेत पूरे देश में हुई है। कीमत में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत अब 1,769.50 रुपए हो गई है।

### घरेलू एलपीजी में नहीं हुआ बदलाव

**घरेलू** एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अभी भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट की कीमत दिल्ली में 903 रुपए और कोलकाता में 929 रुपए। आज एक फरवरी को मुंबई में 902.50 रुपए और चेन्नई में 918.50 रुपए है। आखिरी बार घरेलू सिलेंडर के दाम 30 अगस्त 2023 को बदले थे।

### अब इतने रुपए में मिलेगा सिलेंडर

नए कीमतें जारी होने के बाद अब कमर्शियल सिलेंडर दिल्ली में 1755.50 रुपए की जगह 1769.50 रुपए में मिलेगा। कोलकाता में यह सिलेंडर 1869 की बजाय 1887 रुपए में मिलेगा। मुंबई में कॉमर्शियल सिलेंडर का रेट अब 1708.50 से बढ़कर 1723. 50 और चेन्नई में 1924.50 रुपए से बढ़कर 1937 रुपए का हो गया है।

**बजट** हथियारों की खरीददारी के लिए 1.62 लाख करोड़ और पेंशन के वास्ते 141205 करोड़, बीते बजट से 0.27 लाख करोड़ ज्यादा

# रक्षा पर कुल बजट का आठ फीसदी खर्च करेगी मोदी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए मोदी कार्यकाल के अंतिम बजट में रक्षा बजट पर सरकार ने ज्यादा खर्च करने पर जोर दिया है। इस बार बजट 2024–25 में सरकार ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा इजाफा किया है।

सीतारमण ने रक्षा बजट को 11.1 फीसदी बढ़ाया है। हालांकि कुल बजट का आठ फीसदी मोदी सरकार रक्षा पर खर्च करेगी।




तीनों सेनाओं के वेतन के लिए 2.82 लाख करोड़

- रक्षा क्षेत्र में 10 साल में तेजी से तरक्की
- डिफेंस खर्च के लिए कुल 6.2 लाख करोड़

## 85 देशों में अपने हथियार निर्यात कर रहा भारत

**रक्षा** के क्षेत्र में बीते 10 साल में भारत ने तेजी से तरक्की की है। इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि भारत मौजूदा समय में 85 देशों में हथियार निर्यात कर रहा है। भारत के रक्षा निर्यात में 2014 के मुकाबले एक दो नहीं बल्कि 10 गुना की बढ़ोतरी देखने को मिली है। रफाल से लेकर रीपर ड्रोन तक बड़े रक्षा सौदों ने सेना की ताकत में भी जबरदस्त इजाफा भी किया है। भारत और अमेरिका मिलकर लड़ाकू बख्तरबंद स्ट्राइकर बनाने में काम करने वाले हैं। इसको लेकर सहमति भी बनी है। दरअसल मौजूदा समय में दुनिया में दो बड़ी जंग चल रही हैं। एक गाजा में इजराइल और हमास के बीच बीते चार महीनों से युद्ध छिड़ा हुआ है। वहीं, दूसरी तरफ रूस और यूक्रेन भी करीब डेढ़ साल से युद्ध की आग में जल रहे हैं। ये युद्ध बताते हैं कि डिफेंस के क्षेत्र में छोटे देशों ने भी अपनी ताकत में इजाफा किया है और इससे दुनिया को सबक सीखने की जरूरत है। भारत ने भी इन युद्धों को देखते हुए रक्षा बजट में खासी बढ़ोतरी की है।

## रक्षा बजट में क्या खास

**इस** बार के रक्षा बजट की बात करें तो सरकार ने डिफेंस खर्च के लिए कुल 6.2 लाख करोड़ रुपए दिए हैं। बीते डिफेंस बजट की तुलना में ये 0.27 लाख करोड़ रुपए ज्यादा हैं। पिछले रक्षा बजट में सरकार की ओर से 5.93 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। वित्त वर्ष 2024-25 के कुल बजट में रक्षा क्षेत्र पर आठ फीसदी खर्च हो रहा है। तीनों सेनाओं के वेतन के लिए वित्त मंत्री ने इस साल 2.82 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए। 2023-24 में रेवेन्यू बजट के लिए 2.77 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। 1.62 लाख करोड़ रुपए हथियारों की खरीददारी के लिए आवंटित। पेंशन के लिए सरकार की ओर से 141205 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

# पशुपालन अवसंरचना विकास कोष के विस्तार को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पीएम** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) को 29,610.25 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 2025–26 तक अगले तीन साल के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी।

यह योजना डेयरी प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण, मांस प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण, पशु चारा संयंत्र, नस्ल गुणन फार्म, पशु अपशिष्ट से धन प्रबंधन (कृषि–अपशिष्ट प्रबंधन) और पशु चिकित्सा वैक्सीन और दवा उत्पादन सुविधाओं के लिए निवेश को प्रोत्साहित करेगी।

भारत सरकार अनुसूचित बैंक और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), नाबार्ड और एनडीडीबी से 90 प्रतिशत तक ऋण के लिए दो साल की मोहल्लत सहित आठ साल के लिए तीन प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान करेगी।

## वस्त्रों के निर्यात के लिए करों और लेवी में छूट की योजना को अनुमति

**परिधान/वस्त्रों** और मेड अप्स के निर्यात के लिए राज्य और केंद्रीय करों और लेवी (आरओएससीटीएल) की छूट योजना 31 मार्च, 2026 तक जारी रखने की अनुमति दे दी। दो साल की प्रस्तावित अवधि के लिए योजना को जारी रखने से स्थिर नीतिगत व्यवस्था मिलेगी। कपड़ा क्षेत्र में दीर्घकालिक डिलीवरी के लिए अग्रिम आदेश दिए जा सकते हैं।



# बजट 2024-25

धर्मशाला | शुक्रवार, 2 फरवरी 2024




## किसी ने विदाई तो किसी ने बताया चुनावी बजट



केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के विकास को समर्पित करते हुए बजट को राम राज्य की परिकल्पना को दर्शाता हुआ बताया है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है। मैं इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को साधुवाद देता हूं।



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा। ये भाजपा का विदाई बजट है।



अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला ने कहा, 'वास्तविक बजट जुलाई में आएगा। हमें उम्मीद है कि इस बजट से लोगों को फायदा होगा, पर्यटन बढ़ेगा, उद्योग भी बढ़ेंगे और देश प्रगति करेगा।



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, यह बजट सिर्फ ये सुनिश्चित करने के लिए केवल एक प्रशासनिक कवायद है कि भारत सरकार के पास नई संसद के गठन और नई सरकार बनने तक अपना सामान्य कामकाज चलाने के लिए आवश्यक धन हो। और उन्होंने ऐसा ही किया है, अपने अनिवार्य आत्म-बधाई, आत्म-प्रशंसा वाक्यांशों को बनाने के अलावा, वहां कुछ भी नहीं है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हेल्थ सेक्टर में महिलाओं के स्वास्थ्य, सर्वव्यापी इम्यूनाइजेशन प्लेटफ़ॉर्म से लेकर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु कमेटी बनाने, आयुष्मान भारत योजना में आशा बहनों, आंगनबाड़ी कर्मचारी और सहायकों को लाने के निर्णय स्वागत योग्य हैं।



मोदी सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए जो अंतरिम बजट पेश किया है, उसमें गरीब और मध्यवर्ग के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस के लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बजट को चुनावी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में सिर्फ जनता को लुभाने की कोशिश की गई है।



कांग्रेस सांसद रंजीता रंजन ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि कितनी महिलाएं हैं, जिनकी बचत दो लाख है, जिस पर वे 7.5 फीसदी ब्याज लेंगी? यह पूरी तरह से चुनावी बजट है। इस बजट में पिछले बजट का ही दोहराव है।



सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर ने बजट पर कहा कि दीर्घकालिक, ब्याज मुक्त या कम ब्याज दर वाले ऋण निजी क्षेत्र को अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह बजट सब वर्गों को ध्यान में रख कर बनाया गया है।



केपीएमजी के महानिदेशक और सीओओ नीरज बंसल ने कहा कि यह बजट एक लाख करोड़ का कोष देश के अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करेगा, जो देश की पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा बजट में भारत के श्रेष्ठ होने की झलक दिख रही है। देश में सोलर पैनल लगाने का काम किया जाएगा और तीन करोड़ दीदी को लखपति बनाया जाएगा। इस बजट से भारत श्रेष्ठ और समृद्ध होगा।



झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी सरकार ने अमृतकाल के लिए मजबूत बुनियाद तैयार की है। इसका सबको लाभ मिलेगा। यह 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में एक कदम है।



केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा संसद में प्रस्तुत अंतरिम बजट भारत को विकास के मार्ग पर तेजी से प्रशस्त करने वाला है। इस बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का आईना दिख रहा है। यह अंतरिम बजट देश के किसान, गरीब, नारी शक्ति और युवा शक्ति की प्रगति का प्रतिबिंब है।



कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि मध्यम वर्ग को आशा थी कि सरकार इनकम टैक्स स्लैब में कोई छूट देगी, लेकिन एक बार फिर से अपना जन विरोधी चेहरा सामने लाते हुए मोदी सरकार ने आयकर में कोई छूट नहीं दी। बजट में युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों और जवानों के लिए कुछ भी नहीं है। यह बजट नहीं है, सिर्फ एक झुनझुना है।

### ऊर्जा, खनिज, सीमेंट, बंदरगाह और हाई ट्रैफिक वाले क्षेत्रों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाकर आर्थिक विकास बढ़ाना है मकसद

# भारतीय रेलवे को मिलेंगे तीन नए कॉरिडोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरिम बजट में तीन रेलवे कॉरिडोर कार्यक्रमों की घोषणा की गई, जिनका मकसद ऊर्जा, खनिज, सीमेंट, बंदरगाह और हाई ट्रैफिक वाले क्षेत्रों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाकर आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए परियोजनाओं को पीएम गति शक्ति कार्यक्रम के हिस्से के रूप में चुना गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि इन प्रस्तावों से लॉजिस्टिक्स में बढ़ोतरी होगी और लागत कम होगी। उन्होंने कहा, हाई ट्रैफिक गलियारों में भीड़भाड़ कम होने से पैसेंजर ट्रेन ऑपरेशन में सुधार होगा, साथ ही यात्रियों के लिए सुरक्षा और यात्रा की स्पीड बढ़ेगी। समर्पित माल गलियारों के साथ-साथ, ये आर्थिक गलियारा कार्यक्रम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को बढ़ावा देंगे और लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी। सीतारमण ने 2023 में भारतीय रेलवे की दो बड़ी समस्याओं के बारे में बात की। सुरक्षा और ट्रेनों का लेट होना। ये मुद्दे बड़ी दुर्घटनाओं के बाद सामने आए, जैसे कि ओडिशा के बालासोर में, जहां 2 जून 2023 को तीन ट्रेनों के आपस में टकराने से 300 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा ट्रैक पर बहुत सारी ट्रेन होने के चलते स्टेशनों में भारी भीड़ देखने को मिली। इसकी वजह से, त्योहार सीजन के दौरान यात्रियों को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा।



## वंदे भारत में बदलेंगे नॉर्मल रेल डिब्बे

**सीतारमण** ने घोषणा की कि वंदे भारत ट्रेनों की सुरक्षा, सुविधा और कंफर्ट को पूरा करने के लिए 40,000 नॉर्मल नियमित ट्रेन डिब्बों को अपग्रेड किया जाएगा। 2022 में रेलवे ने वित्त वर्ष 2028 तक बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की योजना बनाई ताकि वित्त वर्ष 2030 तक 3000 मिलियन टन माल ढुलाई की जा सके, जिसे मिशन 3000 एमटी नाम दिया गया है। इस मिशन के अंतर्गत पांच वर्षों में पूरा करने के लिए 1200 से अधिक परियोजनाएं हैं, जिनकी लागत लगभग 8.45 ट्रिलियन रुपए है। ये परियोजनाएं पूर्ण होने के अलग-अलग फेज में चल रही हैं। वित्त वर्ष 23 में रेलवे ने 1512 मिलियन टन लोड किया, जो वित्त वर्ष 21-22 के 1418 मिलियन टन से 6.63 प्रतिशत अधिक है, जो एक वित्तीय वर्ष में अब तक की सबसे अधिक लोडिंग है। अप्रैल से नवंबर 2023 तक उन्होंने 1015.67 मिलियन टन लोड किया, जबकि पिछले साल यह 978.72 मिलियन टन था।

**40,000** नियमित ट्रेन डिब्बों को अपग्रेड किया जाएगा




## प्रधानमंत्री आवास के तहत परिवारों को

# मिलेंगे दो करोड़ घर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार का दृष्टिकोण सबका साथ, सबका विश्वास है और इसके अनुरूप सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कल्याण के लिए सरकार ने सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी नीति और कार्यक्रम लागू किए। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम के तहत जनधन खातों के जरिए 34 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। इससे 2.7 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई, जिससे कल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसे की व्यवस्था हो पाई। कोविड महामारी के बावजूद पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तीन करोड़ घर मुहैया कराए गए तथा दो करोड़ नए घर भी परिवारों को दिए जाएंगे। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट में आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया है। लोकसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आयुष्मान योजना में अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा वर्कर्स को भी जोड़ा जाएगा। उन्हें भी मुफ्त इलाज की इस सुविधा का लाभ मिलेगा। देश के मेडिकल कॉलेजों में भी सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। आयुष्मान योजना के तहत परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है।

**02** करोड़ नए घर भी परिवारों को दिए जाएंगे

**03** करोड़ घर कोविड महामारी के दौरान मुहैया कराए गए

**जनधन खातों में 34 लाख करोड़ ट्रांसफर किए**



### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा ऐलान

# हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट में सोलर स्कीम की भी शुरुआत की है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि 'रूफटॉप सोलर'परियोजना के तहत एक करोड़ परिवार को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। सोलर रूफटॉप स्कीम से घरों को 15000-18000 रुपए की बचत की उम्मीद है। इससे पहले 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी ने एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सौर ऊर्जा स्थापित करने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की थी। प्रधानमंत्री ने बैठक के दौरान कहा था कि सोलर एनर्जी का उपयोग छत वाले प्रत्येक घर द्वारा अपने बिजली के बिल को कम करने और उन्हें अपनी बिजली की जरूरतों के लिए वास्तव में आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का लक्ष्य निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को रूफटॉप सौर ऊर्जा की स्थापना के माध्यम से बिजली उपलब्ध करना है, साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन के लिए अतिरिक्त आय का अवसर उपलब्ध करना है। प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि आवासीय क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बड़ी संख्या में रूफटॉप सौर ऊर्जा अपनाने को लेकर प्रेरित करने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जाना चाहिए।



**15000** से 18000 रुपए की बचत की उम्मीद है घरों को सोलर रूफटॉप स्कीम के अंतर्गत

**300** यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी एक करोड़ परिवारों को हर महीने

# 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि हमारी सरकार सर्वांगीण, सर्वसमावेशी और सर्वव्यापी विकास की दिशा में काम कर रही है और 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य में किसानों, गरीबों तथा अन्य सभी वर्गों को शामिल कर उनका विकास सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है इसलिए इस लक्ष्य में सभी लोगों के विकास को महत्व दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान माहौल में वैश्विक चुनौतियां अधिक चुनौतीपूर्ण हो रही हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है। कई देशों में विकास की दर घट रही है, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था इन सब परिस्थितियों के बीच तेजी से आगे बढ़ रही है और सभी वर्गों के विकास को सुनिश्चित कर रही है। सरकार ने देश के विकास कार्यक्रमों ने समाज के हर वर्ग को लक्षित करते हुए सबके लिए आवास, हर घर जल, बिजली, रसोई गैस और रिकॉर्ड समय में बैंक खाते खोलकर लोगों को आर्थिक विकास से जोड़ा है। वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार समाज के हर वर्ग के साथ ही गरीब को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर उनकी भोजन की चिंता को दूर किया जा रहा है।



अन्नदाता की उपज के लिए एमएसपी समय-समय पर बढ़ाया जाता है और इससे किसानों की आय बढी है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार ने 1.361 मंडियों को एकीकृत किया है और तीन लाख करोड़ रुपए के व्यापार के साथ 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। उनका कहना था कि यह क्षेत्र समावेशी और उच्च आर्थिक विकास के लिए तैयार है। गरीबी से निपटने के उपायों में पहले की तुलना में बहुत बदलाव आया है और उसके परिणाम भी बदल रहे हैं।

उनका कहना था कि गरीब को सशक्त बनाया जा रहा है और जब गरीब विकास प्रक्रिया में सशक्त भागीदार बन जाते हैं तो उन्हें सहायता देने की सरकार की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। पिछले 10 वर्षों में सरकार ने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से मुक्ति दिलाने में सहायता की है।

**80** करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर उनकी भोजन की चिंता को दूर किया जा रहा है।




**इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार ने 1.361 मंडियों को एकीकृत किया है और तीन लाख करोड़ रुपए के व्यापार के साथ 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं प्रदान कर रहा है।**

# तीन करोड़ लखपति दीदी बनाएगी केंद्र सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में महिलाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई लखपति दीदी योजना के बारे में बताया। वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत देश की महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। अब तक एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। जो देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल नौ करोड़ महिलाएं लखपति दीदी योजना का लाभ उठा रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मोदी सरकार कई योजनाएं चला रही है। उन्हीं में से एक लखपति दीदी योजना भी है।





## क्या है लखपति दीदी योजना

**महिलाओं** की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए, उन्हें स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम देने के लिए, पैसा कमाने के योग्य बनाने के लिए मोदी सरकार ने लखपति दीदी योजना को शुरू किया है। महिलाओं को अपना बिजनेस शुरू करने के लिए इस योजना के माध्यम से दिशा दिखाई जाती है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है।

**आयुष्मान भारत** | 10 लाख से अधिक आशा वर्कर्स और उनके परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख तक के निशुल्क उपचार का लाभ मिलेगा

# आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स आयुष्मान भारत योजना में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र पर जोर देते हुए आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थकेयर कवर सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को देने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा। अंतरिम बजट में इस ऐलान से देश में मौजूद 10 लाख से अधिक आशा वर्कर्स और उनके परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख तक के निशुल्क उपचार का लाभ मिलेगा। अभी तक सिर्फ बीपीएल कार्ड धारकों को ही भारत आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख इलाज खर्च का लाभ मिलता है। वर्तमान में आयुष्मान भारत योजना के तहत 3,85,85,799 को कार्ड उपलब्ध करवाए जा चुके हैं जबकि 35,04163 लोग आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज करवा चुके हैं। इस योजना के तहत पूरे भारत में अब तक कुल 506 निजी हॉस्पिटल जबकि 500 सरकारी अस्पताल इनपैनेल्ड हैं, जहां योजना कार्डधारी आसानी से मुफ्त में इलाज करवा सकते हैं।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसक तहत कम आय वर्ग देश के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में पांच लाख रुपए तक का इलाज फ्री में करवा सकते हैं।

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat
PM-JAY




## सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्व-समावेशी है बजट

वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि अंतरिम बजट विकास पर केंद्रित है, जो सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्व-समावेशी है। यह मुख्य रूप से चार प्रमुख जातियों को लक्षित करता है, जिसमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता को शामिल करते हुए भारत को 2047 तक विकसित बनाने का है।

## पोषण 2.0 में तेजी लाई जाएगी

**मातृ** एवं शिशु देखभाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें बेहतर पोषण वितरण, प्रारंभिक बचपन देखभाल और विकास के लिए पोषण 2.0 में तेजी लाई जाएगी। कार्यान्वयन में तालमेल सुनिश्चित करने के लिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के तहत विभिन्न योजनाओं को एक व्यापक कार्यक्रम के तहत लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ के अनुसरण में सरकार ने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में सहायता की है। इसके साथ सक्षम आंगनबाड़ी के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों का उन्नयन किया गया है।

## टीकाकरण को प्रोत्साहन



निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सरकार 9-14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। टीकाकरण के प्रबंधन और मिशन इंद्रधनुष के गहन प्रयासों के लिए नए डिजाइन किए गए यू-विन प्लेटफॉर्म को पूरे देश में तेजी से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना विभिन्न विभागों के तहत मौजूदा अस्पताल के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की है। इस उद्देश्य के लिए मुद्दों की जांच करने और प्रासंगिक सिफारिशें करने के लिए एक समिति की स्थापना की जाएगी।





## समावेशी विकास की अटूट गाथा का प्रतिबिंब है बजट



**केंद्रीय** सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय अंतरिम बजट 2024 की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समावेशी विकास की अटूट गाथा का प्रतिबिंब है। यह अंतरिम बजट विकसित भारत लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण होने वाला है। ठाकुर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट में बुनियादी ढांचे और नवाचार पर विशेष ध्यान देने के लिए भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि बजट एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला रखता है, जो गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों को सशक्त बनाएगा। मोदी के नेतृत्व में, उनके मार्गदर्शन में मोदी सरकार 2.0 का यह अंतरिम बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है।

## विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला है बजट



**पूर्व** मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर कहा कि मोदी सरकार का अंतरिम बजट विशेषता लिए हुए है। यह बजट युवा, गरीब, महिला एवं किसान को सुदृढ़ करने वाला बजट है, क्योंकि मोदी सरकार ने इन चारों को विकसित भारत का स्तंभ माना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला बजट है। बजट में मोदी सरकार द्वारा जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान का नारा जोड़ते हुए युवा भारत की आकांक्षाओं का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है और अनुसंधान एवं नव रचना के लिए एक लाख करोड़ रुपए के फंड का प्रावधान करने की घोषणा की गई है। नए स्टार्टअप्स को मिलने वाली टैक्स छूट को आगे बढ़ाया गया है, जो बहुत बढ़िया कदम है।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए कमेटी बनाने का स्वागत



**पूर्व** मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि उनकी दृष्टि में भारत सरकार का अंतरिम बजट पिछले कुछ वर्षों का अत्यंत महत्वपूर्ण बजट इसलिए है क्योंकि इसमें आज के भारत की सबसे भयंकर समस्या जनसंख्या विस्फोट के संबंध में एक कमेटी बनाने का निर्णय किया गया है । उन्होंने कहा कि यह कमेटी बनेगी और नई सरकार बनने के बाद देश में जनसंख्या नियंत्रण का आवश्यक कानून बनेगा। शांता कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद के 75 वर्षों में देश की आबादी वादी 35 करोड़ से बढ़कर 141 करोड़ हो गई है। सबसे अधिक जनसंख्या वाले चीन को पीछे छोड़कर अब भारत विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। आज की गरीबी और बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण बढ़ती जनसंख्या है। उन्होंने अंतरिम बजट में इस संबधं में कमेटी बनाने के लिए सरकार को बधाई दी है।

## जरूरतमंदों को मिलेंगे पक्के मकान, किसान होंगे समृद्ध



**2024** के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत मोदी सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि देश में विगत दस वर्षों में भारत की आर्थिकी सुदृढ़ हुई है और सात प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर के साथ भारत की आर्थिकी बढ़ी है, जो इससे पूर्व कभी नहीं हुआ। बिंदल ने कहा कि गत वर्ष ढांचागत विकास में 18.06 लाख करोड़ रुपए की बढ़ौतरी हुई है, जो आशा, अपेक्षाओं से बहुत अधिक है। जो बजट 2024 के लिए प्रस्तुत किया गया है, वह गरीब का बजट है, जिसके अंतर्गत दो करोड़ नए पक्के मकान बनाने का प्रावधान किया है। यह बजट किसानों को समृद्ध करने का बजट है, जिसमें 11.08 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि लगातार दी जाएगी व विगत साल में एमएसपी में 50 प्रतिशत की वृद्धि की है।

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, युवाओं को मिलेगा रोजगार



राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने केंद्रीय बजट की सराहना की। उन्होंने कहा कि बजट से हिमाचल प्रदेश में पर्यटन डेरी और मछली पालन उद्योग को बल मिलेगा। बजट में राज्य सरकारों को प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के ढांचागत विकास और इनकी ब्रांडिंग और मार्केटिंग में केंद्रीय सरकार की भागीदारी से हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला, पालमपुर, डलहौज़ी, शिमला, मनाली सहित अनेक पर्यटक स्थलों में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षक करने में मदद मिलेगी, जिससे स्थानीय युवकों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे तथा पर्यटन उद्योग को पंख लगेंगे, जिससे हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के चौतरफा विकास को बल मिलेगा।

## केंद्रीय अंतरिम बजट में रखा हर वर्ग का ध्यान



**भाजपा** के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना के विधायक सतपाल सत्ती ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वीरवार को पेश किए गए अंतरिम बजट को जन हितैषी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा, गरीब, महिला एवं किसान को सुदृढ़ करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट में नव भारत की आकांक्षाओं का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है और अनुसंधान एवं नव रचना के लिए एक लाख करोड़ रुपए के फंड का प्रावधान करने की घोषणा की गई है। नए स्टार्टअप्स को मिलने वाली टैक्स छूट को आगे बढ़ाया गया है, जो बहुत बढ़िया कदम है। सत्ती ने कहा कि बजट भारतवर्ष के लिए 21वीं सदी का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने के साथ-साथ युवाओं के लिए अनगिनत रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने में मददगार साबित होगा।

## महिलाओं-किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करेगा बजट



**भाजपा** के प्रदेश सचिव व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र सह प्रभारी सुमित शर्मा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वीरवार को मोदी सरकार का अंतरिम बजट प्रस्तुत किया। इस साल क्योंकि लोकसभा चुनाव होने हैं इसलिए केंद्र सरकार का यह बजट अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का अंतिम बजट विशेषता लिए हुए है। यह बजट युवा, गरीब, महिला एवं किसान को सुदृढ़ करने वाला बजट है, क्योंकि मोदी सरकार ने इन चारों को विकसित भारत का स्तंभ माना है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला बजट है। सुमित ने कहा कि प्रस्तुत बजट में मोदी सरकार द्वारा जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान का नारा जोड़ते हुए युवा भारत की आकांक्षाओं का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है और अनुसंधान एवं नव रचना के लिए एक लाख करोड़ रुपए के फंड का प्रावधान करने की घोषणा की गई है।

## केंद्र बताए हिमाचल की महिलाएं क्यों नहीं बनी लखपति



**सदर मंडी** से कांग्रेस नेत्री चंपा ठाकुर ने अंतरिम बजट पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि हिमाचल के कितने युवाओं को स्किल इंडिया मिशन के तहत ट्रेंड किया है। केंद्र केवल आंकड़ों पर खेलता है और झूठे आंकड़े पेश करता है। चंपा ठाकुर ने सवाल करते हुए कहा कि कहां हैं 1.4 करोड़ युवा जिनको स्किल इंडिया मिशन के तहत ट्रेंड किया है, सब आंकड़ों का मायाजाल है। उच्च शिक्षा में केंद्र सरकार ने कितने आईआईटी जैसे संस्थान दिए, जो बखान पर बखान किए जा रहे हैं। हिमाचल की महिलाएं क्यों नहीं लखपति बनी, क्योंकि सब आंकड़ों का मायाजाल है। भाजपा की दाल अब गलने वाली नहीं है, जनता सब जानती है कि अंतरिम बजट केवल वित्त व्यवस्था चलाने के लिए होता है, लेकिन भाजपा सरकार तो इसमें आंकड़े गिना कर वोट बैंक का लालच देख रही थी, जो कभी पूरा नहीं होगा। उनहोंने आरोप लगाया कि केंद्र केवल आंकड़ों पर खेलता है और झूठे आंकड़े पेश करता है।

# बजट में किसानों के लिए बड़े ऐलान नहीं

## एमएसपी का दायरा और सम्मान निधि की रकम नहीं बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरिम बजट में किसानों के लिए कुछ खास ऐलान नहीं किए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि फसलों पर नैनो डीएपी का इस्तेमाल होगा। इसके अलावा डेयरी विकास के क्षेत्र में अच्छा काम होगा और दुग्ध किसानों को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए जैव-विनिर्माण और बायो-फाउंड्री की नई योजना की शुरुआत होगी। सरकार ने मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) यानी न्यू नतम समर्थन मूल्य का दायरा नहीं बढ़ाया है। इसके अलावा किसान सम्मान निधि की राशि को भी नहीं बढ़ाया है, यह 6,000 रुपए ही रहेगी। बजट में महिला किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि डबल यानी सालाना 6000 से बढ़कर 12000 रुपए की जाने की उम्मीद थी, लेकिन इसमें भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।



**वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 करोड़ बढ़ा कृषि बजट**

**सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एग्रीकल्चर सेक्टर को 1.27 लाख करोड़ रुपए दिए हैं। यह पिछले साल के मुकाबले यानी 2,000 करोड़ रुपए बढ़ा है। सरकार ने पिछले साल एग्रीकल्चर बजट के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए थे।**

### डेयरी पर रहेगा फोकस

**1.27** लाख करोड़ एग्रीकल्चर सेक्टर को दिए हैं

### सीफूड का निर्यात दोगुना

**इसके** अलावा वित्त मंत्री ने मत्स्य संपदा को लेकर कहा कि हमारी सरकार ही थी जिसने मछुआरों की सहायता करने के महत्व को समझा और अलग मत्स्यपालन विभाग की स्थापना की। इसके बाद से इनलैंड और जल कृषि उत्पादन दोगुना हो गया है। साल 2013-14 से सीफूड का निर्यात भी दोगुना हो गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन को बढ़ावा दिया जाएगा।

# 1.4 करोड़ युवाओं को मिला स्किल इंडिया का फायदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में अंतरिम बजट पेश किया, इसमें शिक्षा क्षेत्र को लेकर अब तक के प्रयासों के बारे में कई जानकारियां दीं। सदन में उन्होंने बताया कि अब तक देश में पिछले 10 सालों में 390 विश्वविद्यालय खोले गए, वहीं 54 लाख लोगों को री स्किल किया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उद्यमिता, जीवनयापन में आसानी और उनके लिए सम्मान के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण ने इन दस वर्षों में गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। दस वर्षों में उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथेमैटिक्स (स्टेम) पाठ्यक्रमों में लड़कियों और महिलाओं का नामांकन 43 प्रतिशत है जो दुनिया में सबसे अधिक है। ये सभी उपाय कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी में परिलक्षित हो रहे हैं। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण, जीवनयापन में आसानी और उनके लिए सम्मान को गति मिली है। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए। इसके साथ केंद्र सरकार ने 'तीन तलाक' को अवैध बना दिया और लोकसभा और राज्य विधानमंडल में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों के आरक्षण को पारित कर दिया है।

**390** विश्वविद्यालय 10 सालों में खुले





**साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथेमैटिक्स पाठ्यक्रमों में लड़कियों और महिलाओं का नामांकन 43 प्रतिशत**

# इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों की बदलेगी सूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घेरलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीप समूहों के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों में यातायात सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

पर्यटन अवसंरचना, पत्तन संपर्क और सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। जिससे न केवल पर्यटन में बढ़ोतरी होगी बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पर्यटन के विकास का जिक्र पिछले साल देश में हुए जी20 बैठकों के साथ किया। वित्त मंत्री ने कहा कि देशभर में 60 से ज्यादा स्थानों पर जी20 की बैठकों का आयोजन करके दुनिया को दिखाया है कि हमारी आर्थिक ताकत ने देश को व्यापार के साथ-साथ कॉन्फ्रेंस टूरिज्म का बेहतरीन डेस्टिनेशन बनाया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जाएगी।

साथ ही पर्यटन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा।



**भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग भी होगी**

### घरेलू टूरिज्म को बढ़ावा

घरेलू टूरिज्म के अलावा भारत की विविधता भी वैश्विक टूरिज्म को आकर्षित करती है। इस संबंध में निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि 60 स्थानों पर जी20 बैठकों के सफल आयोजन से वैश्विक टूरिज्म के सामने भारत की विविधता प्रदर्शित हुई है। साथ ही भारत की आर्थिक क्षमताओं ने इसे व्यवसाय और सम्मेलनों से जुड़े टूरिज्म के लिहाज से एक आकर्षक स्थल बना दिया है।

# सरकार ने कपड़ों के निर्यात पर कर छूट योजना दो साल बढ़ाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वीरवार को परिधान और कपड़ों से बने अन्य सामानों के निर्यात के लिए राज्य और केंद्रीय करों और शुल्कों (आरओएससीटीएल) की छूट योजना को 31 मार्च 2026 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। दो वर्षों की प्रस्तावित अवधि के लिए योजना को जारी रखने से एक स्थिर नीति व्यवस्था मिलेगी जो दीर्घकालिक व्यापार योजना के लिए आवश्यक है, विशेष रूप से कपड़ा क्षेत्र में जहां दीर्घकालिक डिलीवरी के लिए अग्रिम आदेश दिए जा सकते हैं।

आरओएससीटीएल की निरंतरता से करों और शुल्क के बोझ को दूर करने में मदद मिलेगी और इस सिद्धांत पर समान अवसर मिलेगा कि वस्तुओं का निर्यात किया जाता है न कि घरेलू करों का। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पहले 31 मार्च 2020 तक योजना को मंजूरी दी थी जिसे बाद में 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया था।

योजना का उद्देश्य छूट के माध्यम से परिधान और कपड़ों से बने दूसरे सामानों के निर्यात पर शुल्क वापसी योजना के अलावा राज्य और केंद्रीय करों और शुल्क की भरपाई करना है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य सिद्धांत पर आधारित है कि निर्यात के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में समान अवसर प्रदान करने के लिए करों और शुल्कों का निर्यात नहीं किया जाना चाहिए।

# विकास को बढ़ावा देने वाला बजट : ईईपीसी



**नई दिल्ली।** भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) इंडिया ने नए वित्त वर्ष के बजट को उम्मीद के अनुरूप विकास को बढ़ावा देने वाला बताया और कहा कि इसमें लोकलुभावन उपायों के प्रलोभन का विरोध करने के लिए पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

ईईपीसी इंडिया अरुण कुमार गारोडिया ने गुरुवार को कहा, जैसा कि अपेक्षित था, अंतरिम बजट 2024-25 में विकास को बढ़ावा देने और लोकलुभावन उपायों के प्रलोभन का विरोध करने के लिए पूंजीगत व्यय पर अपना ध्यान केंद्रित किया गया है।

बुनियादी ढांचा निर्माण कार्यक्रम पिछले बजट का केंद्रीय विषय रहा है और नये बजट में भी इसकी निरंतरता बरकरार रखी गई है।

बजट में प्रस्ताव निवेशकों की भावनाओं को और बढ़ाने, स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और भारतीय उद्योग को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निर्धारित हैं।

# बजट : भूटान को दी सबसे ज्यादा सहायता, मालदीव दूसरे स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय बजट में दी गई जानकारी के अनुसार भूटान को ग्रांट और ऋण के तौर पर भारत की ओर से किसी देश को दी जाने वाली सबसे ज्यादा सहायता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वीरवार को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम और अंतरिम बजट पेश किया। इसके बाद दी गई जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान के अनुसार भारत सरकार ने विदेशी सरकारों को 6,541.79 करोड़ रुपए प्रदान किए हैं। इसमें अनुदान के रूप में 4,927.43 करोड़ रुपए और ऋण के रूप में 1,614.36 करोड़ रुपए हैं। 2023-24 के लिए 5,848.58 करोड़ रुपए के बजट अनुमान से यह आंकड़ा ज्यादा है। वित्त मंत्रालय के बजट में दी गई जानकारी के अनुसार भूटान को सबसे अधिक 2398.97 करोड़ रुपए (1614.36 करोड़ ऋण) की सहायता दी गई है। इसके बाद मालदीव का नाम आता है। इस समुद्री पड़ोसी मालदीव को 770.90 करोड़ दिए गए हैं। इसके बाद नेपाल को 650 करोड़, म्यांमार को 370 करोड़, मॉरीशस को 330 करोड़, अफगानिस्तान को 220 करोड़, बांग्लादेश को 130 करोड़, श्रीलंका को 60 करोड़, सेशेल्स को 9.91 करोड़ और मंगोलिया को पांच करोड़ रुपए की सहायता दी गई है।

### भारतीय विमानन कंपनियों ने 1000 से अधिक नए विमानों का दिया ऑर्डर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करने के दौरान कहा कि देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हो गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक पांच सौ सत्रह नए मार्ग से 1.3 करोड़ यात्रियों की हवाई मार्ग से आवाजाही हो रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय विमानन कंपनियों ने 1000 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर दिया है।

# आने वाला समय तकनीकी प्रेमी युवाओं के लिए स्वर्णिम होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपए का कोष बनाने का प्रस्ताव रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि आने वाला समय तकनीकी प्रेमी युवाओं के लिए एक स्वर्णिम युग होगा।

सरकार 50 साल तक ब्याज मुक्त ऋण मुहैया कराने के लिए कोष की स्थापना करेगी। इसके माध्यम से लंबी अवधि के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि हमें ऐसे कार्यक्रम बनाने की जरूरत है जिससे हमारे युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों का संयोजन हो। इस पहल से निजी क्षेत्र को उभरती प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और नवाचार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

सीतारमण ने कहा कि नवाचार ही विकास की नींव है। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा दिया। वहीं पीएम मोदी ने 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान' को आगे बढ़ाया है।



**उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ का कोष होगा तैयार**

### चार्जिंग इन्फास्ट्रक्चर होगा मजबूत, पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के लिए ई-बसों को किया जाएगा प्रोत्साहित

# इलेक्ट्रिक व्हीकल ईको सिस्टम का होगा विस्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री सीतारमण ने अंतरिम बजट की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार चार्जिंग इंफ्रा को सपोर्ट करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल ईको सिस्टम का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के लिए ई-बसों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

बजट भाषण में सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार मैन्युफैक्चरिंग और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए ई-व्हीकल ईको सिस्टम का विस्तार करेगी, साथ ही इसे मजबूत करने का भी काम होगा। पेमेंट सिक्योरिटी मैकेनिजम के माध्यम से पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के लिए ई-बसों को ज्यादा से ज्यादा अपनाने को प्रोत्साहित किया जाएगा। ईवी इंडस्ट्री के लिए चार्जिंग एक बड़ा इशू है, इसे भी वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में जगह दी है।

पिछले साल अपने पिछले बजट में, सीतारमण ने इलेक्ट्रिक व्हीकल में उपयोग की जाने वाली बैटरी के लिए लिथियम-आयन सेल्स के निर्माण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं और मशीनरी को छूट दी थी। कपड़ा और कृषि को छोड़कर अन्य वस्तुओं पर लिथियम-आयन बैटरियों पर सीमा शुल्क 21 प्रतिशत से घटाकर 13 प्रतिशत कर दिया गया। ईवी बैटरियों पर सब्सिडी एक और साल के लिए बढ़ा दी गई। भारत सरकार ने आईसीई मॉडल्स (पेट्रोल-डीजल वाहन) से होने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए लगातार इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ने 2030 तक देश में सभी नए व्हीकल्स की बिक्री में ईवी की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा है। अभी वाहनों की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बहुत कम है, कारों में लगभग दो प्रतिशत तो वहीं दोपहिया वाहनों में पांच प्रतिशत तक है।



**बायोफ्यूल को बढ़ावा देने पर जोर**

### ऑटो सेक्टर को उम्मीद से कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतिरम बजट 2024 में ऑटो सेक्टर के लिए नई घोषणा नहीं की। साथ ही सरकार ने ऑटो सेक्टर में लगने वाली 28 प्रतिशत की जीएसटी की दर में भी कोई बदलाव नहीं किया है। ऐसे में अब ऑटो सेक्टर को चुनाव बाद आने वाले आम बजट से काफी उम्मीद हैं।

# 11.1 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय से कारोबार में होगी जबर्दस्त बढ़ोतरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने नए वित्त वर्ष के लिए पेश बजट का स्वागत करते हुए कहा कि बजट में प्रस्तावित 11.1 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय से कारोबार में जबर्दस्त बढ़ोतरी होगी। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि 11.1 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय से देश के बाजारों में कारोबार में जबरदस्त वृद्धि होगी। वहीं, लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाने तथा रेलवे की माल ढुलाई को अधिक सक्षम बनाने से माल की आवाजाही और अधिक सरलता से होगी। इससे भी व्यापार में वृद्धि। वृद्धि होगी। साथ ही 11.1 लाख करोड़ रुपए के खर्च से देश में विभिन्न परियोजनाओं से व्यापार और बड़े पैमाने पर रोजगार भी बढ़ेगा। भरतिया एवं खंडेलवाल ने कहा कि इस राशि से देश भर में अधिक निर्माण कार्य होंगे जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों में नई आधारिक सुविधाएं बनाने के लिए खर्च का उपयोग हो सकता है, जिससे बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा और उससे भी व्यापार में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उससे उत्पादन में वृद्धि होगी तथा यह खर्च उत्पादन को बढ़ावा देने और विभिन्न उद्यमों को समर्थन करने के माध्यम से व्यापार में वृद्धि की स्थिति में सुधार कर सकता है। इससे देश भर में व्यापार में वृद्धि होगी और वित्तीय तरलता बढ़ेगी।

हैप्पी बर्थडे



सोलन की दिव्यांशी चौहान को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं।



बड़सर के लक्की ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

सालगिरह मुबारक



बद्दी के अभिषेक ठाकुर व तुलसी ठाकुर को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से बधाई।

# हिमाचल में बर्फबारी से छह एनएच सहित 241 सड़कें अवरुद्ध, 677 ट्रांसफार्मर ठप

- छह शहरों का पारा माइनस में
- राजधानी शिमला में सीजन की सबसे सर्द रही बुधवार की रात

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिन से लगातार बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश हो रही है। इससे राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। खराब मौसम ने अब दुश्वारियां बढ़ानी शुरू कर दी हैं। पहाड़ों पर भारी हिमपात के कारण सड़कें अवरुद्ध होने से कई इलाकों का संपर्क कट गया है। भारी बर्फबारी से शिमला जिले के ऊपरी इलाकों का राज्य मुख्यालय से संपर्क कट गया है।

कुफरी, फागु, नारकंडा, चौपाल और खड़ापत्थर जाने वाली सड़कें बंद पड़ गई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक बर्फबारी से छह नेशनल हाई-वे सहित 241 सड़कें अवरुद्ध हैं। साथ ही 677 ट्रांसफार्मर ठप होने से कई जगह बिजली गुल हो गई है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में सबसे ज्यादा 139 सड़कें बंद हैं। इनमें लाहौल मंडल की 86, उदयपुर मंडल की 48 और स्पीति मंडल की छह सड़कें शामिल हैं। चंबा जिले में 38, किन्नौर में 25, मंडी में 14, शिमला में 13, कुल्लू में तीन और कांगड़ा में एक सड़क अवरुद्ध है। कुल्लू में तीन और किन्नौर व लाहौल-स्पीति में एक-एक नेशनल हाई-वे भी बर्फबारी से बंद है। इस बारिश-बर्फबारी से चंबा जिले में 237 और कुल्लू में 151 बिजली ट्रांसफार्मर ठप पड़ गए हैं। इसी तरह लाहौल-स्पीति में 132, मंडी में 77, ऊना में 72 और किन्नौर में आठ ट्रांसफार्मर बंद हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में दो फरवरी को बर्फबारी का येलो अलर्ट रहेगा। इस दौरान पहाड़ी इलाकों शिमला, चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू जिलों में बर्फबारी का क्रम जारी रहेगा। मैदानों में भी बारिश से राहत मिलने के आसार हैं। तीन व चार फरवरी को मौसम फिर खराब रहेगा, लेकिन इस दौरान कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

**24 घंटों में 0.9 डिग्री लुढ़का राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान**

**पर्यटन** नगरी मनाली बर्फ से लकदक हो गई है। यहां सीजन की पहली भारी बर्फबारी हुई है। बारिश-बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। पूरा प्रदेश भीषण शीतलहर की जद में आ गया है। बीते 24 घंटों में राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री लुढ़क गया।

**न्यूनतम तापमान**

| | |
|---|---|
| शिमला | 1.8 |
| कुकुमसेरी | -3.1 |
| कल्पा | -2.4 |
| समधो | -2.1 |
| नारकंडा | -2.1 |
| रिकांगपिओ | -0.2 |
| मनाली | -0.1 |
| धर्मशाला | 4.2 |

**कहां कितनी मिलीमीटर बारिश**

| | |
|---|---|
| शिमला | 16.3 |
| भुंतर | 32.9 |
| धर्मशाला | 15.2 |
| ऊना | 21.8 |
| पालमपुर | 24.4 |
| मंडी | 22.8 |
| सराहन | 24 |




गुरुवार को हुई ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी पहाड़ों की रानी का मनमोहक नजारा। फोटो : प्रदीप कुमार

**कहां कितनी बर्फबारी**

| | |
|---|---|
| मनाली ( कुल्लू ) | 15 इंच |
| जलोड़ी जोत ( कुल्लू ) | 7 इंच |
| लाहौल-स्पीति ( केलांग ) | 13 इंच |
| तिंदी ( केलांग ) | 10 इंच |
| उदयपुर ( केलांग ) | 7 इंच |
| झालमा ( केलांग ) | 7 इंच |
| कमरूनाग ( मंडी ) | 1.5 फुट |
| शिकारी देवी ( मंडी ) | 2 फुट |
| पराशर झील ( मंडी ) | 1 फुट |
| चंचल ( शिमला ) | 1.5 फुट |
| खिड़की ( शिमला ) | 5 इंच |
| कुफरी ( शिमला ) | 2 इंच |
| नोहरा धार ( सिरमौर ) | 10 इंच |
| पांगी ( चंबा ) | 10 इंच |
| भटियात ( चंबा ) | 10 इंच |
| भरमौर ( चंबा ) | 2 इंच |
| भटियात ( चंबा ) | 10 इंच |
| बड़ा भंगाल ( कांगड़ा ) | 12 इंच |
| बीड़ बिलिंग ( कांगड़ा ) | 5 इंच |
| कल्पा ( किनौर ) | 5 इंच |
| छितकुल ( किनौर ) | 5 इंच |
| सांगला ( किनौर ) | 5 इंच |

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में संपादकीय, डिजिटल मीडिया, मार्केटिंग और सर्कुलेशन विभाग में अनुभवी स्टाफ चाहिए। वेतन योग्यतानुसार।

'अनंत ज्ञान' को प्रदेश में 100 जुझारू और ऊर्जावान युवाओं की जरूरत है। न्यूनतम योग्यता आठवीं पास हो। आवेदन जल्द से जल्द करें।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर : 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# तीन माह में 89091 इंतकाल और 6029 तकसीम के मामलों का हुआ निपटाराः सीएम

## बोले- प्रदेश सरकार आमजन को राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में पहली बार आयोजित की जा रही राजस्व लोक अदालतों से लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। राज्य में गत लगभग तीन माह में विशेष अभियान के दौरान इन अदालतों के माध्यम से इंतकाल के रिकॉर्ड 89091 मामले और तकसीम के 6029 लंबित मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनवरी माह में ही विभिन्न राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से इंतकाल के 23159 मामले और तकसीम के 1958 मामलों का निपटारा किया गया।

जनवरी माह के दौरान इंतकाल मामलों का निपटारा करने में प्रदेश का जिला कांगड़ा अग्रणी रहा। यहां 6121 इंतकाल के मामलों का निपटारा किया गया। जिला मंडी में इंतकाल के 3212 मामले और जिला ऊना में 2289 इंतकाल मामलों का निपटान किया गया। इसके अतिरिक्त जिला ऊना में तकसीम के रिकॉर्ड 543 मामले निपटाए गए। जिला कांगड़ा में तकसीम के 464 और जिला मंडी में 303 मामले निपटाए गए। प्रदेश सरकार राजस्व के लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



शिमला में पहली बर्फबारी के बाद मुख्यमंत्री वीरवार सुबह अपने आधिकारिक आवास ओक ओवर से प्रदेश कांग्रेस पार्टी कार्यालय राजीव भवन के लिए पैदल निकले।

**अक्तूबर 2023 से शुरू की विशेष लोक अदालतें**

**प्रदेश** में 30 अक्तूबर, 2023 से विशेष राजस्व लोक अदालतों का आयोजन शुरू किया गया और लोगों को बड़े स्तर पर राहत के दृष्टिगत अब हर माह के अंतिम दो दिवस में इन लोक अदालतों को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य लंबित राजस्व मामलों का समाधान सुनिश्चित करना है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने वेटलैंड के संरक्षण का किया आह्वान

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व वेटलैंड दिवस के उपलक्ष्य पर पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के दृष्टिगत वेटलैंड के संरक्षण का आह्वान किया है। यह आर्द्र भूमि क्षेत्र इस संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से हिमाचल में स्थित रामसर स्थलों एवं अन्य वेटलैंड क्षेत्रों के संरक्षण के लिए सक्रिय सहयोग का भी आग्रह किया। इस वर्ष विश्व वेटलैंड दिवस की विषय-वस्तु आर्द्र भूमि और मानव कल्याण रखी गई है। इस दिवस का आयोजन दो फरवरी, 1971 को ईरान के रामसर शहर में वेटलैंड के अंतरराष्ट्रीय महत्व पर आयोजित सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित रामसर समझौते के उपलक्ष्य में वर्ष 1997 से किया जा रहा है। वेटलैंड समाज को पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं। इनमें ताजा जल, पानी में से नुकसानदायक अपशिष्ट को छानकर इसे पीने के लिए शुद्ध बनाते हैं। वर्तमान में प्रदेश में स्थित पौंग बांध, रेणुका और चंद्रताल झील अंतरराष्ट्रीय महत्व के रामसर स्थलों में शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा रिवालसर और खजियार झील को राष्ट्रीय महत्व के वेटलैंड के रूप में शामिल किया गया है। हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण द्वारा वन, शिक्षा, पर्यटन, मत्स्य पालन विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर गोबिंद सागर झील, पौंग बांध एवं रेणुका वेटलैंड सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंडी जिला के रिवालसर में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जा रहा है।

**वायरल वीडियो**




चंबा के विधानसभा क्षेत्र चुराह की पंचायत जसोरगढ़ के गांव चंदडी से संबंध रखने वाले ज्ञान चंद का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। युवक का कहना है कि वह प्रतिदिन ठंडे पानी से नहाता है। बता दें कि दो दिनों से चुराह क्षेत्र में लगातार बर्फबारी हो रही है और इसी बर्फबारी के बीच ठंडे पानी से नहाते इस युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

**न्यूज ब्रीफ**



केदारनाथ धाम में बर्फबारी का नजारा, यहां अब तक तीन फुट तक बर्फ जम गई है।

### राशनकार्ड को आधार से जोड़ने की तारीख 29 फरवरी तक बढ़ी

**शिमला।** राशनकार्ड को आधार संख्या से जोड़ने की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। अब उपभोक्ता आगामी 29 फरवरी तक राशनकार्ड को आधार से लिंक कर सकते हैं। ऐसा न करने पर राशन कार्ड को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया जाएगा तथा आधार उपलब्ध करवाने पर ही पुनः शुरू किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### टॉप 50 मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में सिरमौर का तिरुपति ग्रुप भी शामिल

**पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर की जानी-मानी दवा निर्माता कंपनी तिरुपति ग्रुप ने लगातार दो बार ग्रेट प्लेस टू वर्क का खिताब अपने नाम किया है। बता दें कि तिरुपति ग्रुप अब भारत के टॉप बेस्ट 50 वर्कप्लेस मैन्युफैक्चरिंग 2024 की सूची में शामिल हो गया है। जीपीटीडब्लू इंस्टीच्यूट ने तिरुपति ग्रुप को यह खिताब दिया है। इस खिताबी दौड़ में रिलायंस इंडस्ट्रीज, पेप्सिको, महिंद्रा, बजाज, बालको, डो केमिकल, हैवल्स जैसे बड़े-बड़े नाम शामिल थे। तिरुपति ग्रुप के सीईओ अशोक गोयल इस उपलब्धि से बहुत खुश हैं तथा इस उपलब्धि का सारा श्रेय उन्होंने अपने कंपनी के कर्मचारियों को दिया है।

### सीएम ने गुरमीत सिंह पुरेवाल के निधन पर जताया शोक

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उद्योगपति गुरमीत सिंह पुरेवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया। उनका बुधवार को निधन हो गया। वह 96 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि साठ के दशक में गुरमीत सिंह पुरेवाल ने पूरेवाल घड़ियों के साथ हिमाचल में उद्योग स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने प्रदेश के हजारों युवाओं को अपनी औद्योगिक इकाइयों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।



बर्फबारी के बाद रिज पर टहलते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

## सरकार से भिड़ने के मूड में राजेंद्र राणा, सुक्खू सरकार पर छोड़ा सियासी तीर

# भंग आयोग को बहाल करे सरकार

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर



सूबे में अपनी ही सरकार पर एक बार फिर सुजानपुर के कांग्रेसी और सरकार से नाराज चल रहे विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तीन मसलों के जरिए एक और सियासी तीर छोड़ा है।

इस बार मसला बेरोजगार युवाओं, करुणा मूलक आधार पर नौकरियां देने और सुजानपुर की जनता की समस्याओं और मुख्यमंत्री की घोषणाओं से जुड़ा हुआ है। हमीरपुर के भंग किए गए हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग की बहाली और अपने गृह विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर के लोगों के साथ मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की याद राणा ने सीएम सुक्खू को करवाई है। भले ही यह मुद्दे तर्क संगत लग रहे हों, लेकिन अंदाज में राणा ने निश्चित रूप से हिमाचल की अपनी ही सुक्खू सरकार को मुकम्मल तौर पर निशाने पर खड़ा कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के हिमाचल दौरे से पहले भी कुछ और घटनाक्रम होने की संभावना जताई जा रही है। अब देखना यही है कि राजेंद्र राणा के पत्र और इस तरह के माहौल के बीच कांग्रेस के अंदर का माहौल क्या करवट लेगा। क्योंकि अगले सप्ताह के अंत में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हिमाचल आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**कार्यप्रणाली पर सवाल**

**राणा** ने पत्र में कहा है कि सवा साल से प्रदेश के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा सरकारी नौकरी की उम्मीदें पाले हुए हैं, लेकिन इस पर काम नहीं हो रहा। आयोग को फौरी तौर पर वहाल करके युवाओं के नौकरी के रास्तों को खोला जाए। दरअसल में मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करने पर राणा सरकार से तो नाराज हैं ही, हमीरपुर के राजनीतिक सलाहकार और कैबिनेट रैंक प्राप्त सुनील बिट्टू के जरिए वे सीएम पर हमला बोल चुके हैं।

**सीएम को भेजी ई-मेल**

विधायक राणा ने सीएम को दो पेज का जो पत्र ई-मेल किया है, उसे सोशल मीडिया पर भी डाला गया है। इस पत्र में केवल तीन ही मुद्दे उठाए गए हैं, जिसमें सुजानपुर की जनता के साथ किए गए वादों और घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की बात कही गई है। पहला मुद्दा आयोग की भर्तियों से जुड़ा हुआ है, दूसरे में करुणा मूलक आधार पर नौकरी देने में हो रही देरी का है और तीसरे मुद्दे में सुजानपुर की जनता के साथ किए गए वादे और मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को जल्दी अमली जामा पहनाने की तरफ इशारा किया गया है।

# निवेशकों के साथ किए 2600 करोड़ के समझौतों पर हस्ताक्षर



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के नेतृत्व में यूएई में प्रतिनिधिमंडल।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- निवेशक अनुकूल वातावरण बनाना सरकार का लक्ष्य

हिमाचल प्रदेश सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात में एनआरआई के साथ निवेश के अवसरों के लिए रणनीतिक बातचीत शुरू की। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल यूएई निकाय और एक प्रयास अपनों के लिए संगठन के सदस्यों के साथ सार्थक चर्चा की। व्यापक विचार-विमर्श के बाद और हिमाचल यूएई निकाय और एक प्रयास अपनों के लिए संगठन के आदेश पर यह पारस्परिक रूप से स्वीकार किया गया कि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए सभी एनआरआई हिमाचलियों के साथ निरंतर बातचीत की तत्काल आवश्यकता है। उद्योग मंत्री ने निकट भविष्य में हिमाचल प्रदेश में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लक्ष्य के साथ, राज्य में निवेश में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गतिशील नेतृत्व में सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रमुख सचिव उद्योग आरडी नजीम ने बताया कि एमओयू में आरएस की राशि शामिल है। 2600 करोड़ इस यात्रा के दौरान एचआईएम की अध्यक्षता में विभिन्न क्षेत्रों के निवेशकों के साथ हस्ताक्षर किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त उद्योग निदेशक ने सिंगल विंडो पोर्टल के भीतर कुशल जनशक्ति उपलब्धता के प्रावधानों को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। उद्योग मंत्री ने राज्य में निवेश को आकर्षित करने और बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए इन पहलों का उत्साहपूर्वक समर्थन किया है। इन सुविधाओं को सिंगल विंडो पोर्टल में शामिल करके, सरकार का लक्ष्य एक अधिक निवेशक अनुकूल वातावरण बनाना है, जो संभावित निवेशकों के सामने आने वाली चुनौतियों का व्यापक समाधान प्रदान करता है। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में आर्थिक विकास में तेजी लाने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और सतत विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

इस पहल में चंद्र शेखर विधायक, आरडी नजीम आईएएस सचिव उद्योग, राकेश कुमार प्रजापति उद्योग निदेशक, तिलक राज शर्मा अतिरिक्त निदेशक उद्योग, मुनीष गुप्ता निदेशक एवं सीएफओ प्राइमसोफिक टेक्नोलॉजीज, मोनिका शर्मा, बालकृष्ण सिंह, पंकज चांटा, डॉ. राजेश गुप्ता, संजय शर्मा, पारस अरोड़ा व दिनेश चौहान शामिल रहे।

**मसला** राजनीतिक संरक्षण के चलते निगम कार्यालयों में हैं तैनात, 444 पद अभी भी खाली

# एचआरटीसी में 373 कंडक्टरों की मौज

अरविंद शर्मा, शिमला

अनंत ज्ञान स्पैशल

हिमाचल पथ परिवहन निगम में बतौर कंडक्टर भर्ती हुए 373 लोगों की मौज चल रही है। इनमें 283 पुरुष और 90 महिला कंडक्टर शामिल हैं। यह सभी कंडक्टर हालांकि निगम की बसों में सेवाएं देने के लिए तैनात किए गए थे, लेकिन इनसे निगम की बसों में सेवाएं लेने के बजाय निगम के कार्यालयों में सेवाएं ली जा रही हैं। इनसे निगम में बतौर कंडक्टर भर्ती हुए 373 लोगों को बसों में ड्यूटी देने के लिए 18 जनवरी को परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई बीओडी की बैठक में भी मामला उठाया गया था, लेकिन इनकी बसों में तैनाती को लेकर कोई निर्णय निगम अभी तक नहीं निकाल पाया है।

इन परिचालकों को राजनीतिक संरक्षण के चलते बसों में तैनात करना निगम प्रबंधन के लिए भी टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। राज्य के बड़े राजनीतिज्ञों से संबंधों के चलते इनकी बसों में तैनाती नहीं हो पा रही है। बीते लंबे समय से इनती भारी संख्या में कंडक्टरों के होते हुए भी निगम में परिचालकों के कमी पूरी नहीं हो पा रही है, जिसके चलते कई रूटों में बसों की सेवाएं नहीं दी जा रही है। जनता की सेवा के लिए चलाई जा रही परिवहन निगम में जनता के बजाय कंडक्टरों की समस्याओं की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

हालांकि निगम में कई परिचालक हैं, जो कि बतौर क्लर्क सेवाएं देने की योग्यता को पूरा कर रहे हैं और ऐसे में वह भी आफिसों में ड्यूटी देने के लिए अपनी राहें खोज रहे हैं, लेकिन इसी तरह से राजनीतिक संरक्षण के चलते निगम में बसों के बजाय परिचालकों को आफिसों में सेवाएं ली जाती रहीं तो करोड़ों के घाटे में चल रहे निगम में आगामी समय में बसों का संचालन करना भी मुश्किल हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

**लंबे अर्से से नहीं हो पा रही क्लर्कों की भर्ती**

**निगम** में कुछ परिचालकों को बीमारी के चलते भी निगम प्रबंधन द्वारा ऑफिसों में तैनाती दी गई है और उनसे ऑफिस का कार्य लिया जा रहा है, लेकिन अधिकांश कंडक्टर ऐसे भी हैं, जो केवल और केवल राजनीतिक संरक्षण के चलते आफिसों में तैनात हैं, इनकी तैनाती के चलते निगम के विभिन्न ऑफिसों में क्लर्कों की भर्ती भी नहीं हो पा रही है।

> 18 जनवरी को एचआरटीसी बीओडी की बैठक में ऑफिसों में तैनात कंडक्टरों को बसों में तैनात करने के लिए करने मामला उठाया गया था कि इन परिचालकों को बसों में लगाया जाए।
>
> **मंत्री मुकेश अग्निहोत्री**
> **उपमुख्यमंत्री व प्रदेश परिवहन**

**परिचालकों की कमी से जूझ रहा परिवहन निगम**

**बीते** लंबे समय से परिवहन निगम परिचालकों की कमी से जूझ रहा है। निगम में 444 कंडक्टरों के पद खाली हैं, जिनमें 360 पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए हाल ही में कमीशन द्वारा लिखित परीक्षा ली जा चुकी है। वहीं, दूसरी और निगम में पहले से भर्ती कंडक्टरों को ऑफिसों में तैनात किया गया है, जिन्हें बसों में भेजने के लिए बीओडी में मामले को उठाया गया है।

**परिवहन निगम में 3950 कंडक्टर तैनात**

**परिवहन** निगम में 3950 कंडक्टर तैनात हैं, जिनमें से 373 कंडक्टरों से ऑफिसों में सेवाएं ली जा रही हैं। इसके अलावा अन्य परिचालकों से बसों में सेवाएं ली जा रही हैं। आफिसों में तैनात कंडक्टरों के चलते निगम के कई रूट भी प्रभावित हो रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एनडीआरएफ के तहत 72 करोड़ की राशि जारी

**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत 72 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। यह राशि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत पर व्यय की जाएगी तथा इसके तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। चालू वित्त वर्ष में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न मंडलों को इस आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार व मरम्मत के लिए एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ के तहत अभी तक 259 करोड़ रुपए की निधि जारी की जा चुकी है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त मुख्य सड़कें रिकॉर्ड समय में बहाल की गईं। विशेष तौर पर विभाग ने सेब बहुल क्षेत्रों में सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया, जिससे सेब उत्पादकों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा हुई।

### बजट गरीबों को निचोड़ने वाला : सीपीआईएम

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सीपीआईएम राज्य कमेटी ने केंद्र सरकार का अंतरिम बजट गरीबों को और ज्यादा निचोड़ने वाला और अमीरों को और अमीर बनाने वाला बताया है। सीपीआईएम के सचिव डॉक्टर ओंकार शाद ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि यह बजट साफ रूप से दर्शाता है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। खासकर मेहनतकश जनता के लिए मोदी सरकार ने विकास की अवधारना इस तरह से बनाई है, जिसमें अमीर को अमीर तथा गरीब को गरीब बनाना है। ओंकार शाद ने कहा कि कम वृद्धि के चलते सरकार ने लाभों को इस तरह से मोड़ा ताकि तेजी से बड़े व्यापार, अमीर तथा धन दौलत वालों की आय ज्यादा बढ़े। कॉरपोरेट कर तथा आय कर से जो आय बढी है उसका मुख्य कारण है कि अमीरों का कुल आय में शेयर बढ़ा है। कृषि, बागवानी, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण में बजट कम रखा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना व पीएम पोषण योजना के लिए खर्च 2022-2023 के खर्चों से कम रखा है। महिलाओ, बच्चों, मनरेगा व शहरी विकास के लिए खर्चों में कटौती की गई है।

### मृत अवस्था में मिला नेपाली मूल का व्यक्ति

**शिमला।** लोअर खलीनी में एक नेपाली मूल का व्यक्ति मृत अवस्था में मिला है। मृत व्यक्ति लोअर खलीनी में हनुमान मंदिर के समीप रहता था और शिमला में मिस्त्री का काम करता था, जिसकी पहचान राजू पुत्र स्वर्गीय तेंबा लांबा के रूप में की गई है। राजू कि उम्र 55 साल थी और वो खलीनी में अकेला रहता था। शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया और पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। इससे पहले भी राजधानी शिमला में इस तरह की वारदातें पेश आई हैं और अब एक दोबारा हादसा होने से लोग दहशत में आ गए हैं। सुबह स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी अस्पताल भेज दिया। राजू का भतीजा न्यू शिमला में रहता है, जिसने शव कि पहचान की। पुलिस से पर्याप्त जानकारी से पता चला कि रात को राजू ने अधिक मात्रा मदिरा पान कर किया था, जिस कारण वो नशे में पूरी रात खलीनी के जंगल में ही पड़ा रहा। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच से लग रहा है कि राजू की मृत्यु ठंड के कारण हुई है। बाकी कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद होगा।

# बर्फबारी से अपर शिमला में जन जीवन अस्त-व्यस्त

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला**

बर्फबारी से अपर शिमला में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अपर शिमला नारकंडा, चौपाल, ठियोग, रोहड़ू, रामपुर सहित अन्य क्षेत्रों में काफी ज्यादा बर्फबारी हुई है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। शिमला डिवीजन में परिवहन निगम के 103 रूट प्रभावित हुए हैं। अपर शिमला में दूध, ब्रेड व अन्य चीजों की सप्लाई भी नहीं हो पाई है। वीरवार को सुबह से ही रुक-रुक कर शिमला में बर्फबारी हुई। अपर शिमला के लिए तो बसों की आवाजाही भी पूरी तरह से बंद हुई, लेकिन शिमला शहर में बसे चलती रही।यहां तक कुछ लोगों को बर्फबारी से परेशानी जरूर हुई, लेकिन लोगों का मानना है कि बर्फबारी का होना काफी जरूरी था। बर्फबारी से जहां किसान व बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं पर्यटक कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। बर्फ देखने की चाह में शिमला की ओर काफी पर्यटक रुख कर रहे हैं।

दूसरे दिन सुबह से शाम तक रुक-रुक कर हो रही बर्फबारी

**103** रूट शिमला डिवीजन में निगम के हुए प्रभावित

**40** वाहन पुलिस ने रात दो बजे तक निकाले सुरक्षित

**100** के करीब लेबर बर्फबारी के दौरान कर रही काम

**2500** वाहन बर्फ देखने की चाह में एक दिन में शिमला में एंटर हुए। शिमला के रिज मैदान पर बर्फबारी के बीच पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों ने जमकर मस्ती की। ऐसे में होटल कारोबारियों को भी इससे काफी फायदा होगा।


राजधानी में वीरवार को हुई ताजा बर्फबारी के दौरान रिज पर चहलकदमी करते लोग।

### अस्पताल पहुंचने में हुई परेशानी

बर्फबारी के चलते मरीजों को अस्पताल पहुंचने में काफी दिक्कतें हुईं। सुबह के समय बर्फबारी हुई। ऐसे में बुजुर्ग मरीजों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो गया। ठंड अधिक होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बर्फ हटाने के लिए फील्ड में उतरे एमसी के अधिकारी और कर्मचारी

राजधानी शिमला में वीरवार को जमकर बर्फबारी हुई। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने फील्ड मे उतरकर कार्य किया। शहर के विभिन्न वार्डों मे जाकर अधिकारियों और कर्मचारियों ने बर्फ हटाई। नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने भी फील्ड में उतरकर बर्फ हटाने का काम किया। बर्फ हटाने के लिए शहर में चार रोबोर्ट का प्रयोग किया गया। शहर के कई वार्ड ऐसे है, जहां जेसीबी नहीं जा सकती है, ऐसे स्थानों में रोबोट का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को भी बर्फ हटाने के लिए प्रयोग किया गया। पर्यटकों और शहरवासियों को परेशानी न हो इसके लिए नगर निगम ने पहले से ही तैयारियां कर ली थी। ऐतेहासिक रिज मैदान पर 24 घंटे बर्फ हटाने के लिए नगर निगम की गाड़ी लगाई गई। शहर के हर क्षेत्र में जेसीबी और रोबोट तैनात कर दिए है। बर्फबारी के दौरान 100 के करीब लेबर शहर में काम कर रही है।

### एचआरटीसी की कहां कितनी बसें हुई बाधित

नाहन के लिए वीरवार को हालांकि निगम की बसों का संचालन सुचारु रहा, वहीं शिमला लोकल से पांच रूट प्रभावित हुए। इस दौरान शिमला ग्रामीण के 12 रूट, सोलन के तीन, करसोग के 16, रोहड़ू के 22, तारादेवी नेरवा डिपो के 15, रिकांगपियो के 11 बस रूट प्रभावित हुए हैं। लंबे से समय से राज्य में बारिश और बर्फबारी का इंतजार कर रहे किसान और बागवानों को जहां बारिश और बर्फबारी से भारी राहत मिली है, वहीं पर एचआरटीसी सहित निजी बस ऑपरेटरों व टैक्सी संचालकों के लिए बर्फबारी होने के चलते नुकसान का भी सामना करना पड़ रहा है। बर्फबारी के चलते निगम के करीब 103 बस रूट प्रभावित हुए हैं। सुबह के समय से ही कुफरी से आगे बसों का संचालन होना मुश्किल भरा हो रहा था, वहीं पर दोपहर के समय शुरू हुई बर्फबारी से शहर में दिन के समय यातायात बाधित हुआ। इस दौरान कई सड़कें बर्फबारी के चलते बाधित हुईं। इस दौरान निगम सहित निजी बसों का संचालन भी समय सारणी के अनुसार नहीं हो सका। शिमला डवीजन में इस दौरान कई बसों का समय से संचालन नहीं हो सका वहीं अपर अप्पर शिमला के लिए यातायात पूरी तरह से बंद रहा।

### पर्यटक बोले- बर्फ गिरने से हमारा आना हुआ सफल



मैं पहली बार शिमला शहर मे आई हूं। मेरा शिमला आने का लक्ष्य था कि मैं बर्फबारी होते हुए देख सकूं। इससे पहले मैंने कभी भी बर्फबारी नहीं देखी। **-स्वाती।**

शिमला मेरा ड्रीम प्लेस है। मेरा बचपन का सपना था कि मैं शिमला जाकर बर्फ गिरता हुआ देख सकूं। बर्फबारी गिरने से मेरा सपना पूरा हो गया। **-आशीष**

शादी के बाद पहली बार मुझे शिमला आना था, मेरी शादी को अभी एक हफ्ता हुआ है। छुट्टियां मनाने के लिए हम शिमला आए। बर्फ गिरने से हमारा यहां आना सफल हुआ। **-दीपक और रूपा**





### बर्फबारी से निपटने के लिए स्पेशल तैयारियां कीं

बर्फबारी से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। बुधवार रात दो बजे तक पुलिस ने कुफरी से 40 के करीब वाहन को सुरक्षित निकाला है। पुलिस ने बर्फबारी से निपटने के लिए स्पेशल तैयारियां की है। किसी भी पर्यटक व स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

### रोहड़ू डिपो के अंतर्गत सभी रूट बाधित

**रोहड़ू।** भारी हिमपात के चलते एचआरटीसी रोहड़ू डिपो के अंतर्गत सभी रूट बाधित हो गए हैं। रोहड़ू शिमला मुख्य मार्ग पर भी यातायात बुधवार रात से बंद हैं। जुब्बल, रोहड़ू, चिड़गांव व नावर क्षेत्र के लगभग सभी रूटों पर निगम की बस सेवाएं बंद हो गई हैं। निगम की पांच बसें ग्रामीण रुटों पर बर्फबारी में फंसी हैं।



### लेबर हॉस्टल में ठहराए एनडीआरएफ के जवान

बर्फबारी में यदि किसी भी प्रकार की समस्या होती है, तो उसके लिए एनडीआरएफ जवानों को सतर्क रहना होता है। इसके लिए नगर निगम ने एनडीआरएफ के जवानों को लेबर हॉस्टल में ठहराया हुआ है। बर्फबारी के लिए जिला प्रशासन की ओर से नई आधुनिक मशीनें लाई गई है ,जो नगर निगम इस्तेमाल कर सकता है।

नगर निगम ने बर्फबारी की पूरी तैयारी कर ली गई थी। शहर में चार रोबोट हैं, जिससे बर्फ हटाई जा रही है। वहीं एनडीआरएफ टीम भी पूरी तरह से तैयार है। इस बर्फबारी शहरवासियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए पूरा प्रयास किया गया है। सभी अधिकारी और कर्मचारी भी फील्ड में उतरकर कार्य कर रहे हैं।
**भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम शिमला।**

बर्फबारी से निपटने के लिए हमने तैयारियां पूरी की है। हमारे जवान सड़कों पर डटे हुए है। देर रात तक पुलिस के जवानों कुफरी से वाहनों को सुरक्षित निकाला है। अगर किसी भी पर्यटक या स्थानीय लोगों को बर्फबारी के बीच कोई दिक्कतें आती हैं, तो वह पुलिस से संपर्क करें पुलिस लोगों की सहायता के लिए एकदम तैयार है। पर्यटकों से गुजारिश है कि बर्फबारी के बीच न जाए।
**संजीव गांधी, एसपी शिमला।**

## आरडी परेड में शुभम ने एनएसएस की टुकड़ी का किया प्रतिनिधित्व


सुन्नी स्कूल के शुभम और यशिका गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने के उपरांत स्कूल के प्रधानाचार्य और अन्य अध्यापकों के संग विद्यालय प्रांगण में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुन्नी**

सुन्नी स्कूल के 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स यशिका और शुभम भंडारी ने गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संगठन की टुकड़ी का हिस्सा बन ऐतिहासिक रिज मैदान शिमला में राज्यपाल को सलामी दी।

राज्य स्तर पर 12 जिलों से 955 विद्यार्थियों का चयन मेगा कैंप के लिए किया गया था, जो विगत दिनों थानाकलां (ऊना) में आयोजित हुआ। इस दौरान कैंप में हिस्सा ले रहे इन समस्त स्वयंसेवियों से केवल 50 लड़के व 50 लड़कियों का चयन राज्यपाल को सलामी देने के लिए हुआ तथा परेड में इनका प्रदर्शन बेहतरीन हो उसके लिए लालपानी स्कूल, शिमला में इन्हें 18 जनवरी से प्रशिक्षण दिया गया। गणतंत्र दिवस में एनएसएस की टुकड़ी ने एतिहासिक रिज मैदान पर अपना शानदार प्रदर्शन किया। सुन्नी स्कूल के शुभम भंडारी ने एनएसएस की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व किया। इन बच्चों की सफलता के पीछे इनके माता-पिता का बहुत बड़ा योगदान है।

## बजट में स्वर्ण ऊर्जा को बढ़ावा, आयुष्मान भारत का बढ़ा दायरा: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्र सरकार का अंतरिम बजट आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया गया। शिमला आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है और हमारे लिए प्रसन्नता का विषय यह है कि उनके मजबूत नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। भारत के आगे बढ़ने के साथ-साथ, भारत की प्रतिष्ठा विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान के साथ खड़ी हुई है। निश्चित रूप से सभी बातों के लिए श्रेय जाता है, तो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

उन्होंने कहा कि धारा-70 हो या भव्य मंदिर भगवान राम के जन्मस्थान पर बना, गरीब कल्याण योजनाएं इन्फ्रास्ट्रक्चर और अंतरराष्ट्रीय नीती हर क्षेत्र में भारत ने बहुत बेहतरीन काम किया है और आज वोटन अकाउंट प्रस्तुत होने के पश्चात् इस बात के लिए भी आने वाले समय में जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं वो मोदी ने कहा है कि वो मोदी की गारंटी है, उनको पूरा करने की दिशा में हम सफल होंगे।


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### दो करोड़ मकान गरीब लोगों को दिए जाएंगे

भारत के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की सुविधा प्रदान करना यह भी बहुत बड़ा कार्य इस कालखंड में हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत करोड़ से ज्यादा मकान बनकर तैयार हुए हैं और पांच वर्षों में आने वाले समय के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया है कि दो करोड़ मकान गरीब लोगों को दिए जाएंगे। जीएसटी कलेक्शन में बेहतरीन काम होते हुए आगे बढ़ा और आज जीएसटी कलेक्शन दोगुना हो गया है इस बात का भी जिक्र आज के वोटन अंकाउट में प्रस्तुत किया गया है।

## कांग्रेस का एक साल कार्यकाल होने पर भी कार्यकर्ता निराश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार का एक साल से ज्यादा का कार्यकाल बीत गया है और प्रदेश की परिस्थिति किस प्रकार की बन गई है। कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं हो पा रहा है, कार्यकर्ता हताश और निराश हैं। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। सचिवालय के बाहर धरना दे रहे दृष्टिबाधित बच्चों के किस प्रकार का व्यवहार किया जा रहा है। यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है। एसएमसी वाले धरने पर बैठे हुए हैं और इसके अलावा सात कैटेगरी इस ऐसे मौसम में धरने पर प्रदर्शन में अलग-अलग जगह बैठे हैं। चाहे वो जेबीटी का मामला है, सुप्रीम कोर्ट से लड़ करके आए, लेकिन उसके बावजूद हाई कोर्ट ने कहा कि तीन महीने के अंदर इनकी नियुक्तियां की जाएं, लेकिन अभी तक टेस्ट होने के बावजूद भी उनका परिणाम नहीं निकाला जा रहा। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 13 महीने से सभी विकास कार्य रुके पड़े हैं, लोन लिया तो कहां जा रहा है।

## राज्य आबकारी, कराधान विभाग में 30 अधिकारियों के किए तबादले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग में सुक्खू सरकार ने फेरबदल किया है। सरकार की ओर से प्रधान सचिव राज्य कर एवं आबकारी विभाग भरत खेड़ा ने 30 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। वहीं आबकारी एवं कराधान विभाग ने 34 आबकारी एवं कराधान इंस्पेक्टर, सहायक राज्य कराधान एवं आबकारी अधिकारी, सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारी, राज्य आबकारी एवं कराधान अधिकारियों के तबादले किए हैं।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त डॉ. युनूस ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य आबकारी एवं कराधान नूरपुर के आयुक्त टिकम राम को हेडक्वार्टर शिमला जबकि हेडक्वार्टर शिमला से आयुक्त प्रीतपाल सिंह को नूरपुर भेजा गया है। सहायक आयुक्तों में भी भारी फेरबदल करते हुए अविनाश को नाहन से बीबीएन सर्कल-4 की जिम्मेदारी सौंपी है। पूनम ठाकुर को संजौली सर्कल शिमला से ईआईयू मुख्यालय शिमला, अनिल कुमार को ठियोग सर्कल शिमला से सुंदरनगर-1 जिला मंडी, संतोष कुमार को सद्भावना योजना शिमला से आबकारी विभाग सिरमौर, किरण गुप्ता को लोअर बाजार सर्कल शिमला से आबकारी एवं अन्य सरकारी कार्य सोलन भेजा गया है। प्रवीण ठाकुर को उत्पाद शुल्क एवं अन्य अधिकारी कार्य मंडी से नूरपुर सर्कल,




विजय कुमार को उत्पाद शुल्क-सह-जिला फ्लाइंग कुल्लू से करसोग मंडी, रोशन लाल को कुल्लू-1 से देहरा सर्कल कांगड़ा, ज्योति गुप्ता को उत्पाद शुल्क एवं अन्य अधिकारी कार्यालय हमीरपुर से अर्की धर्मपुर सर्कल जिला सोलन भेजा गया है। सागर दत्त को देहरा सर्कल कांगड़ा से कुल्लू-1, नवजोत शर्मा को डिप्टी एसटी एंड ईडी/शाला के कार्यालय में आबकारी कार्य कांगड़ा से परवाणू-1 सर्कल सोलन, धीरज महाजन को नूरपुर सर्कल से पांवटा सर्कल-1, अमन सोफत को उत्पाद शुल्क एवं अन्य कार्यालय ऊना से एसटी एंड ईडी बद्दी, सुरेंद्र कुमार को किन्नौर से संजौली सर्कल शिमला भेजा गया है। सचिन कुमार को परवाणू सर्कल सोलन से सद्भावना योजना शिमला, तुलसी राम को आबकारी एवं अन्य शासकीय कार्य सोलन से किन्नौर सर्कल, अंकुर ठाकुर को बद्दी-चार सर्कल बीबीएन से कालाअंब-1-नाहन-1 सिरमौर, दिव्या किशोर गौतम को नाहन-3 सराहां-राजगढ़-ददाहू सिरमौर से रामपुर सर्कल शिमला, संदीप अत्री को एक्साइज सर्कल सिरमौर से आबकारी विभाग डीसीएसटी एंड ई. धर्मशाला कांगड़ा, सुनील कुमार को सुंदरनगर-1 सर्कल मंडी से ठियोग सर्कल शिमला, रमेश कुमार को करसोग मंडी से उत्पाद शुल्क सह जिला फ्लाइंग कुल्लू भेजा गया है। पूजा ठाकुर को अर्की धर्मपुर सर्कल जिला सोलन से आबकारी मंडल मंडी, अमरजीत को एसटी एंड ईडी बद्दी से एक्साइज सर्कल मंडी, कर्ण सिंह को एसटी एंड ईडी बद्दी से उत्पाद शुल्क एवं अन्य कार्यालय ऊना, रविंद्र कुमार को सरकाघाट सर्कल मंडी से लोअर बाजार शिमला, शैलजा शर्मा को एक्साइज सर्कल मंडी से उत्पाद शुल्क एवं अन्य अधिकारी कार्यालय हमीरपुर भेजा गया है। विनोद कुमार को कांगड़ा सर्कल से फ्लाइंग स्क्वायड एसजैड परवाणू सोलन, मुकेश कुमार को डमटाल सर्कल नूरपुर से सद्भावना योजना सोलन, राजीव कुमार को गगरेट सर्कल ऊना से एक्साइज डिस्ट्रिक्ट फ्लाइंग-चंबा, रवि कुमार को एक्साइज डिस्ट्रिक्ट फ्लाइंग चंबा से गगरेट सर्कल ऊना भेजा गया है।

एचआरटीसी कर्मियों को चार माह से पहली को मिल रही सैलरी

## 45 महीने से लंबित नाइट ओवरटाइम की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लंबे अरसे से करोड़ों रुपए के घाटे की मार झेल रहे हिमाचल पथ परिवहन निगम में बीते चार माह से एक तारीख को वेतनमान मिलने से इन दिनों निगम कर्मचारियों में काफी उत्साह है।

एचआरटीसी जेसीसी के चैयरमैन मानसिंह ने कहा कि निगम कर्मचारियों को बीते चार माह से निगम प्रबंधन के कड़े रुख के चलते पहली तारीख को वेतनमान देना सुनिश्चित हुआ है, जिससे निगम के चालकों और परिचालकों ने खुशी जताई है। वहीं, मानसिंह ने कहा कि बीते 45 माह से निगम के चालक परिचालकों का नाईट ओवरटाईम व अन्य देय भत्ते लंबित हैं। निगम में हालांकि इतने लंबे अंतराल में देय भत्ते लंबित नहीं रहे हैं, ऐसे में उन्होंने जेसीसी का चैयरमैन होने के नाते निगम प्रबंधन व परिवहन मंत्री से जल्द नाइट, ओवरटाईम और अन्य लंबित भत्तों को जारी करने की गुहार लगाई है। निगम के चालक परिचालकों के मेहनत से ही निगम की आय हो रही है। प्रदेशभर में तैनात निगम के 8000 चालक परिचालकों को जिस प्रकार से नियमित रूप से वेतनमान दिया जा रहा है।

**सुविधा** कॉलेज में अभी केवल छह स्मार्ट क्लास रूम हैं, स्मार्ट क्लासरूम होने से छात्राओं को पहुंचेगा फायदा

## आरकेएमवी में नए सत्र से बनेंगे स्मार्ट क्लास रूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला का एकमात्र सरकारी गर्ल्स कॉलेज आरकेएमवी में नए सत्र से सभी क्लास रूम को स्मार्ट बनाया जाएगा। इस कॉलेज में अभी केवल छह स्मार्ट क्लास रूम हैं।

स्मार्ट क्लासरूम होने से छात्राओं को भी फायदा पहुंचेगा और उनकी ऑनलाइन परीक्षा ली जाएगी। नैक टीम के निरीक्षण के बाद यह फैसला लिया गया। अगले सत्र से कॉलेज के सभी क्लास रूम स्मार्ट बना दिए जाएंगे, जिस भी विषय की कक्षा होगी। उसकी सारी डिटेल कंप्यूटर में ही होगी। इसमें छात्राओं की ऑनलाइन परीक्षा भी ली जाएगी। इसके शुरू होने से छात्राओं को अपना विषय समझने में आसानी होगी। साथ ही सभी विषय के बारे में पूरी जानकारी होगी। छात्राओं को चित्र के माध्यम से सारा स्लेबस समझाया जाएगा। स्मार्ट क्लास से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शुरू



किया जाना प्रस्तावित है। हर कक्षा में प्रोजेक्टर लगाकर बच्चों को पढ़ाने का पूरा तरीका बदला जाना प्रस्तावित है। स्मार्ट क्लास रूम से फोटोग्राफ, फ्लो चार्ट, वीडियो स्मार्ट प्रौद्योगिकी तत्वों का उपयोग करके दृश्य शिक्षण अत्यधिक प्रभावी हैं। छात्राओं को किसी भी विषय को जल्द समझने में मदद मिलेगी।

### नए सत्र से शुरू होगा फैशन डिजाइनिंग का कोर्स

अब आरकेएमवी मे छात्राएं फैशन डिजाइनिंग का कोर्स भी कर सकेंगी। कॉलेज प्रशासन की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए 40 सीटें रखने का फैसला लिया गया है। इसमें से तीस सीटें सब्सिडाइज्ड व 10 सीटें मैनेजमेंट कोटे की होंगी। साथ ही छात्राओं को ये कोर्स करने के लिए निजी संस्थानों में हजारों रुपए की फीस नहीं देनी होगी। घर के पास ही ये छात्राएं अपना कोर्स पूरा कर सकेंगी। कोर्स के शुरू होने से छात्राओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे। वर्तमान में शिमला की छात्राओं को राज्य के बाहर ही इस प्रोफेशनल कोर्स की पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है।

### पढ़ाई की ओर होंगे आकर्षित

विद्यार्थी अब किताबों से ज्यादा न पढ़कर ऑनलाइन पढ़ना पसंद करते हैं। नए तरीके से पढ़ाई होने के बाद छात्राएं इसमें पहले के मुकाबले ज्यादा रुचि दिखा सकती हैं। इसका असर कॉलेज के रिजल्ट पर छात्राओं के भविष्य पर भी सकारात्मक तौर पर पड़ता दिखेगा।

नए सत्र में कॉलेज में सभी क्लास रूम को स्मार्ट क्लास रूम बनाया जाएगा। अभी कॉलेज के छह क्लास रूम स्मार्ट हैं, लेकिन आने वाले सत्र में सभी क्लास रूम को स्मार्ट कर दिया जाएगा। इसके शुरू होने से यहां पर छात्राओं को फायदा होगा और ज्यादा विद्यार्थी यहां पढ़ने आएंगी। नए सत्र में नए कोर्स से भी छात्राएं यहां पर आएंगी।
**डॉ. गोपाल चौहान कॉलेज प्राचार्य।**

## अनुपम ने संभाला डीसी का कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनुपम कश्यप ने वीरवार को शिमला के उपायुक्त का पदभार संभाल लिया है। अनुपम कश्यप वर्ष 2014 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं और उपायुक्त शिमला से पूर्व वह निदेशक परिवहन के पद पर आसीन थे।

इसके अतिरिक्त पूर्व में वह अनेक महत्वपूर्ण विभागों तथा सरकारी संस्थानों में सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। उपायुक्त शिमला का पदभार संभालने के उपरांत कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को गति प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी, ताकि इन योजनाओं का लाभ लक्षित वर्गों को प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा की।

### प्रवासी मजदूरों को अपनी पहचान करवाना जरूरी



**शिमला।** डीसी शिमला ने वीरवार को मानव जीवन एवं सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा के लिए एक आदेश जारी किया। कोई भी नियोक्ता, ठेकेदार व व्यापारी जिला शिमला में आने वाले किसी भी प्रवासी मजदूर को छोटी-मोटी, गैर-औपचारिक नौकरी या सेवा या अनुबंध श्रम में नहीं लगाएंगे, जब तक ऐसे प्रवासी मजदूर संबंधित स्टेशन हाउस ऑफिसर के पास जाकर पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ अपना विवरण प्रस्तुत नहीं करते हैं। अगर कोई भी व्यक्ति आदेशों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल मे ली जाएगी।

### 10 स्थानों पर धरना-प्रदर्शन करने पर रोक

**शिमला।** राजधानी शिमला मे जिला दंडाधिकारी ने वीरवार को शहर के 10 स्थानों को चिन्हित किया, जहां पर धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाई गई। शिमला शहर के छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक, रेंडेजवॉयस रेस्तरां से रिवोली सिनेमा तक 150 मीटर दूरी तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से लिंक रोड छोटा शिमला कसुम्पटी रोड, उपायुक्त कार्यालय के ऊपर पुलिस गुमटी से लोअर बाजार की ओर 50 मीटर की दूरी तक सभी स्थलों पर सार्वजनिक बैठक आयोजित करने पर रोक लगा दी गई है । जुलूस व रैलियां निकालने, प्रदर्शन करने, नारे लगाने, बैंड बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है। यह आदेश पुलिस, अर्धसैनिक व सैन्य कर्मियों पर लागू नहीं होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल दो फरवरी को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल आज प्रातः 11 बजे सोलन के बड़ोग में नगर नियोजन विभाग द्वारा सोलन जिला की प्रारूप क्षेत्र योजना को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित हितग्राही परामर्श बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### डीएसी कोड पर ही मिलेगी गैस सप्लाई

**अर्की।** अपने फोन नंबर बदलने वाले उपमंडल के सभी गैस उपभोक्ताओं से गैस एजेंसी प्रभारी जगत गौतम ने अपील की है कि वे तुरंत एजेंसी में आकर अपना नंबर अपडेट करवा लें। उन्होंने बताया कि भविष्य में उपभोक्ताओं को गैस सप्लाई डीएसी कोड पर ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में गैस आपूर्ति आपूर्ति में रुकावट न हो, इसलिए शीघ्र फोन नंबर अपडेट करवा लें।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता को मिलेंगे दो लाख


प्रेसवार्ता कर प्रतियोगिता की जानकारी देते डायनामिक युवा मंडल के पदाधिकारी।

**नाहन।** डायनामिक युवा मंडल व सिरमौर यूथ एंड स्पोर्ट्स क्लब की ओर से नाहन में सिरमौर क्रिकेट कप टूर्नामेंट 2024 को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान डायनामिक युवा मंडल के अध्यक्ष ओपी ठाकुर ने खेल खेलो, नशा छोड़ो-खेलेगा युवा तो नशे से दूर रहेगा युवा थीम के अंतर्गत सिरमौर क्रिकेट कप टूर्नामेंट-2024 के बारे जानकारी साझा की है। ओपी ठाकुर ने कहा कि सिरमौर क्रिकेट कप का चौथा संस्करण 24 से 29 फरवरी तक नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित होगा। क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार दो लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 71 हजार, मैन ऑफ द सीरीज 43 इंच एलईडी टीवी, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट विकेट कीपर, बेस्ट फील्डर सहित अन्य पुरस्कार खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। इसमें पूरे प्रदेश, जिला सहित एवं अन्य राज्यों उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ इत्यादि दूसरे राज्यों कि टीमें भी भाग लेंगी। प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन एक फरवरी से शुरू हो गई है जो कि 20 फरवरी तक ही होगी। दूरदराज की टीमों के लिए ठहरने की मुफ्त व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाएगी।

### महिलाओं को कुपोषण पर किया जागरूक


पोषण अभियान में महिलाओं को जागरूक करने हुए विशेषज्ञ।

**बीबीएन।** ग्लेनमार्क फाउंडेशन की ओर से राजपुरा पंचायत में पोषण माह मनाया गया। पोषण अभियान का मुख्य उद्देश्य कुपोषण की समस्या पर प्राथमिकता के आधार पर काबू पाना है। ग्लेनमार्क फार्मा कंपनी से सुरिंद्र कपूर ने बताया कि सीएसआर एक्टिविटी के तहत इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पिछले 12 सालों से कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता पिंकी वर्मा ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य आम जन के बीच पोषण को लेकर जागरूकता पैदा करना है। इसके अतिरिक्त गर्भवती व शिशुओं को दूध पिलाने वाली माताओं की पहचान कर उन तक भी पहुंचने की तैयारी है। इसके तहत संस्था के स्वास्थ्य कार्यकर्ता पिंकी वर्मा, सुषमा शर्मा ओर ज्योति धीमान ने उचित पोषण का संदेश दिया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाले गतिविधियों सहित अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### सिंगल यूज प्लास्टिक जागरूकता अभियान शुरू


बहराल स्कूल के विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान गिनाते वक्ता।

**पांवटा साहिब।** सिंगल यूज प्लास्टिक के गंभीर दुष्परिणाम के बारे में युवा पीढ़ी को सचेत करने के उद्देश्य से राजकीय उच्च विद्यालय बहराल में जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अभियान की संयोजक स्मृति वर्मा ने प्लास्टिक कूड़े के निपटान संबंधी जानकारी बच्चों को दी। इस अभियान के प्रारंभ में रेनू गोस्वामी ने बच्चों से स्मृति वर्मा का परिचय करवाया। इस कार्यक्रम के दौरान स्मृति वर्मा ने बिच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो सबसे अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित करेगा, उसे वर्ष के अंत में सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्याध्यापक जीवन प्रकाश जोशी ने स्मृति वर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रेनू गोस्वामी, मनवीर कौर, मीनाक्षी राजपूत, सुरेंद्र कौर शशि कुमारी वीरेंद्र कुमार, सुदेश कुमार, श्यामलाल, इंद्रजीत कौर, गंगा देवी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मना मांजू विद्यालय का वार्षिकोत्सव


कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत विद्यार्थी गणमान्यों के साथ।

**अर्की।** उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांजू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा ने की। इस समारोह के मुख्यातिथि विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए भाषा अध्यापक चन्द्रमणी पाठक रहे, जबकि इसी विद्यालय से चतुर्थ श्रेणी से सेवानिवृत्त हुई मालती देवी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को सम्पूर्ण सत्र 2023-24 के तहत विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने व अव्वल आने पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी विद्यार्थियों को सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में इस समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक व प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में अभिभावकों के अलावा कई गणमान्य व स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

### बिल जमा नहीं करवाने पर कटेगी बिजली

**अर्की।** विद्युत उपमंडल अर्की के एसडीओ नीरज कतना ने बिजली बिल जमा न कराने वाले उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है कि पांच फरवरी तक यदि उन्होंने बिजली के बिल जमा नहीं कराए तो उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं ने अपने बिजली के बिल अब तक जमा नहीं कराए है। अब विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं को पांच फरवरी तक का समय दिया है। इसके बाद बिना किसी सूचना के उनकी बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी।

### हिंदू संवत्सर धूमधाम से मनाएगा हिंदू जागरण मंच


बैठक में उपस्थित मंच के कार्यकर्ता।

**अर्की।** हिंदू जागृति मंच अर्की की मासिक बैठक चामुंडा माता मंदिर परिसर अर्की में नवीन गुप्ता अध्यक्ष हिंदू जागरण मंच की अध्यक्षता में हुई । बैठक में सर्वप्रथम मंच की ओर से उन सभी संस्थाओं का धन्यवाद किया गया, जिन्होंने 'अक्षत कलश यात्रा','अक्षत वितरण कार्यक्रम', अयोध्या में 'श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सम्बंधित कार्यक्रम में सहयोग किया। बैठक में मंच के महासचिव योगेश वर्मा द्वारा मंच की सभी गतिविधियों की जानकारी दी गई। बैठक में मंच के कोषाध्यक्ष द्वारा 2022-23 का आय- व्यय का विवरण दिया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति चैत्र वर्ष प्रतिपदा तदानुसार 9 अप्रैल 2024 को हिन्दू भारतीय नववर्ष को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में योगेश वर्मा, आशीष मोदगिल, हेमंत शर्मा, डा.अरविन्द, हरीश गुप्ता, मस्तराम शर्मा सुरेंद्र शर्मा,हितेश गुप्ता महेंद्र गुप्ता,रविंद्र पॉल सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# राहत की बारिश, फसलों को देगी संजीवनी

## शीतलहर की चपेट में क्षेत्र, सोलन जिले में रबी की फसलों को अब तक हो चुका है करीब 50 लाख का नुकसान


बारिश में नहाया सोलन, वहीं होटल कारोबारियों को भी बर्फबारी का इंतजार था।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में दो दिन से हो रही बारिश से किसान-बागवानों ने राहत की सांस ली है। करीब तीन महीने के लंबे अंतराल के बाद बारिश हुई बारिश से आमजन को भी शुष्क ठंड से राहत मिली है। बारिश गेहूं, मटर, लहसुन और अन्य नकदी फसलों के लिए भी फायदेमंद साबित होगी।

लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसान-बागवानों के चेहरों पर भी बारिश से रौनक लौट गई। हालांकि, मौसम का मिजाज बिगड़ने से समूचा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में आ गया है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो सूखे के कारण फसलों को जो नुकसान हो चुका है, उसकी भरपाई तो नहीं होगी, पर बाकी बची फसल के लिए बारिश संजीवनी साबित होगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद है। पिछले दो माह में सबसे अधिक नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। आंकड़ों पर गौर करें तो गेहूं को 26 लाख, मटर को अढ़ाई लाख, अन्य सब्जियों को 7.33 लाख के करीब नुकसान सूखे के चलते हो चुका है। विभाग का कहना है कि वर्तमान में जिला सोलन में किसानों ने 24 हजार हेक्टेयर में फसलों की बिजाई की हुई है, जिसमें से सात हजार हेक्टेयर के करीब क्षेत्र सूखे की चपेट में आ गया है। जिले में अब तक 30 प्रतिशत गेहूं की फसल सूखे के चलते प्रभावित हो चुकी है। सोलन जिले में 21300 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती होती है। इसमें से 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बारिश पर निर्भर है, जबकि शेष क्षेत्र में सिंचाई की अच्छी सुविधा है। (अनंत ज्ञान)

### होटल कारोबारियों को बर्फबारी का इंतजार

**बेशक** बारिश से सूखे की स्थिति से राहत मिली है, पर सोलन सहित कसौली और चायल के होटल कारोबारियों को अभी भी बर्फबारी का इंतजार है। दरअसल शिमला और कुल्लू-मनाली में बर्फबारी होने से बाहरी राज्यों से पर्यटक सोलन के बजाए शिमला-मनाली का रुख कर रहे हैं।

### फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी

**नौणी** विवि के मौसम विभाग के मुताबिक यह बारिश फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी साबित होगी। गौर हो कि फसलों की बिजाई के बाद से किसान पिछले दो माह से बारिश का इंतजार कर रहे थे। सोलन जिले में पिछले लंबे समय से बारिश न होने के कारण सूखे की स्थिति बन गई थी। जिला में इन दिनों रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में है। जिला कृषि विभाग के मुताबिक इस रबी सीजन में पिछले दो माह के दौरान ही फसलों को 50 लाख का नुकसान हुआ है। कृषि विभाग ने जिले में विभिन्न फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट को कृषि निदेशक कार्यालय शिमला भेज दिया है, जहां से यह रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजी जाएगी।

> बारिश से सूखे की चपेट में आने वाली फसलों को लाभ होगा, पर सूखे के चलते जो नुकसान फसलों को हो चुका है, उसकी भरपाई इस बारिश से नहीं हो पाएगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब की फसल के लिए वरदान साबित होगी।
> **-डॉ. एसके भारद्वाज, कृषि विशेषज्ञ एवं मौसम विज्ञानी नौणी।**

## हरिपुरधार, नौहराधार में सीजन की पहली बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**


हरिपुरधार में ताजा गिरी बर्फ के बीच खेलने निकला बच्चा।

लंबे समय बाद आखिरकार नौहराधार व हरिपुरधार में वीरवार सुबह सीजन की पहली बर्फबारी शुरू हुई। बीती रात को इन क्षेत्रों में पहले बारिश का दौर शुरू हुआ। सुबह करीब नौ बजे से फिर से बर्फबारी शुरू हुई।

खबर लिखे जाने तक हरिपुरधार में दो इंच, नौहराधार व इसके आसपास के क्षेत्रो में तीन से छह इंच तक बर्फ गिर चुकी थी। जिले की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार में मंगलवार से लगातार बर्फबारी का दौर जारी है। चूड़धार में इस समय करीब एक फुट ताजा हिमपात दर्ज हो चुका है। क्षेत्र में हो रही बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठंड का प्रकोप अत्याधिक बढ़ गया है। कुछ क्षेत्रों में बेसहारा गोवंश भी ठंड मे ठिठुरते देखे गए। खबर लिखे जाने तक नौहराधार हरिपुरधार के बीच यातायात सुचारु रूप से जारी था।

### लंबे इंतजार के बाद बरसे मेघ

**राजगढ़।** तीन महीने के लंबे इंतजार के बाद बुधवार की देर रात से राजगढ़ के राहू मांदर, पझोता, परगेल, डिमण, बधोरली, कारली, हाब्बन, शाठी आदि क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। इससे किसानों व बागवानों ने राहत की सांस ली है।

पिछले लगभग तीन महीनों से यहां पूरे क्षेत्र में सूखा पड़ रहा था। इससे किसानों की लहसुन, गेहूं, आलू, मटर आदि व बागवानों की सेब, नाशपाती, आड़ू, पलम आदि की फसलों को भारी नुकसान हो रहा था। यहां पहले नवंबर, दिसंबर व जनवरी महीनों में अनेक बार बारिश व हिमपात होता था, जिससे फलदार वृक्षों का चिलिंग टाइमिंग भी पूरी हो जाती थी और जमीन में भरपूर नमी आने से फसलों का भी अच्छा उत्पादन होता था।

## बीबीएन की आबोहवा हुई साफ

### 300 से काफी ज्यादा लुढ़ककर 98 पर पहुंचा एयर क्वालिटी इंडेक्स

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**


बीबीएन की सड़कों पर वीरवार को ऐसा रहा नजारा।

प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में वीरवार को लंबे अरसे के बाद हुई भारी बारिश से मौसम ने करवट ली है। ठंड के मौसम की पहली बारिश फसलों व वातावरण के लिए 'अमृत' के रूप में आई है। एक तरफ औद्योगिक क्षेत्र में लंबे अरसे से बारिश न होने के चलते वायु प्रदूषण के स्तर में भारी बढ़ोतरी हो रही थी, जिससे अब काफी राहत मिली है। वहीं, फसलों को भी इसका लाभ होगा।

बारिश के बाद बद्दी में एयर क्वालिटी में सुधार हुआ है, जबकि पिछले एक माह से 300 से अधिक एयर क्वालिटी इंडेक्स चल रहा था। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो से तीन दिन हल्की बारिश की संभावना है। वीरवार को बारिश के बाद बद्दी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 98 पर पहुंचा जो कि सामान्य है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिशाषी अभियंता प्रवीण गुप्ता का कहना है कि बारिश के बाद वायु में सुधार आया है, अब बड़े स्तर पर एक्यूआई नहीं पहुंचेगा।

### बारिश से पहाड़ी पंचायतों के किसानों को राहत

**सोलन** जिले के मैदानी एरिया बद्दी-नालागढ़ की पहाड़ी क्षेत्र की पंचायतों में सूखे से किसानों की फसलें प्रभावित हो रही थीं, लेकिन अब बारिश से किसानों को राहत मिली है। बता दें कि पहाड़ी क्षेत्रों के किसान बारिश पर निर्भर रहते हैं। हालांकि मैदानी एरिया के किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है।

### 15 फरवरी तक बढ़ी इग्नू में प्रवेश तिथि

**सोलन।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू ) में आगामी पढ़ाई का विचार कर रहे विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। इग्नू ने विभिन्न विषय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया है। ऐसे में यदि कोई विद्यार्थी किन्हीं कारणों के चलते प्रवेश नहीं ले पाया था तो उनके लिए आवेदन का मौका दिया गया है। जानकारी के अनुसार राजकीय महाविद्यालय सोलन के इग्नू केंद्र 1103 में स्नातक, स्नातकोत्तर और सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश तिथि 15 फरवरी तक बढ़ गई है। इग्नू केंद्र प्रभारी द्वारा सभी विद्यार्थियों से अपील की गई है कि जो अभी तक प्रवेश नहीं ले पाएं वह ऑनलाइन आवेदन करके 15 फरवरी तक प्रवेश ले सकते है। यह प्रक्रिया सभी तरह के स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों के लिए चल रही है। विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जोगिंद्रा बैंक की नालागढ़ ब्रांच को बेस्ट अवॉर्ड


शिमला में आयोजित सेमिनार में जोगिंद्रा बैंक सोलन की नालागढ़ ब्रांच को मिला अवॉर्ड।

**सोलन ।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक हिमाचल प्रदेश (नाबार्ड) द्वारा शिमला में आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार में जोगिंद्रा बैंक सोलन की नालागढ़ ब्रांच को घर-घर किसान क्रेडिट वितरण के लिए बेस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्य अतिथि इस आयोजन में भाग लिया। नालागढ़ ब्रांच के बैंक मैनेजर ने घर-घर जाकर 450 से अधिक लोगों यह ऋण उपलब्ध करवाया, जिसकी नाबार्ड द्वारा प्रशंसा की गई और बेस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक पंकज सूद, एजीएम हरीश कुमार, आईटी हेड भारत भूषण मौजूद रहे। अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश शर्मा ने ब्रांच के कार्य की सराहना की।

### पांचों विस क्षेत्रों मंविशेष प्रचार अभियान शुरू


दून विस क्षेत्र की दाड़वा और जाडला पंचायतों में विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया।

**सोलन।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा आज से सोलन जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्र में लोगों को प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष प्रचार अभियान आरंभ किया गया। प्रचार अभियान के तहत विभाग से सम्बद्ध शिव शक्ति कला मंच के कलाकारों ने आज दून विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाड़वा के बनलगी तथा जाडला में गीत संगीत तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

## आम जनता के हित में है अंतरिम बजट : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को जनहितकारी बताया है। जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने प्रतिबद्धता सुनिश्चित करते हुए 3.5 लाख विद्यालयों के लिए 750 एकलव्य मॉडल विद्यालय जो आवासीय होंगे, 7800 अध्यापकों का सहयोगी कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प राष्ट्रीय संकल्प बने, इस ओर कदम बढ़ाते हुए 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राष्ट्र शक्ति हमारी प्राथमिकता रहे, ऐसा संकल्प मोदी सरकार द्वारा जनता को समर्पित किया गया है। अनुसूचित जाति व जनजाति के विकास की योजनाओं के तहत अगले तीन वर्षों में प्रधानमंत्री द्वारा विशेष योजना के लिए 15000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अब यह प्रदेश सरकारों का दायित्व बनता है कि केंद्र द्वारा प्रस्तावित योजना का लाभ सामान्य आम जन तक पहुंचे, वह सुनिश्चित करें कि इससे प्रदेश के लोगों को लाभ मिले।

### किसी वर्ग को कोई राहत नहीं : कुल राकेश पंत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुल राकेश पंत ने मोदी सरकार के अंतरिम बजट को लोगों की आशाओं पर खरा उतरने वाला नहीं बताया है। उन्होंने कहा है कि महंगाई के इस दौर में मध्यम और निम्न वर्ग को मोदी सरकार से कुछ राहतों की उम्मीद थी।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन की झोली से पूरे बजट भाषण के दौरान एक भी ऐसी योजना नहीं निकल सकी, जिससे इन वर्गों को कोई राहत मिलती दिखे। बजट में न तो महंगाई को कम करने का कोई फार्मूला ही सुझाया गया है और न ही किसी भी वर्ग को कोई लाभ मिलता दिख रहा है। उनका कहना है कि इस बजट को आम आदमी का बजट कहना तो न्याय संगत नहीं होगा।

## नलगी में स्थापित होगा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग : रामकुमार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**


सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते सीपीएस

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र के बनलगी में शीघ्र ही टमाटर आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किया जाएगा। राम कुमार चौधरी आज दून विस क्षेत्र की दाड़वा पंचायत के बनलगी में किसान मेला एवं किसान उत्पादक संगठन पर जागरूकता शिविर को संबोधित कर रहे थे।

यह किसान मेला एवं किसान उत्पादक संगठन जागरूक शिविर का आयोजन डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कृषि विज्ञान केन्द्र कंडाघाट सोलन द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रसंस्करण उद्योग स्थानीय युवाओं को बेहतर रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध करवाने में भी सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने तदोपरांत सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय निवासियों की जन समस्याएं सुनीं और इनके उचित निपटारे के निर्देश दिए। कार्यक्रम में लिखित में 70 तथा मौखिक रूप से 32 समस्याएं प्राप्त हुई। इस मौके पर अरुण सेन, रमेश ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, प्रणव चौहान, रजनी गौतम, जोगिंदर राणा, सीमा कंसल, आत्मा के योगराज चौहान, सूरत सिंह, रवि देसाई, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा किसान उपस्थित थे।

**रोष** सेवानिवृत्त सैनिक पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप

## कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नाहन**


डीएसपी मुख्यालय रमाकांत ठाकुर को ज्ञापन सौंपते विक्रमबागवासी।

नाहन विधानसभा क्षेत्र की विक्रम बाग पंचायत में एक सेवानिवृत्त सैनिक पर समुदाय विशेष लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने व लोगों को धर्म के नाम पर बांटने के आरोप लगाए जाने की शिकायत को लेकर आज विक्रम बाग क्षेत्र के ग्रामीण नाहन पहुंचे। ग्रामीणों ने डीएसपी से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत करवाया।

आरोप है कि इस व्यक्ति द्वारा क्षेत्र के युवाओं को धर्म के नाम पर भड़काने और अन्य धर्म के लोगों के साथ माहौल खराब करने के लिए उकसाया जा रहा है, मामले में पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई गई। लोगों ने बताया कि पंचायत में सभी धर्म के लोग भाईचारे के साथ रहते थे, लेकिन जब से उक्त व्यक्ति क्षेत्र में आया है, तब से धर्म के नाम पर लड़ाई-झगड़े करने और अन्य धर्मों को नीचा दिखाकर लोगों को तंग करने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मामले को लेकर पुलिस विभाग को अवगत करवाया गया है। आरोप यह भी है कि उक्त व्यक्ति बाहरी क्षेत्र के युवकों को यहां एकत्रित करता है और अन्य धर्म के लोगों को नुकसान और उनके युवाओं को नीचा दिखाने के लिए अपने धर्म के नारे लगवाने के लिए डराता धमकता है। उन्होंने पुलिस विभाग से मामले में सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है ।

डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत ठाकुर ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जाएगी और आरोप सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी को भी धर्म के नाम पर भड़काने और उकसाने का अधिकार नहीं है।

RAHUL IAS ACADEMY
BEST IAS INSTITUTE IN H.P.
STUDENT'S NO.1 CHOICE FOR CAREER PREPARATION
NOTHING SUCCEED LIKE SUCCESS
Guided by 4 time UPSC Interview Appeared & BPSC Rank Holder
Special Foundation Batches for College & University Students
IAS/IPS/HAS
TARGET 2024-2025 & 2026
ALLIED/NT/CDPO/RFO
Batch also Available for
BANKING/SSC/COMMISSION/TET/HPSSSC/NDA/CDS POLICE/PATWARI/ARMY & ALL COMPETITIVE EXAMS.
- POWERFUL STUDY MATERIAL
- REGULAR TEST SERIES
- SPECIAL NCERT BASED SEASON
- COMPREHENSIVE REVISION & TESTING
- LEARN THE ART OF ANSWER WRITING

OUR RESULT
SHREYA SHREE RANK 71 (UPSC-2021)
SONIA KATARIYA RANK 115 (UPSC-2021)
KRITIKA SHARMA RANK 77 (MBA TTM-2022)
90159-71136, 85271-04923
RAMESTH BUILDING, HOSPITAL ROAD NEAR NETAJI PARK SOLAN (HP)
Website: www.rahulias.online

## पंप ऑपरेटर-पैरा फिटर को नौ तक करें आवेदन

**जवाली।** जल शक्ति विभाग जवाली में पंप ऑपरेटर, पैरा फिटर व मल्टी पर्पज वर्कर के पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। जल शक्ति विभाग जवाली के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने बताया कि पंप आप्रेटर के 16 पद, पैरा फिटर के 6 पद व मल्टी पर्पज वर्कर के 34 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि पंप ऑपरेटर व पैरा फिटर को 6000 रुपए मासिक तथा मल्टी पर्पज वर्कर को 4400 रुपए मासिक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंप ऑपरेटर पद पर आवेदन करने वालों को दसवीं प्रमाण पत्र सहित इलेक्ट्रिशियन, वॉयरमैन, डीजल मेकेनिक, पंप मेकेनिक, पंप ऑपरेटर कम मेकेनिक ट्रेड में आईटीआई का प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। इसके साथ ही पैरा फिटर के लिए दसवीं प्रमाण पत्र सहित फिटर, प्लंबर का सर्टिफिकेट तथा मल्टी पर्पज वर्कर के लिए मिडल पास का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने बताया कि आवेदन फार्म के साथ दसवीं का प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, बीपीएल प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आईटीआई प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड, अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर आवेदक पहली फरवरी से नौ फरवरी 2024 तक सुबह 11 बजे से लेकर चार बजे तक कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। इसके लिए 18 से 45वर्ष की आयु वाले आवेदन कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पट्टा समलाना रोड दस तक रहेगा बंद

**फतेहपुर।** फतेहपुर उपमंडल के अंतर्गत ननहूं-खुखनाड़ा से पट्टा समलाना रोड के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग दस फरवरी तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। जिलाधीश कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

### फ्री मेडिकल कैंप चार फरवरी को

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर चौगान में चार फरवरी को निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें हड्डी रोग, नाक, कान गला, नेत्र रोग, मेडिसिन, स्त्री रोग व बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक निशुल्क चिकित्सा जांच करेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने कहा कि इसी दिन मेडिकल बोर्ड द्वारा विकलांगता प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे।

### रैली में पहुंचेंगे एक हजार से ज्यादा कार्यकर्ता



**इंदौरा।** भाजपा की तीन राज्यों में जीत के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा जगत प्रकाश नड्डा तीन जनवरी को हिमाचल धर्मशाला दौरे पर हैं। जिला परिषद सदस्य डमटाल व युवा भाजपा नेता राहुल सिंह पठानिया ने बताया कि धर्मशाला में तीन जनवरी को होने जा रही राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की भव्य रैली में एक हजार से ज्यादा की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। यहां भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और हिमाचल में लोकसभा चुनाव को लेकर एकजुट होकर चारों सीटों में विजय दिलाने का आह्वान करेंगे।

### दयोग्रां में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम कल

**पालमपुर।** पालमपुर विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दयोग्रां में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम पालमपुर, नेत्रा मेती ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन तीन फरवरी को 11 बजे ग्राम पंचायत दयोग्रां में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### नड्डा की धर्मशाला रैली के लिए बनाई रणनीति

**लंबागांव।** जयसिंहपुर भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक बुधवार को प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष तिलकराज शर्मा की अध्यक्षता में टिक्कर में हुई। इसमें धर्मशाला में तीन फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में होने वाली रैली को लेकर विचार-विमर्श किया गया व रणनीति बनाई गई। इस मौके पर जयसिंहपुर युवा मोर्चा के अध्यक्ष शिवा कटोच, प्रदेश युवा मोर्चा के सह मीडिया प्रभारी अरविंद, उपाध्यक्ष राजीव राणा के अतिरिक्त राजीव मिन्हास आदि मौजूद रहे।

### केंद्रीय बजट से आम जनमानस को निराशा



**डाडासीबा।** कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने बताया कि जनता को केंद्रीय बजट से बड़ी निराशा है। यह बजट महज आंकड़ों का मायाजाल बताते हुए इसे पूरी तरह जन विरोधी करार दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट में बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए कोई उपाय नहीं सुझाए हैं। बेरोजगारी को पूरी तरह से नजर अंदाज किया है। यह बजट पूरी तरह दिशाहीन बजट है। उन्होंने कहा कि ये बजट पूर्णतः आम जन विरोधी है। उन्होंने कहा कि इस बजट से गरीब, किसान, बागवान, मध्यम वर्ग, युवा, व्यापारी, गृहणी की आशा टूटी है। कुल मिलाकर इस बजट से हर वर्ग निराश हुआ है।

### 15 तक एसडीएम कार्यालय में करें आवेदन

**पालमपुर।** उपमंडल अधिकारी (ना.) पालमपुर नेत्रा मेती ने बताया कि उपायुक्त, कांगड़ा की स्थापना के तहत सेवानिवृत्त कानूनगो में से पारिश्रमिक के आधार पर कानूनगो के एक रिक्त पद को फिर से भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रपत्र में सभी प्रासंगिक/समर्थक दस्तावेजों, प्रमाणपत्रों के साथ 15 फरवरी तक एसडीएम कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या अपूर्ण पाए गए आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएंगे और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक, हिमाचल प्रदेश के राजस्व विभाग के किसी भी विंग में न्यूनतम पांच वर्ष की सेवाएं प्रदान की हों और उनके खिलाफ कोई विभागीय अनुशासनात्मक/आपराधिक कार्रवाई लंबित न हो। नियोजित होने वाले सेवानिवृत्त आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। सेवानिवृत्त कानूनगो के लिए 30,000/ प्रति माह मानदेय निर्धारित किया गया है।

### निधन पर शोक जताया

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने ऊना के एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पूर्व कर्मचारी नेता और भाजपा के आदर्श कार्यकर्ता हरिओम भनोट के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कहा कि भनोट ने लंबे समय तक कर्मचारी नेता के रूप में कर्मचारियों के हितों के लिए सराहनीय कार्य किया। उन्होंने भाजपा में रहकर पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों को भी बखूवी निभाया है। शांता ने हरिओम भनोट के निधन पर शोक व्यक्त करते डुए उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की हैं।

## चार महीने सूखे के बाद हुई बारिश से किसान-बागवान खुश, लोगों को सूखे से होने वाली बीमारियों से मिली निजात

# धौलाधार की तलहटी में भी बिछी सफेद चादर

**2007** के बाद इन गांवों में बर्फ सिर्फ ऊंचे स्थानों पर ही गिरती थी, लेकिन इस बार बर्फ तराई के साथ लगते गांवों तक आ पहुंची है

**15** वर्षों के बाद धौलाधार की तलहटी पर बसे क्षेत्र में सफेद चादर बिछ गई है

**अमर सिंह, पपालमपुर**



लगभग 15 वर्षों बाद धौलाधार की तलहटी पर बसे गांव में सफेद चादर बिच गई है। आलम यह है की स्थानीय लोगों सहित उत्तर प्रदेश और बिहार सहित यहां रहने वाले प्रवासी लोगों के लिए पालमपुर भी मनाली बन चुका है। लोग बारिश में ही कंडी, बंदला और जखनी मंदिर बर्फ देखने के लिए जा रहे है। काबिले गौर हो की करीब पांच दशक पहले तक सर्दियों में मौसम की करवट के साथ ही बर्फ पालमपुर शहर तक आ जाती थी, लेकिन फिर औद्योगिक विकास और गाड़ियों की बढ़ती तादाद की बजह से पर्यावरण में हुए फेरबदल के चलते धीरे-धीरे यह बर्फ लाइन पीछे हटना शुरू हो गई और दूर पहाड़ों की ऊंचाई में जा पहुंची और नई पीढ़ी बर्फ पट्टी होने के बावजूद बर्फ देखने के लिए दूर पहाड़ों का रुख करने पर मजबूर हो गए।

हालांकि पालमपुर के समीपवर्ती गांवों से भी बर्फ ओझल हो चुकी थी।

वहीं, 2007 के बाद इन गांवों से भी बर्फ ऊंचे स्थानों पर पहुंच चुकी थी। लेकिन इस बार यह फिर इन गांवों आ पहुंची है, जिससे तराई पर रहने वाले लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। (अनंत ज्ञान)



धौलाधार की तलहटी पर बसे इलाके में बिछी बर्फ की चादर का मनमोहक नजारा।

### चारों तरफ बारिश और बर्फबारी






धर्मशाला। नड्डी में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इस दौरान नड्डी में पड़ी बर्फ का मनमोहक दृश्य।

### लोग पड़ रहे थे बीमार

**उल्लेखनीय** है कि पहले अक्तूबर, नवंबर में जमकर बर्फबारी होती थी जो पक्की बर्फ होता है फिर उसके बाद दिसंबर में इस लेयर पर एक और लेयर और जनवरी, फरवरी, मार्च तक बर्फबारी का क्रम चलने से पक्के गलेशियर बन जाते थे। इससे गर्मी में तराई में रहने वाली जनता को पेयजल की समस्या नहीं होती थी, लेकिन इस बार चार महीने सूखे ही निकल गए, जिससे कई लोग बीमार पड़ रहे रहे थे, अब जाकर आखिर में मैदानी इलाकों में हुई बारिश से सब जगह-चहल पहल हो गई है, बेशक कच्ची ही सही लेकिन बर्फबारी से पहाड़ों पर रौनक लौट आई है।

### नड्डी में एक फुट बर्फ

**धर्मशाला।** मैक्लोडगंज में पांच इंच, नड्डी में करीब एक फुट, धर्मकोट करीब एक फुट और भागसूनाग में 10 इंच बबर्फबारी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार वीरवार को आठ एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अतिरिक्त धौलाधार पर पहाड़ियों में हुई बर्फबारी से धौलाधार श्रृंखला की सुंदरता को बापिस ला दिया है।

## सूखी फसलों को संजीवनी दे गई बारिश और बर्फबारी, किसान खुश



**कपिल पंडित, धर्मशाला**

वीरवार को पहाड़ों पर बर्फ और मैदानी इलाकों में बारिश का क्रम जारी रहा। राहत की इस बारिश ने किसानों के चेहरे पर रंगत ला दी है।

नवंबर, दिसंबर और जनवरी माह में बारिश न होने के कारण फसलें सूखने की कगार पर आ गई थीं लेकिन राहत की इस बारिश फसलों के लिए संजीवनी बूटी से कम साबित नहीं हुई है। धर्मशाला के नड्डी, डल झील और धर्मकोट सहित उपरी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हुई है। हालांकि अभी तक हुई बर्फबारी पूर्व के मुकाबले कम है लेकिन मौसम ऐसा ही रहा तो इसकी भरपाई हो जाएगी।

धर्मशाला और आपसपास के क्षेत्रों में बारिश के साथ-साथ ओलावृष्ठि भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को मौसम साफ रहने की उम्मीद है, शनिवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश एवं बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार रविवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और भारी बर्फबारी एवं बारिश की संभावना है। सोमवार को आसमान में हल्के बादलों के साथ धूप रहेगी।

मंगलवार को हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना जताई गई है। मंगलवार के बाद आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## मंत्री गोमा के जन्मदिन पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा के जन्मदिवस पर चार फरवरी को आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। महिलाओं के लिए आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में जयसिंहपुर विस के सभी महिला मंडल भाग ले सकेंगे।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने जयसिंहपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चार फरवरी को महिलाओं की रंगोली, रस्साकस्सी, मटका फोड़, म्यूजिकल चेयर, झमाकड़ा/गिद्दा का आयोजन किया जाएगा। जबकि मिस जयसिंहपुर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि रंगोली, रस्साकस्सी, झमाकड़ा/गिद्दा व मिस जयसिंहपुर प्रतियोगिताओं के लिए पहला इनाम 3100 व द्वितीय इनाम 2100 रुपए व तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक महिला मंडल दो फरवरी तक ब्लॉक कांग्रेस के सचिव सुमित सैनी व कोषाध्यक्ष अभिषेक सूद के पास पंजीकरण करवा सकते हैं। जसवंत डढवाल ने बताया कि युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता का पंजीकरण जन्मदिन के दिन चार फरवरी से शुरू होगा। इसमें क्रिकेट, वॉलीबाल, फुटबाल, कबड्डी व बॉस्केटबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला इनाम 21 हजार, द्वितीय 11 हजार होगा। वालीबाल, बास्केटबाल के लिए पुरस्कार 11000 व 5100 रुपए होगा। फुटबाल के लिए पहला पुरस्कार 5100 व द्वितीय 3100 रुपए होगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी उनसे संपर्क कर सकते हैं ।






धोलाधार संस्कृति युवा मंच बड़ोल ने पालमपुर विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगोटला तथा चाचियां में सरकार की उपब्धियों को गिनवाया। नाट्य दल ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पंचायत के लोगों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### रोटरी क्लब शाहपुर ने अस्पताल में लगाया लंगर



**शाहपुर।** समाज सेवा अहम भूमिका निभाने वाली अग्रणी संस्था रोटरी क्लब शाहपुर की ओर से गुरुवार को सिविल अस्पताल शाहपुर में चाय, अंडा, ब्रेड और दलिया का लंगर लगाया। इस मौके पर प्रधान अश्वनी धीमान, जोनल चेयरमैन गंधर्व पठानिया, रोटेरियन, राजेश राणा, विजय पठानिया, नरेश लगवाल, मेजर पीसी डोगरा आदि रोटरी क्लब शाहपुर के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर प्रधान अश्वनी धीमान ने बताया कि अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक गुरुवार को सिविल अस्पताल शाहपुर में लंगर लगाया जाता है। इस अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट का शुभारंभ जुलाई 2023 को सीएमओ डॉक्टर सुशील शर्मा की ओर से किया गया था। हर वीरवार को लगाए जाने वाले लंगर में रोटरी क्लब शाहपुर का हर सदस्य अपना योगदान देता है।

### 25 फरवरी को होंगे चुनाव

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी, उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने कहा कि कांगड़ा जिला में पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए 25 फरवरी को चुनाव होगा। इस के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। कांगड़ा जिला में एक बीडीसी मेंबर नगरोटा बगवां समिति के तहत वार्ड नंबर-21 सलाह जंद्राह तथा पंचरुखी ब्लॉक के तहत गदियाड़ा तथा भवारना, परागपुर ब्लॉक के तहत डाडासीबा पंचायत में पंचायत प्रधान के लिए चुनाव होगा। इसके साथ ही पंचरुखी ब्लॉक के तहत भिरड़ी पंचायत तथा सुलह ब्लॉक के तहत रझूं गदियाड़ा पंचायत में उपप्रधान पद के लिए चुनाव होगा। इसके साथ ही बैजनाथ ब्लॉक के तहत पंचायत पोलिंग के वार्ड नंबर-तीन, भवारना ब्लॉक के घनेटा पंचायत के वार्ड नंबर-छह, लमलेहड़ पंचायत के वार्ड नंबर-पांच आदि के पदों के लिए चुनाव होंगे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
NOTICE
I, JC-312596W Sub Abraham A S/o Azhagesan R/o 3Engr Regt, 58 fd coy, C/o 56Apo, Yol cantt, Tehsil Dharmashala, Distt kangra HP, Permanent Resident of Vill. Latteri, P.O. Latteri, Taluk KV Kuppam, Distt. Vellore, Tamil Naidu, Pin 632202, in my Army record wife name C KALAYARASI wrongly Recorded. Correct name is KALAIYARASI A. All concern note.
I, JC-312596W Sub Abraham A S/o Azhagesan R/o 3Engr Regt, 58 fd coy, C/o 56Apo, Yol Cantt, Tehsil Dharmashala, Distt. Kangra HP, Permanent Resident of Vill Latteri, P.O. Latteri, Taluk KV Kuppam, Distt. Vellore, Tamil Naidu, Pin 632202, in my Army record son name A ANDRUSON wrongly Recorded. Correct name is ANDRUSON A. All concern note.

**प्रदर्शन** धरने के 15वें दिन खुडू गांव की महिलाओं ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# सीयू के लिए धरने में कूदे सिख समुदाय के लोग



केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए चल रहे क्रमिक धरने में वीरवार को 15वें व अंतिम दिन सिख समुदाय के लोग सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए चल रहे क्रमिक धरने में वीरवार को 15वें व अंतिम दिन सिख समुदाय ने खुडू गांव की महिलाओं के साथ मिलकर प्रदर्शन किया।

वहीं, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार से 30 करोड़ रुपए जमा करवाने का आग्रह किया। योल व धर्मशाला के सिख समुदाय के लोगों ने प्रदेश सरकार को अपनी हठ धर्मिता छोड़ते हुए आम जनमानस की जनभावनाओं का सम्मान करने को कहा। अतुल भारद्वाज ने बताया कि कल आगामी रणनीति पर चर्चा के साथ सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा की जाएगी।

### यह रहे शामिल

**खुडु** गांव की महिलाओं में सलोचना, स्मिता, पवना, रश्मि, कुसुम देवी, सत्या देवी, जोगिंद्रा, सरोज, सिमरता, रंजना शर्मा , डॉ. हरपाल सिंह, सुखविंद्र सिंह, जगदीप सिंह, हरजोत सिंह, सम्मिंदर सिंह अमृतपाल सिंह, परमेश्वर, हरपाल जसपाल सिंह, मोहिंद्र सिंह मोहित सिंह हरजीत सिंह गुरवंत सिंह, योल व धर्मशाला के सिख समुदाय ने दिया सहयोग, एस पठानिया, एसपी पठानिया, टेक चंद, जगदीश, प्रशोतम चंद, मुनीश, संसार मित्र, सुरेंद्र भट्ट, सुनील दत्त, अतुल भारद्वाज व सुभाष आदि धरने के अंतिम दिन शामिल हुए।

## दरीणी स्कूल के छात्रों ने बीएसएफ वाहिनी बनोई का किया दौरा



**अनंत ज्ञान, गगल**

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के धारकंडी में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरीणी के 75 विद्यार्थियों ने सीमा सुरक्षा बल की बनोई के पास स्थित भोई में 24वीं वाहिनी का दौरा किया।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत स्कूल के विद्यार्थियों को बीएसएफ के उपकमांडेंट अरविंद सिंह तथा उनकी टीम ने सीमा सुरक्षा बल के बारे में जानकारी दी। इस दौरान हथियारों, संचार यंत्रों व सुरक्षा जांच संबंधी यंत्रों के बारे में बताया गया। सीमा सुरक्षा बल के इतिहास, राष्ट्रीय सीमा सुरक्षा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में बल की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों के साथ दरीणी पाठशाला के प्रिंसिपल नरेंद्र शर्मा, शिक्षक विशाल सिंह व नेहा निकिता भी थे।

## न्यूज ब्रीफ

### इंतकाल के 6121 मामलों का हुआ निपटारा

**धर्मशाला।** उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने बताया कि कांगड़ा जिला में 30 तथा 31 जनवरी को आयोजित राजस्व लोक अदालतों में इंतकाल के 6121 मामले तथा तकसीम के 391 मामले निपटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला ने प्रदेश में सबसे ज्यादा इंतकाल के मामले निपटाए हैं। उन्होंन बताया कि अब तक आयोजित विभिन्न राजस्व लोक अदालतों में इंतकाल के 21483 तथा तकसीम के 1133 मामले निपटाए जा चुके हैं। उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने बताया कि हर माह के अंतिम दो दिन राजस्व लोक अदालतों के आयोजन के लिए निर्धारित किए गए हैं, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके और इंतकाल तथा तकसीम के मामलों का निदान सुनिश्चित हो सके।

### धर्मशाला में नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**धर्मशाला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से आरंभ किए गए नशा निवारण अभियान के तहत कलाकारों ने वीरवार धर्मशाला बस स्टैंड पर नशे को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर लोक संगीत तथा लघु नाटिका के माध्यम से भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर त्रिगर्त बसुंधरा कला मंच के संचालक रोहित बोहरा ने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों को लेकर कांगड़ा जिला में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौरा में नशा समाज को खोखला कर रहा है तथा युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आ रही है।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पर की चर्चा

**बैजनाथ।** प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एसडीएम कार्यालय बैजनाथ के सभागार में एसडीएम देवी चंद ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के मझैरना पंचायत के नाग मोड़ मैदान में पांच फरवरी को आयोजित होने वाले 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्यातिथि मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल होंगे। कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे आरम्भ होगा। एसडीएम देवी चंद ठाकुर ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत जहां विभिन्न समस्याओं का समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा।

### बजट में महिलाओं-युवाओं पर विशेष फोकस



**पपरोला।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वीरवार को पेश किए गए देश के अंतरिम बजट 2024 की बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी ने प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम आदमी का बजट है। बजट में महिलाओं और युवाओं पर विशेष रूप से फोकस किया गया है। बजट में नए मेडिकल कॉलेज खोलने और आयुष्मान भारत योजना को विस्तार देने की पहल भी काफी सराहनीय है। बजट में किसानों के लिए भी कई महत्त्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गई है। गरीब वर्ग के लिए नए मकान बनाने की घोषणा भी सराहनीय कदम है। प्रेमी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है और अब आम रेल बजट जनता के हित में लाकर सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि नरेंद्र मोदी सरकार आम जनता की सरकार है।

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 17 को

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, प्रदीप कुमार ने जारी प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी दी कि 17 फरवरी को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय धर्मशाला में होना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में आरटीए से संबंधित मामले जैसे रूट परमिट को ट्रांसफर करने, बसों की सीट क्षमता बढ़ाने या घटाने बारे व बसों के रूट परमिट को संशोधित करने के साथ-साथ 208 सामान्य रूट व 26 ई-बस रूट हेतु जिन प्रार्थियों व वाहन मालिकों ने 26 दिसंबर, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन किया है, बारे चर्चा की जाएगी। उन्होंने इच्छुक प्रार्थियों और वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे अपने इन कार्यों से संबंधित आवेदन पूर्ण दस्तावेजों सहित परिवहन विभाग द्वारा संशोधित प्रपत्र जोकि इस कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, कार्यालय दिवसों पर 10 फरवरी तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

### हिमाचल और मध्य प्रदेश आज होंगे आपने-सामने

**धर्मशाला।** रणजी ट्रॉफी ग्रुप-डी का मैच शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच शुक्रवार को शुरू होगा। यह मैच एचपीसीए अंतरराष्ट्रीय मैदान धर्मशाला में खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज में अभी तक हिमाचल प्रदेश क्रिकेट टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। अभी तक खेले गए कुल चार मैचों में हिमाचल प्रदेश की टीम को तीन में हार का सामना करना पड़ा है और एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। जीत के लिए तरस रही हिमाचल की टीम के लिए यह मैच अहम होगा। ग्रुप डी की अंक तालीका में हिमाचल प्रदेश की टीम तीन अंकों के साथ आखिरी पायदान पर है। शुक्रवार को हिमाचल के साथ भिड़ने वाली मध्य प्रदेश की टीम 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि पहले स्थान पर 20 अंकों के साथ बड़ौदा की टीम पहले स्थान पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार मध्य प्रदेश की टीम हिमाचल के मुकाबले बेहद मजबूत है और हिमाचल प्रदेश को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## दसवीं और जमा दो की डेटशीट जारी, मार्च से शुरू होंगी परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



24 जनवरी के क्रम को जारी रखते एवं छात्र हित में आंशिक संशोधन करते हुए अधिसूचित किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दसवीं व जमा दो श्रेणी नियमित व राज्य मुक्त विद्यालय के परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षा, कंपार्टनमैंट, श्रेणी सुधार, अतिरिक्त विषय की परीक्षाएं एक मार्च से शुरू होंगी।

दसवीं नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय दो मार्च से 21 मार्च तक आयोजित होंगी। परीक्षा सुबह पौणे नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। जमा दो नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं एक मार्च से 28 मार्च तक आयोजित होंगी। परीक्षा का समय सुबह पौणे नौ बजे से 12 बजे तक रहेगा। प्रदेश के नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय के परीक्षार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं लिखित परीक्षा से पूर्व 21 फरवरी से 29 फरवरी तक संचालित होंगी। यह प्रैक्टिकल परीक्षाएं संबंधित राजकीय एवं संबंद्धता प्राप्त विद्यालयों में आंतरिक रूप से संचालित करवाई जाएंगी।

### दसवीं कक्षा की यह है डेटशीट

**दो** मार्च गणित, पांच मार्च सामाजिक विज्ञान, सात मार्च हिंदी, नौ मार्च म्यूजिक वॉकल, 11 मार्च म्यूजिक वाद्य, 12 मार्च कंप्यूटर साइंस, 13 मार्च होम साइंस, 14 मार्च आर्ट, इकॉनॉमिकस, कॉमर्स, ऑटोमोटिव, प्राइवेट सिक्योरिटी, रिटेल, आईटी, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर, टूरिज्म एंड होस्पिटेलिटी, टेलीकॉम, फीजिकल एजुकेशन, बीएफएसआई, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, प्लंबर, ब्यूटी एंड वैलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, एनएसक्यूएफ, 16 मार्च को अंग्रेजी, 18 मार्च को फाईनेंशियल लिट्रेसी, 19 मार्च साईंस एंड टैक्नोलॉजी, 21 मार्च उर्दू, तमिल, तेलगू, संस्कृत एवं पंजाबी।

### जमा दो की यह है डेटशीट

**एक** मार्च अंग्रेजी, दो मार्च म्यूजिक, 4 मार्च पॉलिटिकल साइंस, पांच मार्च फाइनेंशियल लिटरेसी, छह मार्च रासायनिक शास्त्र, बिजीनस स्टडीज़, सात मार्च संस्कृत, नौ मार्च सोशॉलोजी, 11 मार्च अकांउटेंसी, फीजिक्स, 12 मार्च इतिहास, 13 मार्च साइकॉलोजी, 14 मार्च हयूमन इकॉलोजी, एंड फेमली साईंस, 15 मार्च बायोलोजी, 16 मार्च उर्दू, हिंदी, 18 मार्च ज्योग्राफी, 19 मार्च फीलॉसाफी, 20 मार्च गणित, 21 मार्च फाईन आर्ट, 22 मार्च डांस, 23 मार्च फीजिकल एजुकेशन, योगा, कंप्यूटर साइंस, एग्रीकल्चर, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर, आईटी, मीडिया एंड एंटरटेनमैंट, रिटेल, फीजिकल एजूकेशन, प्राइवेट सिक्योरिटीज़, रिटेल, आईटी, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर, टूरिज्म एंड होस्पीटेलिटी, टेलीकॉम, फीजिकल एजुकेशन, बीएफएसआई, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, प्लंबर, ब्यूटी एंड वेलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, एनएसक्यूएफ, 26 मार्च इकॉनोमिक्स, 27 मार्च फ्रेंच और 28 मार्च पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन।

### वन विभाग की जमीन पर जेसीबी हटाने के लिए बोलने पर उग्र हुए आरोपी

# जवाली में वनरक्षक से मारपीट कर फाड़ी वर्दी, मामला दर्ज

**अनिल छांगू, जवाली**



पुलिस थाना जवाली के अधीन पंचायत हरसर में तीन लोगों द्वारा वनरक्षक के साथ मारपीट करने व यूनिफार्म को फाड़ने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता वनरक्षक हरसर विवेक शर्मा ने थाना में आकर शिकायत दी है कि 31 जनवरी बुधवार को जवाली में वन मित्र की भर्ती दौड़ में ड्यूटी के लिए गया हुआ था। उन्होंने बताया कि जब में ड्यूटी खत्म होने के बाद अपने आवास हरसर में जा रहा था तो फोन पर सूचना मिली कि कुछ लोगों ने वन विभाग की जमीन पर जेसीबी लगा रखी है।

सूचना मिलने पर जैसे ही घटनास्थल पर गया व जेसीबी बंद करने को कहा तो विनोद कुमार पुत्र स्व करनैल सिंह, संजय कुमार पुत्र स्व करनैल सिंह व अजय कुमार पुत्र स्व करनैल सिंह निवासी नागनी (हरसर) ने गाली-गलौज व मारपीट करनी शुरू कर दी। तीनों लोगों ने यूनिफार्म को भी फाड़ डाला। इसके बाद वनरक्षक विवेक शर्मा ने पुलिस थाना जवाली में पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं, पुलिस थाना जवाली के अधीन पंचायत हरसर में तीन लोगों द्वारा वनरक्षक के साथ मारपीट करने व यूनिफार्म को फाड़ने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### वनरक्षक का करवाया मेडिकल

**डीएसपी** जवाली वीरी सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि वनरक्षक विवेक शर्मा की शिकायत पर थाना में आरोपियों के खिलाफ 353, 332, 506, 34 आईपीसी के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है तथा वनरक्षक का मेडिकल करवाया जा रहा है।

## नगर पंचायत बैजनाथ की अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा

**जितेंद्र कौशल बैजनाथ**

बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के अध्यक्ष की कुर्सी अब डोलती नजर आ रही है। बैजनाथ नगर पंचायत की मौजूदा अध्यक्ष कांता देवी के विरुद्ध छह पार्षदों ने जिलाधीश कांगड़ा को अविश्वास प्रस्ताव का पत्र सौंप दिया है। जिलाधीश कांगड़ा ने आगामी कार्रवाई के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक बैजनाथ को इसका जिम्मा सौंप दिया है।

अमित कपूर, राजेश कलेडी, अनीता सूद, राजन चौधरी, आशा देवी तथा रितु कुमारी ने अध्यक्ष कांता देवी तथा उपाध्यक्ष वेदना कुमारी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव डीसी कांगड़ा को सौंपा है। एक साल पूर्व ही प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही मौजूदा अध्यक्ष कांता देवी के विरुद्ध विरोध के स्वर उठने शुरू हो गए थे पर 11 सदस्यों वाली बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के पांच पार्षद ही इसमें शामिल हो रहे थे। ऐसे में एक पार्षद की कमी रह रही थी, परंतु पिछले कई समय से तटस्थ की भूमिका निभाने वाली वार्ड नंबर-दो की पार्षद रितु कुमारी के समर्थन से यह आंकड़ा पूरा हो गया। (अनंत ज्ञान)

### उपमंडल अधिकारी को सौंपा जिम्मा

**अमित** कपूर, राजेश कलेडी, अनीता सूद, राजन चौधरी, आशा देवी तथा रितु कुमारी ने अध्यक्ष कांता देवी तथा उपाध्यक्ष वेदना कुमारी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव डीसी कांगड़ा को सौंपा है। वहीं, जिलाधीश कांगड़ा ने आगामी कार्रवाई के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक बैजनाथ को इसका जिम्मा सौंप दिया है।

## चंद्रधर गुलेरी कॉलेज हरिपुर में एनएसएस शिविर का आगाज



**अनंत ज्ञान, देहरा**

चंद्रधर गुलेरी राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय वार्षिक शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अश्वनी पाराशर मौजूद रहे। मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई।

तत्पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं एनएसएस गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मोनिका शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस के इतिहास, लक्ष्य गीत, तथा शिविर के दौरान पर्यावरण, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता तथा जागरूकता जैसे कई कार्यों के माध्यम से गांव में जागरूकता पैदा की जाएगी। इस शिविर में लगभग 50 स्वयंसेवक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान को बेहतरीन मौका बताते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान स्वयंसेवियों से किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्विनी पाराशर ने कहा कि समुदाय की सेवा के साथ ही व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण होता है। वहीं, विषम परिस्थितियों में कार्य करने के लिए अपने आप को सशक्त बनाएं। उन्होंने जिम्मेवार नागरिक के नैतिक मूल्यों, राष्ट्र निर्माण के किसी भी रूप में योगदान देने की बात कही।

## सुलयाली स्कूल में 'कहीं न नशेड़ी दिखने पाए, नशा न अब यहां टिकने पाए'

**संजीव महाजन, नूरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुलयाली में सरकार द्वारा चलाए नेशनल एक्शन प्लान फार ड्रग डिमांड रिडक्शन तथा शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से तीन दिवसीय नशीले पदार्थों से कैसे दूर रहे तथा अपना भविष्य कैसे सुधारे विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

विद्यालय के प्रधानार्थाय करतार चंद ने बताया कि शिक्षा विभाग की तरफ से भारतेंद्र चौधरी प्रवक्ता रासायन विज्ञान को स्थानीय विद्यालय के बच्चों के जागरूक करने के तीन दिनों नियुक्त किया गया था। भारतेंद्र चौधरी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के लिए कुल छह तथा एक सत्र अभिवावकों के लिए आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को शिक्षा में सुधार, संतुलित आहार, फास्ट फूड से दूरी, नशीले पदार्थों दूरी, कानून में प्रावधान, योग शिक्षा ध्यान प्रवृत्ति, विधार्थियों को शिक्षा सबंधी परेशानियां आदि विषयों पर चर्चा की गई। बच्चे नशे से कैसे दूर रह सकते है इस विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें जूनियर वर्ग में अंशिका कक्षा आठवीं को प्रथम, भावना कक्षा आठवीं को द्वितीय, सुजित कुमार कक्षा आठवीं को तृतीय तथा सिनियर वर्ग में ललित कक्षा 12वीं प्रथम, काजल कक्षा 11वीं द्वितीय तथा किरण कक्षा व तृतीय स्थान पर रही। कार्यशाला का समापन में एसएमसी प्रधान सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुआ।



नूरपुर के सुलयाली स्कूल में छात्रों को बताएं नशे के दुष्प्रभाव।

कार्यशाला में श्रीमती नीरज, सुशील कुमार, नेत्रपाल, कुलदीप कुमार वायस प्रधानाचार्य, सुशील कटोच, कार्यलय अधीक्षक संजीव कुमार, रेणुबाला चंपा देवी, नयानदेवी तथा बच्चों के अभिभावक आदि उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में लगभग 475 बच्चों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## 'लेई दे बंगा' गाना हुआ रिलीज

**नगरोटा बगवां।** गायक संदेश चौधरी द्वारा गाए गए पहाड़ी गाने लेई दे बंगा को इनके यू-टयूब चैनल संदेश चौधरी पर रिलीज किया गया। इस गाने को प्रवीण कुमार मास्टर ने कलमबद्ध किया है। इस गाने को प्रवीण कुमार मास्टर ने ही कंपोज किया है। इसका संगीत अंकित व आशीष ने जे के बी स्टूडियो में बनाया है तथा वीडियो मनी चौधरी ने तैयार किया है। इसके वीडियो को मनी चौधरी ने निर्देशित किया है। गाने के वीडियो में अनिल नीलू, कोमल चौधरी तथा मोनी कुमार ने मुख्य भूमिकाएं अदा की है। हमारे हिमाचल की कला संस्कृति को दर्शाता यह गीत दर्शकों को नाचने पर जरूर मजबूर करेगा। इस तरह की धुन व गायन शैली जिसे झंझोटी कहा जाता है पर हर प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोग खूब नाच गाकर अपना व दूसरों का मनोरंजन किया करते थे। इस गीत के माध्यम से हमने उस शैली को पुनर्जीवित करने का प्रयत्न किया है।

## 51 लोगों ने किया रक्तदान

**बैजनाथ।** पूर्व में पंचायत समिति अध्यक्ष एवं इलाके के मशहूर समाजसेवी स्वर्गीय प्यारे लाल शर्मा के जन्मदिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ सेवानिवत्त अध्यापक किशोरी लाल शर्मा ने किया। बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन और बीड़ बिल्लिंग सेवियर के सौजन्य से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दो व्हील चेयर जरूरतमंद लोगों को वितरित की गई और राजकीय प्राथमिक पाठशाला बड़ा भंगाल, बीड और अपर बीड के छात्रों को स्टेशनरी भी वितरित की गई। इस अवसर पर स्वामी रामानंद ट्रस्ट के राजेश शर्मा, डॉ. राजकुमार बीड के प्रधान सुरेश ठाकुर, कपिल शर्मा, सुरेश ठाकुर, अंकित सूद, सचिन शर्मा, विकास राणा, उमेश भारद्वाज, धर्मवीर पाल आदि उपस्थित रहे। बिल्लिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय प्यारे लाल शर्मा की यादगार में ट्रस्ट का गठन किया जाएगा।

## एनपीएस में सुधार नहीं हमें पुरानी पेंशन ही चाहिए

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

कर्मचारियों को इन अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं, जिसमें कहा जा रहा है कि केंद्र सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने जा रही है और यह अफवाहें फैलाने वाले कर्मचारी अधिकारी वो हैं जो पुरानी पेंशन योजना में अपने बुढ़ापे में सुखी जीवन यापन कर रहे हैं पुरानी पेंशन के कारण।

डॉक्टर संजीव गुलेरीया प्रदेश अध्यक्ष न्यू पेंशन स्कीम रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वर्ग हिमाचल प्रदेश ने आज प्रेसवार्ता में कहा कि आगामी पेश होने वाले अंतरिम बजट में यह स्थिति साफ हो जाएगी कि सरकारी कर्मी, पुरानी पेंशन के दायरे में आएंगे या एनपीएस ही जारी रहेगा। डाक्टर संजीव गुलेरीया ने कहा कि केंद्र सरकार, ओपीएस बहाली नहीं करेगी, लेकिन एनपीएस को ज्यादा से ज्यादा आकर्षक बनाने का मसौदा, अंतरिम बजट में देखने को मिल सकता है। एनपीएस में जमा हो रहा कर्मियों का दस फीसदी पैसा और सरकार का 14 फीसदी पैसा, इसमें सरकार बड़ा बदलाव कर सकती है। सरकार ऐसे प्रयास में है कि पुरानी पेंशन में जिस तरह से गारंटीकृत शब्द, कर्मियों को एक भरोसा देता है, कुछ वैसा ही एनपीएस में भी जोड़ दिया जाए। डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी होने पर एनपीएस में उसका आंशिक फायदा, कर्मियों को कैसे मिले, इस पर कुछ नया देखने को मिल सकता है। डाक्टर संजीव गुलेरीया ने कहा कि एनपीएस में सेवारत्त कर्मचारियों से निवेदन है कि वो सरकार को स्पष्ट संदेश दें कि हमें एनपीएस में सुधार नहीं हू-ब-हू पुरानी पेंशन योजना ही चाहिए अपनी बची-खुची रिटायरमेंट पश्चात जिंदगी जीने के लिए। डॉक्टर संजीव गुलेरीया ने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है, तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## बारिश और ठंड में पडोल रोड में लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

गणेश महोत्सव पडोल रोड द्वारा कड़ाके की ठंड तथा भारी बरसात के बावजूद भी भंडारा का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि गणेश महोत्सव पडोल रोड बैजनाथ द्वारा 15 अक्तूबर से शिव मंदिर के बाहर प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रोजाना सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। मनोज कपूर ने बताया कि गणेश महोत्सव पडोल रोड ने यह प्रण लिया है कि साल के 365 दिन ही शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया जाएगा उन्होंने इस कार्य के लिए स्थानीय विधायक किशोरी लाल, एसडीएम बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर, मिलाप राणा, ओम प्रकाश शर्मा, विनय मेहता, मनीष शर्मा, सुनील शर्मा, अमन कौशल शैलेंद्र टंडन शकुंतला देवी सहित अपने सभी कमेटी सदस्यों का धन्यवाद किया।



पडोल रोड पर बारिश में लंगर का आनंद लेते हुए लोग।

### जेपी नड्डा के स्वागत की तैयारियों में जुटे भाजपा नेता



**धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में तीन फरवरी शनिवार को प्रस्तावित दौरे की तैयारीयों में भाजपा नेता व कार्यकर्ता जुटे रहे। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा प्रभारी व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा, भाजपा प्रदेश सचिव विशाल चौहान, जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी विश्व चक्षु, भाजपा नेता राकेश चौधरी, जिला कांगड़ा भाजपा उपाध्यक्ष अशोक वशिष्ठ, जिला कांगड़ा भाजपा महामंत्री देवेंद्र कोहली, पार्षद वार्ड नंबर-16 सर्व चंद्र गलोटिया, जिला कांगड़ा भाजपा कार्यकारिणी सदस्य शमशेर नेहरिया, जिला अध्यक्ष एसटी मोर्चा नरेंद्र पठानिया, जिला कांगड़ा भाजपा कार्यकारिणी सदस्य जीवन ज्योति कोहली, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, जिला कांगड़ा भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष तपन मिन्हास, गायत्री कपूर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**प्रेसवार्ता** प्रदेश भाजपा के महामंत्री त्रिलोक कपूर ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

# जेपी नड्डा की रैली को लेकर धर्मशाला तैयार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के धर्मशाला आगमन पर एक भव्य रैली का आयोजन कर अभिनंदन समारोह किया जाएगा। यह बात प्रदेश भाजपा के महामंत्री त्रिलोक कपूर ने वीरवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा उक्त कार्यक्रम में कांगड़ा और चंबा के लोग भाग लेंगे। कपूर ने कहा की नड्डा के आगमन पर इस रैली से लोकसभा चुनावों का भी आगाज हो जाएगा। उन्होंने कहा की धर्मशाला में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। इसमे निर्धारित संख्या से ज्यादा लोग आएंगे। उन्होंने कहा दोनो जिलों में तैयारियां पूरी हो चुकी है और और संगठनात्मक जिला पालमपुर की चारों विस हलकों से भी सभी मंडलो से राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोग जाएंगे। उन्होंने बताया की रैली के बाद नड्डा संसदीय क्षेत्र के कार्यकताओं से भी बैठक कर फीडबैक लेंग। इसमें प्रदेश के अध्यक्ष राजीव बिंदल और अन्यथा प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे। कपूर ने कांग्रेस के गांव चलो कार्यक्रम में कहा की यदि ऐसे कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा पालमपुर की जनता को तीन जगह के चक्करों से निजात दिलवाने के लिए पालमपुर में ब्लॉक खोला था, गोपालपुर दरिया पर सब तहसील बनाई थी उसे कांग्रेस ने सत्ता में आते ही बंद कर दिया। इससे लोगों फिर छोटे-छोटे कामों के लिए फिर भवरना उन्ही जगहों में जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा को होली के मौके पर मुख्यमंत्री ने जनता से वादा किया था को इस आदेश को बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन यह दूसरी बार होली आ गई। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा की यदि यह निर्णय शीघ्र नहीं हुआ तों हजारों की संख्या में लोग सरकार का घेराव करेंगे। इस मौके पर उनके साथ विधि प्रकोष्ठ के नेता अरविंद शर्मा भी मौजूद थे।



### रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश

**भाजपा** जिला पालमपुर के अध्यक्ष हरि दत्त शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष बैठक वीरवार को जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। इसमें भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की प्रस्तावित धर्मशाला रैली को लेकर तैयारी को मूर्त रूप दिया गया। हरि दत्त ने बताया की तीन तारीख को धर्मशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली में मंडल सुलह से 1500, पालमपुर से 1500 बैजनाथ से 1000 एवं जयसिंहपुर से भी 1000 कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ इस रैली में सम्मिलित होने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा की रैली के संबंध में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है एवं कार्यकर्ताओं में रैली को लेकर भारी उत्साह है। बैठक में पालमपुर के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, सुलह के मंडल अध्यक्ष देशराज शर्मा, जयसिंहपुर से मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा एवं बैजनाथ के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कांगड़ा जिले के कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य संवारेगा भरपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला प्रशासन तथा महिला बाल विकास विभाग की ओर से कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए मिशन भरपूर आरंभ किया गया है। इसका वीरवार को धर्मशाला उपमंडल के पास्सू में विधिवत शुभारंभ उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने दो कुपोषित बच्चों चॉकलेट बार भी प्रदान की गई। यह चॉकलेट बार सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर में तैयार करवाई गई है। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने कहा कि दो से पांच वर्ष के कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मिशन भरपूर आरंभ किया गया है।

बच्चों को सभी सूक्ष्म पोषक तत्व चाकलेट बार के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर दिन अलग अलग प्रकार की चॉकलेट कुपोषित बच्चों को दी जायेगी जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और आयरन जैसे पोषक तत्व मौजूद रहेंगे। यह कुपोषित बच्चों को स्वस्थ व तंदरुस्त रखने में मदद मिलेगी। वहीं, उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने कहा कि जिला कांगड़ा प्रशासन ने इससे पहले सीएसआईआर तथा आईएचबीटी पालमपुर के सहयोग से पंचरूखी ब्लाक में कुपोषण उन्मूलन के लिए 100 कुपोषित बच्चों के लिए पोषण मैत्री कार्यक्रम आरंभ किया था इस कार्यक्रम के अध्ययनों के आधार पर सीएसआईआर-आईएचबीटी ने खाद्य व्यंजनों में विविधता की कमी, अत्यधिक खाद्य पदार्थों की खपत, फलों तथा सब्जियों का कम सेवन पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी का प्रमुख कारण हैं। सीएसआईआर द्वारा विकसित पौष्टिक तत्वों से युक्त उत्पादों का प्रयोग पंचरूखी ब्लाक के कुपोषित बच्चों पर किया गया इससे कुपोषण को काफी हद तक खत्म करने में सफलता हासिल हुई है।

### दुनिया की सबसे महंगी सब्जियों में है शुमार; राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में हजारों रुपए में होती है कीमत, विदेशों में भी मांग

# हिमालय की गोद में पाई जाती है औषधीय गुणों से भरपूर गुच्छी

**एमएम डैनियल, चंबा**

दुनिया की सबसे महंगी सब्जियों में शुमार और अपने औषधीय गुणों के लिए प्रसिद्ध गुच्छी हिमालय की गोद में पाई जाती है। जिसे विश्व, भारत देश में माकुर्ला एस्क्यूपलेटा / स्पंज मशरूम या गुच्छी के नाम से जाना जाता है। इस सब्जी की कीमत स्थानीय क्षेत्र से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में हजारों रुपए की है। जिसका स्वाद लेने के लिए तो कई शायद तरस कर रह जाते है।

हिमालय की गोद में स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य में माकुर्ला एस्क्यूपलेटा/स्पंज मशरूम अथवा गुच्छी जिला चंबा, कुल्लू, मनाली, राजधानी शिमला सहित जिला सिरमौर के ऊंचे एवं दुर्गम क्षेत्रों में पाई जाती है। भारत के हिमाचल प्रदेश राज्य सहित अन्य विभिन्न राज्यों में प्रसिद्ध खाद्य श्रृंखला (फूड चेन) कंपनियों और फेमस होटलों की माकुर्ला एस्क्यूपलेटा/स्पंज मशरूम अथवा गुच्छी के सीजन पर पैनी नजर रहती है।

कंपनी से जुड़े कर्मी व कई बार गुच्छी एकत्रित करने वाले स्थानीय व्यवसायिक पहाड़ों से 10 से 15 हजार रुपए में खरीद लेते है। जो कि प्रसिद्ध कंपनियों और इसकी मांग से जुड़े होटल व्यवसायिकों को 25 से लेकर 30 हजार रुपए तक गुच्छी को बेचने का व्यापार कर रहे है। गुच्छी सब्जी उत्पादन के लिए खेती नहीं होती है और न ही कोई आज दिन तक ऐसी कोई विधि निर्मित हो पाई है। दुनिया की सबसे महंगी गुच्छी सब्जी पूर्ण रूप से प्रकृति एवं मौसम पर निर्भर करती है। जो कि जनवरी माह से लेकर मई माह तक मौसम खराब होने पर बारिश-बिजली के संगम से उत्पन्न होती है। आसमान में चमकने वाली बिजली जब ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं पर गिरती है तो गुच्छी उत्पन्न होती है। हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में जुम्महार, तीसा, नकरोड, चांजू, भरमौर, साहो, बड़ी जुम्महार, खजियार में गुच्छी पाई जाती है। जबकि प्रदेश में कुल्लू, मनाली, राजधानी शिमला सहित जिला सिरमौर के ऊंचे एवं दुर्गम क्षेत्रों में गुच्छी की हर वर्ष अच्छी-खासी पैदावार होती है। वहीं जो लोग इस व्यवसाय एवं इसके महत्व से परिचित है वे बाजार में लगातार बढ़ती मांग के कारण गुच्छी ढूंढने के लिए कई दिनों तक जंगलों में डेरा डालकर रहते हैं। हालांकि, कई बार ग्रामीणों को इसकी वजह से खतरों का सामना करना पड़ता है. क्योंकि बर्फबारी के कारण ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाना खतरे से भरा होता है। (अनंत ज्ञान)

## भारत नहीं विदेशों में भी है डिमांड

गुच्छी का वैज्ञानिक नाम माकुर्ला एस्क्यूपलेंटा है। जिसे स्पंज मशरूम कहा जाता है। जबकि स्थानीय बोली में यह गुच्छी के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। गुच्छी की मांग भारत में ही नहीं, बल्कि अमेरिका, यूरोप, फ्रांस, इटली और स्विटजरलैंड जैसे देशों में भी माकुर्ला एस्क्यूपलेटा, स्पंज मशरूम अथवा गुच्छी के कद्रदान है। जोकि इसे खाने व औषधियों के रूप में इस्तेमाल कर रहे है।

## दिल के रोग होते हैं दूर

गुच्छी का नियमित सेवन दिल के रोगों से निजात दिलवाने में अहम साबित होता है। विटामिन बी, सी, डी व के की प्रचुर मात्रा से यह स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है। छतरी, टटमोर, डुंघरू या गुच्छी के नाम से विख्यात यह जड़ी बूटी औषधीय गुणों से भरपूर है। गुच्छी के नियमित उपयोग से दिल की बीमारियां नहीं होती हैं। दिल के मरीज अगर इसका उपयोग करते हैं तो उन्हें अधिक फायदा होता है। यह कारण है कि गुच्छी की मांग विदेशों व स्वदेश में बढ़ती जा रही है।

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**





सरकार को गुच्छी के लिए अलग से योजना तैयार करनी चाहिए। जिससे स्थानीय लोगों को स्वरोजगार सहित नेचर की इस देन से हिमाचल प्रदेश राज्य का उत्थान हो सके। गुच्छी औषधीय गुणों से भरपूर है, इसे नियमित खाने से दिल की बीमारियां दूर हो जाती हैं। यह दिल के रोगियों के लिए उपयोगी होती है। इसमें विटामिन-बी और डी के अलावा विटामिन-सी और विटामिन के प्रचूर मात्रा में होता है। जो कि शरीर के विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता रखते हैं।

**-डॉ. संजीव शर्मा, सीएमडी रैबिसन, इलेक्ट्रोहोम्योपैथी।**

# लोकसभा चुनाव में जनता देगी बजट का जवाब : नीरज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सरकार के कार्यकाल का अंतरिम बजट 2024-25 को लेकर जहां विपक्ष में बैठी भाजपा केंद्र सरकार की जमकर सराहना कर रही है। वहीं सत्तारूढ़ कांग्रेस इस बजट को मात्र जुमलों का ढेर व जनता को बजट के नाम पर गुमराह करने की बात कर रही है।

केंद्र सरकार के पेश बजट को लेकर जिला चंबा में सत्तारूढ़ व विपक्ष से प्रतिक्रिया जाने का प्रयास किया गया। चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर का कहना है कि केंद्र द्वारा पेश बजट में आम वर्ग, मध्यम वर्ग को व विशेष कर महंगाई सहित रोजगार के संदर्भ में कोई योजना न तैयार की और न ही घोषित की गई। पेश बजट में आगामी पांच सालों में दो करोड़ पीएम आवास योजना के तहत घर बनाने की घोषणा, तीन करोड़ महिलाओं के लिए लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, स्किल इंडिया मिशन के तहत युवाओं को और अधिक प्रशिक्षित किया जाएगा, लेकिन इसके लिए बजट कहां से आएगा इसका कोई जिक्र नहीं है। वहीं कमर्शियल एलपीजी के दाम बढ़ाया गया है। जबकि जहाज में सफर किराया कम करना जैसे निर्णय से कैसे गरीब जनता व किसानों सहित बेरोजगारों के हित में केंद्र सरकार द्वारा बजट पेश किया है। इस बजट का जवाब देश की जनता लोकसभा चुनाव 2024 में अवश्य देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बजट में हर वर्ग का रखा ध्यान: जय सिंह



**चंबा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट पर जय सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने कहा कि देश के हर वर्ग को ध्यान में रखने सहित देश की आर्थिकी स्थिति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बजट पारित किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को बड़ा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठी राज्य सरकार से प्रदेश की डोर संभाली नहीं जा रही है तो वह केंद्र सरकार के पेश बजट पर अध्ययन किए बैगर ही आधारहीन बयानबाजी करने पर उतारू है। जिसकी मुख्य वजह लोस चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की हैट्रिक लगने का भय अभी से कांग्रेस को सता रहा है। जिसके चलते सत्तारूढ़ कोई भी मुद्दा हाथों से नहीं जाने दे रहा।

### भरमौर में आठ घंटे गुल रही बिजली




**भरमौर।** भरमौर में बिजली बोर्ड का एक बार फिर उपहास बन गया है। तकरीबन एक महीने तक मरम्मत के नाम पर बार-बार कट लेने के बावजूद हल्की बर्फबारी होने के एक घंटा भी यह बिजली बर्फबारी नहीं झेल पाई है। यहां बर्फबारी के शुरू होते ही बिजली एक बार फिर गुल हो गई है। वीरवार को करीब आठ घंटे पूरे भरमौर में बिजली गुल रही। जिसके कारण ठंड में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि तकरीबन एक महीना पहले विभाग ने मरम्मत कार्य किया था कि आने वाले बर्फबारी के समय में उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या से दो चार नहीं होना पड़े। इसलिए मरम्मत की जा रही है, लेकिन विभाग की बिजली लाइन बर्फ की समस्या को एक घंटे तक भी नहीं झेल पाई। जिसके कारण बिजली बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि हर वर्ष बार-बार बिजली लाइन की मरम्मत की जाती है बावजूद इसके हल्की सी बारिश बर्फबारी के कारण बिजली गुल क्यों हो जाती है। बिजली बोर्ड की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ता है। जिसके कारण समुचित क्षेत्र में बिजली बोर्ड उपहास का केंद्र बन गया है। वीरवार सुबह से ही बत्ती गुल हो जाने के कारण लोग सारा दिन इसी इंतजार में रहे कि कब बिजली आती है। तो वहीं पर कई जगह बुधवार की रात से ही बिजली गुल है।

### होटल कारोबारियों के चेहरे खिले



**डलहौजी।** डलहौजी व इसके आसपास के क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी होने से किसानों, बागबानों एवं होटल कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। उन्हें बीते दिनों क्षेत्र में पढ़ रही सूखी ठंड एवं सूखे की मार से एक और जहां फसलों का नुकसान होता दिखाई दे रहा था तो दूसरी और गर्मियों में पानी को लेकर भी चिंता सता रही थी तो होटल कारोबारी भी दिसंबर एवं जनवरी में बर्फ न होने के कारण मायूस हो चुके थे, लेकिन बीते 24 घंटे से लगातार हो रही बर्फबारी ने इन सभी के चेहरों पर खुशी ला दी है। गौर हो कि बर्फबारी को लेकर स्थानीय प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी कर दी है की स्थानीय लोग पर्यटन चिन्हित जगह पर अपने वाहन ले जाने की कोशिश न करें जिससे वह किसी बड़ी दुर्घटना का शिकार हो। इसलिए स्थानीय ड्राइवर टैक्सी चालकों की मदद लें। तो वही ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी जाने से बचें। डलहौजी तक की यातायात सुविधा अवरुद्ध है और बर्फबारी भी जारी है तो वहीं स्थानीय प्रशासन भी यातायात को बहाल करने के लिए प्रयासरत है। बता दें कि डलहौजी घूमने आए पर्यटक यकायक डलहौजी को सफेद चादर ओढ़ देखकर बड़े ही उत्साहित और खुश दिखे तो वही सोशल मीडिया पर भी डलहौजी में हुई ताजा बर्फबारी को लेकर तस्वीर साझा की जा रही हैं। तो वहीं एनएच 154 ए खड़ामुख से थोड़ा सा आगे भरमौर की तरफ खुला है।

# मिनी स्विट्ज़रलैंड खजियार ने ओढ़ी बर्फ की चादर

### सीजन की पहली बर्फबारी होने से पर्यटन स्थल के होटल कारोबारियों से लेकर पर्यटकों के चेहरे खिले



मिनी स्विट्जरलैंड खजियार में ताजा हिमपात का दृश्य।



लक्कड़मंडी खजियार का मनमोहक नजारा।



बारिश और बर्फबारी के दौरान बर्फ से ढका पलवानी माता मंदिर खजियार।

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला चंबा के पर्यटक स्थल खजियार में सीजन की पहली बर्फ बारी होने से होटल कारोबारियों से लेकर पर्यटकों के चेहरे खिल उठे है। पर्यटक स्थल खजियार में ताजा हिमपात होने के बाद यहां नजारा स्वर्ग का एहसास करवाता है। देवदार के पेड़ों से चारों ओर से घिरा एक हरा-भरे समतल मैदान के बीचों-बीच स्थित झील सहित बर्फ की सफेद मोटी चादर इस स्थल को चार-चांद लगा देती है। जिसके चलते इस स्थल को विश्व में मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से भी अलंकृत किया गया है।

गौर हो कि नव वर्ष के आगामन के पहले माह के अंतिम दिनों में हिमपात ने अपनी दस्तक देकर जहां किसानों व बागवानों को राहत प्रदान की वहीं प्रकृति पर निर्भर पर्यटक स्थल खजियार में हो रही बर्फबारी ने यहां के कारोबारियों के मायूस पड़ गए चेहरों को एक बार फिर से खिला दिया है। समुद्र तल से 1920 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, इस पहाड़ी शहर में प्राकृतिक सुंदरता के अलावा एक प्राचीन झील भी है।

इसके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यह पूरे सर्दियों में बर्फ से ढकी रहती है जिससे ऐसा लगता है जैसे इसने सफेद ऊनी कंबल ओढ़ा हो। यह वह समय है जब यह आश्चर्यजनक रूप से सुंदर है और सभी बर्फ प्रेमियों के लिए यात्रा का सबसे अच्छा समय माना जाता है। खजियार झील खजियार में एक शीर्ष पर्यटक आकर्षण है जो बर्फ की चादर से ढक गया है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं खाजी नाग, खजियार में सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है जो नागों के देवता-खाजी नाग को समर्पित है।

बहुत सारे तीर्थयात्री नाग देवता के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मंदिर में आते हैं। इसके अलावा, बर्फबारी के दौरान मंदिर बेहद खूबसूरत दिखता है और यहां पर्यटकों का आना-जाना भी लगा रहता है। घुड़सवारी यहां एक अत्यंत लोकप्रिय गतिविधि है। हालांकि फिलहाल ताजा हिमपात के चलते पर्यटक स्थल खजियार पहुंचने के लिए चंबा बाया खजियार व डलहौजी बाया खजियार दोनों ही मुख्य मार्ग बंद है, लेकिन मौसम साफ होते ही लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा दोनों तरफ के मार्ग पर्यटकों की आवाजाही के लिए खोल दिए जाते है ताकि पर्यटक खजियार के प्राकृतिक सौंदर्य का लुफ्त लें सकें। उधर, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा का कहना है कि जिला प्रशासन मौसम से जुड़ी हर परिस्थिति पर नजर बनाए हुए है। जबकि एनएच व लोक निर्माण विभाग को मार्गों को खोलने के लिए निर्देश जारी कर दिए है। फिलहाल परिस्थितियां अंडर कट्रोल है।

लोगों को बिना कारण बाहर न निकलने का परामर्श जारी किया है ताकि खराब मौसम का शिकार न बने। उन्होंने लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है और आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की अपील की है ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। (अनंत ज्ञान)

## हिमपात से बंद पड़े चंबा के मार्ग

जिला चंबा में हो रही बारिश व बर्फबारी के चलते कई संपर्क व मुख्य मार्गों पर मौसम का असर पड़ा है। जिसके चलते सिर्फ तीन रूटों के मार्ग ही खुले है। जिसमें चंबा-पठानकोट मार्ग, चंबा-सलूणी मार्ग व चंबा-तीसा मार्ग शामिल हैं। जबकि जिला का चंबा-पांगी मार्ग , चंबा-भरमौर मार्ग लोथल नाला के समीप, चंबा-भटियात बाया जोत मार्ग बंद हो गए है। वहीं खबर लिखे जाने तक चंबा-पठानकोट मार्ग पर बनीखेत में, चंबा-तीसा मार्ग में तीसा क्षेत्र में कोटी से आगे ताजा बर्फबारी का क्रम लगातार जारी रहा। जिसके चलते संभावना जताई जा रही है कि अगर रात भर मौसम के तेवर यूं ही रहते है तो शायद मुख्य व संपर्क कई मार्ग वाहनों के आवागमन के लिए बाधित हो सकते है।

## मार्गों को खोलने के दिए निर्देश

एसडीएम चंबा अरुण शर्मा का कहना है कि जिला प्रशासन मौसम से जुड़ी हर परिस्थिति पर नजर बनाए हुए है। जबकि एनएच व लोक निर्माण विभाग को मार्गों को खोलने के लिए निर्देश जारी कर दिए है। फिलहाल परिस्थितियां अंडर कट्रोल है। लोगों को बिना कारण बाहर न निकलने का परामर्श जारी किया है ताकि खराब मौसम का शिकार न बने।

# भरमौर के पहाड़ बर्फ से लकदक



बर्फबारी के दौरान जनजातीय क्षेत्र भरमौर का सुंदर नजारा।

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर में वीरवार सुबह से ही बर्फबारी का क्रम जारी रहा। बर्फबारी के कारण यहां के पहाड़ एक बार फिर से बर्फ से लकदक हो गए हैं। सुबह से ही हो रही बर्फबारी के कारण यहां पर किसानों व बागवानों ने राहत की सांस ली है। सीजन की पहली भारी बर्फबारी के चलते यहां के लोगों में खुशी का माहौल है। भरमौर के ऊंचाई वाले क्षेत्र कुगति, मणिमहेश डल झील, क्वारसी, बजोली में तीन फुट तक ताजा बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के कारण यहां का तापमान माइनस जीरो डिग्री के नीचे चला गया है, तो वहीं पर कई जगह पानी जमना भी शुरू हो गया है। सुबह से हो रही बर्फबारी के कारण यहां पर कई संपर्क मार्ग भी बंद हो गए हैं तो कई जगह वाहनों की आवाजाही भी पूरी तरह से बंद हो गई है। बर्फबारी के चलते एकाएक ठंड बढ़ जाने के कारण यहां पर लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण यहां पर जल शक्ति विभाग ने भी राहत की सांस ली है। गौरतलब है पिछले कई महीनो से यहां पर बारिश व बर्फबारी न होने के कारण कई प्राकृतिक स्रोत सूख गए थे। जिसके कारण पेयजल आपूर्ति को बहाल करना विभाग के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा था। कई महीनो से बारिश व बर्फबारी न होने के कारण किसानों की फसल भी खेतों में ही सूख गई थी और वहीं पर बागवानों के सेब की फसलों पर भी संकट के बादल मंडराने लगे थे, लेकिन अब बारिश शुरू होने के कारण यहां पर एक बार फिर से लोगों ने राहत की सांस ली है। वीरवार सुबह से ही पूरी विधानसभा क्षेत्र भरमौर में बारिश का क्रम जारी रहा। लगातार हो रही बारिश व बर्फबारी के कारण जनजातीय क्षेत्र भरमौर के कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। उधर भरमौर प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी कर लोगों से अति आवश्यक होने पर बाहर निकले की अपील की है। प्रशासन ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर न जाने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

## किसानों और बागवानों में खुशी की लहर



**तीसा।** हिमाचल में बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। जिला चंबा के चुराह में भी पिछले दो दिनों से बर्फबारी का दौर जारी रहा जिस वजह से समूचे चुराह में सभी पहाड़ियां और निचले क्षेत्रों के इलाके बर्फ की चादर से ढक गए है। बर्फबारी और बारिश की वजह से चुराह के किसानों में खुशी की लहर है। यदि समय रहते बारिश और बर्फबारी नहीं होती तो सेब की फसल, मटर और गेंहू की फसल बर्बाद हो जाती परंतु समय रहते बारिश और बर्फबारी हो गई जो फसलों के लिए लाभकारी है।

# चुराह के प्रकाश भूटानी ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर से चर्चाओं का माहौल गरमा गया है। विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी से सेवादल के अध्यक्ष रहे प्रकाश भूटानी ने टिकट के लिए आवेदन किया था परंतु किन्ही कारणों से उन्हें टिकट नहीं मिला जिस वजह से वह पार्टी से नाराज होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे।

उन्होंने वर्ष 2018 में पुलिस की नौकरी से त्यागपत्र देकर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा था। वर्ष 2019 में उन्हें कांग्रेस सेवादल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। कांग्रेस पार्टी में नाराजगी के चलते उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे।

भाजपा की कुनीतियियों से तंग आकर प्रकाश भूटानी ने शिमला सचिवालय में मुख्यमंत्री के समक्ष जाकर फिर से कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। प्रकाश भूटानी का कहना है की किन्ही कारणों से उन्होंने भाजपा का दामन थामा था। अब उन्होंने कांग्रेस पार्टी में वापस आ कर घर वापसी कर ली है। इनका कहना है जैसा पार्टी का आदेश होगा वो सर्वोपरि होगा। प्रकाश भूटानी का कहना है कि मुख्यमंत्री का आदेश है की पार्टी वर्कर के साथ मिलकर पार्टी को मजबूती की और ले जाना है।



शिमला सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ प्रकाश भूटानी

**समस्या** धरवाला के पास दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतारें, यात्री हुए परेशान

# पठानकोट-भरमौर एनएच तीन घंटे रहा बंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 ए वीरवार को धरवाला के पास खराब हो जाने के कारण तीन घंटे बंद रहा। जिसके कारण दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। जानकारी के अनुसार वीरवार को सुबह धरवाला के समीप राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर डंगा धंस जाने के कारण मार्ग बंद हो गया। जिसके कारण यात्रियों व वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

हालांकि कुछ समय बाद विभाग ने कड़ी मशक्कत करने के बाद मार्ग यातायात के लिए बहाल कर दिया। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण पठानकोट-भरमौर मार्ग पर कई जगह पहाड़ियों से पत्थर गिरने का सिलसिला भी लगातार जारी रहा। उधर खड़ामुख से होली मार्ग भी जोड़ा माता के पास भारी लैंड स्लाइड के चलते पूरी तरह से बंद हो गया। यहां पर लैंडस्लाइड के कारण पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें सड़क पर आ गई।

जिसके कारण यह मार्ग भी कई घंटे यातायात के लिए पूरी तरह से बंद रहा। यहां भी लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भरमौर प्रशासन के द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों को अति आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकले की हिदायत दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अति आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकले और ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर बिल्कुल भी न जाए।

राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 ए चंबा अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार ने कहा है कि विभाग ने इस तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयारी कर रखी है। उन्होंने कहा है कि जहां-जहां भी मार्ग खराब हो रहा है वहां पर जल्द से जल्द मशीनरी भेजकर रोड खोलने का प्रयास किया जा रहा है।



लैंडस्लाइड के चलते बंद हुआ खड़ामुख-होली मार्ग।



पठानकोट-भरमौर एनएच धरवाला के पास बंद होने से लगी वाहनों की लंबी कतार।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व वेटलैंड दिवस पर कार्यक्रम आज

**मंडी।** विश्व वेटलैंड दिवस हर साल दो फरवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष हिमाचल प्रदेश राज्य वेटलैंड्स प्राधिकरण हिमकॉस्ट द्वारा विश्व वेटलैंड दिवस शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विशेषकर गोविंद सागर झील, पौंग डैम और रेणुका वेटलैंड पर मनाया जा रहा है। राज्य स्तरीय समारोह मंडी जिले के रिवालसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें लगभग 700 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं गैर सरकारी संगठन के सदस्य भाग लेंगे। विश्व वेटलैंड दिवस 2024 का विषय वेटलैंड और मानव कल्याण है। यह दिन हर साल दो फरवरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। दो फरवरी, 1971 को ईरान के रामसर शहर में अंतरराष्ट्रीय महत्व के वेटलैंड रामसर कन्वेंशन पर हस्ताक्षर करने की सालगिरह का प्रतीक सूचक है।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन मांगे

**मंडी।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, मंडी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिला के विभिन्न विकास खंडों के 10 स्थानों में उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जानी प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि ये दुकानें विकास खंड गोपालपुर की ग्राम पंचायत खुडला के गांव बरस्वात्र, ग्राम पंचायत बरच्छवाड़ के गांव ठारू, विकास खंड बल्ह की ग्राम पंचायत सरध्वार के गांव सरध्वार, विकास खंड द्रंग की ग्राम पंचायत रोपाधार के गांव अपर बनेहड़, विकास खंड गोहर की ग्राम पंचायत गवाड़ के गांव गवाड़ व काशन, विकास खंड सुंदरनगर की पंचायत बजीहन के गांव भुहन बोरट, बरतो पंचायत के गांव जदरौण व नगर परिषद क्षेत्र सुंदरनगर के चतरोखड़ी और विकास खंड करसोग की पंचायत काहणों के दुरकणु गांव में खोली जानी हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्था अधिक जानकारी के लिए जिला नियंत्रक, खाद्य एवं आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी के कार्यालय दूरभाष नंबर 01905-222197 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सरकाघाट में समस्याओं का अंबार

**सरकाघाट।** नबाही वार्ड के जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व मंडी लोकसभा क्षेत्र की सांसद को आग्रह पत्र लिखकर उन्हें सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों से अवगत करवाया है। इस आग्रह पत्र के माध्यम से उन्होंने जाहू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण, क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय, अटल आदर्श विद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, भद्रोता क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, सरकाघाट महाविद्यालय में निर्माणाधीन सैनिक अकादमी के भविष्य व लंबित निर्माण कार्य को लेकर फैसला लेने या इसे अन्य शिक्षण संस्थान जैसे कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय के एक विस्तारित परिसर के रूप में तब्दील करने, किराये के भवनों में चल रही बतैल, मौहीं व भद्रोता की सरकारी आईटीआई के अपने भवनों का निर्माण करने, बलद्वाड़ा, सरकाघाट सिविल अस्पतालों व जमणी सीएचसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित सभी रिक्त पद भरने व जमणी सीएचसी की एंबुलेंस सेवा बहाल करने, बलद्वाड़ा को एसडीएम ऑफिस व भद्रोता को तहसील का दर्जा देने व चिट्टा नशे को जड़ से खत्म करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है। मुनीष शर्मा ने कहा कि पिछले 70 दिनों में विधानसभा क्षेत्र के 250 से अधिक गांवों में घर-घर जाकर वो इन मुद्दों पर हजारों हस्ताक्षर करवा चुके हैं।

### गागल धाम आश्रम में सत्संग चार को

**मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल की ओर से विश्व विख्यात संत श्री सुधांशु महाराज के अनुयायियों द्वारा चार फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक गागल आश्रम में सत्संग का आयोजन किया जाएगा। भक्तों के लिए मिशन की ओर से चक्कर से गागल तक सत्संग में पहुंचने के लिए गाड़ी की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस दौरान सत्संग संकीर्तन के अलावा ओम का उच्चारण भी भक्तों के सहयोग से किया जाएगा। सत्संग के बाद आरती और गुरु प्रसाद भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि सत्संग में भाग लेकर पुण्य के भागीदारी बने।

### सरकार की अनदेखी के शिकार जलरक्षक

**मंडी।** जलरक्षक महासंघ के सदस्य काफी लंबे समय से सरकार की अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। यह बात जलरक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष जवालू राम ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने उन्हें पूरा भरोसा दिलाया था कि पिछली विधानसभा सत्र के दौरान जलरक्षकों के लिए पॉलिसी बनाकर कांट्रेक्ट पीरियड 12 वर्ष से घटाकर कम किया जाएगा, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जलरक्षक महासंघ के सदस्य सरकार से आग्रह कर रहे हैं कि आने वाले बजट सत्र से पहले उनकी मांगों पर गौर किया जाए तथा उनके लिए स्थायी पॉलिसी बनाई जाए।

### ड्राइविंग टेस्ट तीन व 20 फरवरी को

**मंडी।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन (एसडीएम) कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत तीन व 20 फरवरी को छोटा पड्डल मैदान मंडी में ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। बिना फोटो, बिना फाइल तथा अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि तीन को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के लिए पहली फरवरी से जबकि 20 को होने वाले टेस्ट के लिए 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे से परिवहन डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### आ गई शिवरात्रि पिछला बकाया अभी बाकी

**मंडी।** मंडी शहर में शिवरात्रि को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है और मंडी शहर में शिवरात्रि के समय बहुत से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है साथ ही अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव भी मंडी में मनाया जाता है। जहां शिवरात्रि आठ मार्च को है तो एक महिना पहले ही प्रशासन और मंडी शहर वासियों द्वारा शिवरात्रि को लेकर तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। शिवरात्रि के दौरान सफाई व्यवस्था को बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है और नगर निगम इसमें अहम भूमिका निभाता है। शिवरात्रि को लेकर नगर निगम द्वारा तैयारियों के बारे में जब महापौर वीरेंद्र भट्ट से पूछा तो उन्होंने बताया की शिवरात्रि के दौरान नगर निगम पर बहुत से कार्यों को पूरा करने को लेकर जिम्मेदारियां दी जाती है, लेकिन पिछले वर्ष के दौरान नगर निगम मंडी के ठेकेदारों को पैसे नहीं दिए गए क्योंकि प्रशासन के पास पिछले वर्ष की लगभग 17 लाख की राशि अभी भी बकाया है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रशासन द्वारा नगर निगम के द्वारा जो कार्य किए गए थे उनकी बकाया राशि शीघ्र दी जाए ताकि आने वाली शिवरात्रि में नगर निगम द्वारा किए जाने वाले कार्य आसानी से किए जा सकें।

# अर्से के बाद हुआ हिमपात, जश्न मनाया

## बारिश और बर्फबारी फसलों के लिए फायदेमंद; लोगों ने देव कमरूनाग का जताया आभार, बर्फ का लिया आनंद



ताजा बर्फबारी के दौरान करसोग के ऐतिहासिक गांव पांगणा का विहंगम दृश्य।



सुंदरनगर की सबसे ऊंची चोटी निहरी पंडार में पड़ी बर्फ का मनमोहक दृश्य।



पराशर नगरी में हुई भारी बर्फबारी में मंदिर का मनमोहक दृश्य।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

लंबे अर्से के बाद उपमंडल मुख्यालय गोहर में हिमपात हुआ। गौरतलब है कि 2014 में भी गोहर में भारी मात्रा में हिमपात हुआ था। जिस वजह से क्षेत्र में बिजली और पानी की कई स्कीमों को भारी नुकसान हुआ था। इस वर्ष काफी लंबे ड्राई स्पेल के बाद पिछले दो दिनों से बारिश का दौर जारी है। क्षेत्र में तापमान गिरने से क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी का दौर चल रहा था।

पहली फरवरी को सुबह लगभग 11 बजे गोहर, चैलचौक, मोवीसेरी, स्यांज, डडोह, बासा बस्सी के आसपास के इलाकों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। लोगों ने इस बर्फबारी को जश्न के रूप में मनाया और बर्फ में खूब आनंद लिया। लोगों ने देव कमरूनाग की जय हो का उद्घोष किया और खुशी जाहिर की। लोगों का मानना है यह बर्फबारी किसानों के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होगी। लगभग चार महीने से क्षेत्र में सूखे जैसे हालात बने हुए थे। लोग बारिश के लिए तरस रहे थे। लोग अपने ईष्ट देवताओं को मनाने की कोशिश कर रहे थे। अब पिछले 48 घंटे से हो रही बारिश और बर्फबारी से किसान बागवानों के चेहरे की खोई हुई रौनक वापस आ गई है। किसानों का मानना है बारिश और बर्फबारी से लोगों को 50 प्रतिशत फसल की उम्मीद जगी है। यदि अभी भी बारिश और बर्फबारी न होती तो अकाल जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता था। बारिश और बर्फबारी से लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है और देवताओं का आभार व्यक्त किया है।

# बर्फबारी से किसान व बागवान हुए खुश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में लंबे इंतजार के बाद बारिश और बर्फबारी किसानों और बागवानों के लिए खुशी की सौगात लाई है। मंगलवार शाम से लगातार जारी बारिश से क्षेत्र के किसान व बागवान खुश हैं। सूखे के चलते अब बारिश की बूंदों ने धरती को नम किया है।

वहीं धौलाधार, चौहारघाटी सहित जोगिंद्रनगर की पहाड़ियों में भी बर्फबारी का क्रम जारी है। एक तरफ सूखे की मार झेल रहे खेत खलिहान अब खिलने लगे हैं। मौसम की बेरुखी के चलते प्राकृतिक स्रोतों में भी पानी की कमी हो गई थी जो अब बारिश ने पूरी कर दी है।

गेहूं की फसल सूखने की कगार पर थी, लेकिन बारिश ने गेहूं, मटर, आलू, जौ व अन्य फसलों को संजीवनी प्रदान की है। वहीं मंगलवार शाम से ही बारिश की बूंदों ने अपनी दस्तक दे दी थी और

### मंडी जिले में 54 सड़कें हुई बाधित

**मंडी।** मंडी जिला में पिछले दो दिनों से हो रही बर्फबारी के कारण 54 सड़कें बाधित हुई हैं, तो कई ट्रांसफार्मर भी बंद पाए गए हैं। जानकारी के अनुसार सब-डिवीजन सराज में 18, सब डिवीजन थलौट में 24, करसोग में आठ और गोहर क्षेत्र की चार सड़कें बाधित हुई हैं। बाधित हुई सड़कों में 51 लिंक रोड शामिल हैं। वहीं जिलेभर में 704 ट्रांसफार्मर में सबसे अधिक गोहर में 313 ट्रांसफार्मर बाधित हुए हैं। वहीं सुंदरनगर के 182, करसोग के 107, मंडी के 38 और जोगिंद्रनगर के 64 ट्रांसफार्मर बंद हुए हैं। वहीं डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि बाधित हुई सड़कों को शीघ्र ही बहाल किया जाएगा।

**सूखे की मार झेल रहे खेत खलिहान हुए तर**

जोगिंद्र नगर की पहाड़ियों में बर्फबारी का क्रम भी शुरू हो गया था जो वीरवार शाम को भी लगातार जारी रहा।

क्षेत्र के किसान और बागवान लंबे अरसे से बारिश की बाट जोह रहे थे, लेकिन अब बारिश भी लगातार हो रही है जिससे किसान और बागवान खुश नजर आ रहे हैं। वहीं बारिश और बर्फबारी के चलते समूचे जोगिंद्रनगर में शीतलहर है और कुल मिलाकर मौसम खुशगवार बना हुआ है।

# केंद्र का अंतरिम बजट आंकड़ों का मायाजाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रह्मदास चौहान ने अंतरिम बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अंतरिम बजट पेश कर आंकड़ों का मायाजाल फैलाया है, जिसको केवल बुद्धिजीवी वर्ग ही समझ सकता है। अंतरिम बजट में कहा कि सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और गरीब कल्याण योजना में 34 लाख करोड़ रुपए खातों में भेजे हैं, जबकि हिमाचल में तो कोई गरीब गरीबी रेखा से ऊपर नहीं उठा। भाजपा सरकार कब तक झूठे आंकड़े पेश करती रहेगी। चौहान ने कहा कि सरकार कहती है कि एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनीं और अब 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है, तो मैं केंद्र सरकार से पूछना चाहता हूं कि हिमाचल में तो कोई महिला लखपति नहीं बनी तो यह कहां बनी है भाजपा बताए। उन्होंने कहा कि साइट चलती नहीं और कहते हैं कि 11.8 करोड़ किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ मिला, तो खाद और बीज महंगा क्यों किया। नए किसान योजना का लाभ साइट न चलने की वजह से नहीं ले पा रहे हैं। कुछ किसानों की राशि तो उनके खातों से वापस ले ली है फिर काहे के आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने जो काम गिनाए वह केवल आंकड़ों का मायाजाल है।

# वन मित्र भर्ती परीक्षा आज से

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

**नाचन वन मंडल में 58 पदों पर की जाएगी भर्ती, ग्राउंड बासा में होगी शारीरिक परीक्षा**

नाचन वन मंडल के अंतर्गत भर्ती किए जा रहे 58 वन मित्रों के ग्राउंड टेस्ट की तिथियां घोषित कर दी गई है। वन मंडल अधिकारी नाचन एसएस कश्यप ने बताया कि दो फरवरी से वन मित्र भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा कॉलेज ग्राउंड बासा में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो फरवरी को नाचन रेंज के वन बीट, बासा, मच्छरोट, डलोगी, जबराट, चच्योट, खारसी, तांदी, चैलचौक, हलिणू, देओधार बस्सी, कोटलू, तुना, कमरूनाग, लोट, ज्योग, जहल, देवीदहड़ और बुधराग की, तीन फरवरी को पंडोह रेंज की वन बीट, पंडोह, तबा, बदानु, दलीकर, छपराहण, सरोआ करथाछ, कल्हणी, बांदल और शलोइ की, पांच फरवरी को सराज रेंज की वन बीट जंजैहली, तुंगासी, राहकोट, थुनाग, बारा, बगस्याड़, रैनधार, घटाधार निहरी, घाटीहाड़, शिल्हबागी, चीऊणी, केऊलीनाल, वायला और रियाडा की व छह फरवरी को थाची रेंज (स्थित बालीचौकी) के अंतर्गत आने वाली वन बीट, थाची, देओथाच कलीपर, बूंग, बालीचौकी, देवधार, पंजाई, बसाण, टिक्की, परखोल, खणी, गाड़ागुसैणी, बगड़ा और डाहरघाट वन बीट के वन मित्र अभ्यर्थियों के ग्राउंड टेस्ट होंगे।

# शिव धाम परियोजना में हलचल प्रबंध निदेशक ने किया दौरा

## मंडी में 175 करोड़ से तैयार होगा संपूर्ण ड्रीम प्रोजेक्ट

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**



शिवधाम परियोजना स्थल कांगणीधार में निरीक्षण करते प्रबंध निदेशक राजीव कुमार।

पर्यटन नगरी कुल्लू मनाली के प्रवेश द्वार पर मंडी में निर्माणाधीन शिव धाम प्रोजेक्ट का पहला चरण शीघ्र ही पूरा हो सकता है। कुछ माह पूर्व बंद पड़ी इस परियोजना स्थल पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य और उनकी माता सांसद प्रतिभा सिंह के अचानक दौरे से ही यह आभास हो गया था।

इसी कड़ी में अब हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार द्वारा वीरवार को स्थल निरीक्षण करने से यह संभावना और भी बलवती हो गई है। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का यह संपूर्ण ड्रीम प्रोजेक्ट लगभग 175 करोड़ रुपए से बनकर तैयार होगा, जबकि इसके प्रथम चरण के लिए 40 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें से केवल 16.62 करोड़ ही खर्च किया गया है। अब शेष कार्य 33.44 करोड़ से किया जाना है।

प्रथम चरण में पहाड़ी की कटिंग, जमीन को समतल करना तथा मंदिर निर्माण शामिल है। यह चरण सितंबर 2022 तक पूरा होना था लेकिन निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने हाथ खड़े कर दिए। तब से ही यहां कार्य ठप पड़ा हुआ है। इसी दौरान प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद इस ओर कुछ भी नहीं किया गया। इस परियोजना का विधिवत शिलान्यास 27 फरवरी 2021 को किया गया था।

यह प्रोजेक्ट छोटी काशी मंडी को धार्मिक पर्यटन के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए यह एक बहुत बड़ी सौगात होगी। साथ ही साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आज

**मंडी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में दो फरवरी को सरकाघाट उपमंडल के रखोटा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत रखोटा में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। इससे पहले उपमुख्यमंत्री सरकाघाट में उठाऊ पेयजल योजना नौबाही-बेहल-जुकैण के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे।

अग्निहोत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल शक्ति विभाग के सरकाघाट और भदरबाड़ उपमंडलों में पेयजल योजनाओं के टिकाऊ वितरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। उपमुख्यमंत्री सरकाघाट में ही बलद्वाड़ा, भदरोटा और गोपालपुर विकास खंड के कुछ क्षेत्रों की ग्रामीण पेयजल योजनाओं के सोर्स की सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री मंडी के लिए रवाना होंगे। जहां वह एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# अपूर्व देवगन ने संभाला मंडी के उपायुक्त का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, मंडी**



भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2015 बैच के अधिकारी अपूर्व देवगन ने वीरवार को उपायुक्त मंडी के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया। अपूर्व देवगन इससे पहले जिला चंबा में बतौर उपायुक्त सेवाएं दे रहे थे। वे मंडी जिला के 41वें उपायुक्त होंगे। नए उपायुक्त को निवर्तमान उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने प्रभार सौंपा। अपूर्व देवगन हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह एसडीएम बंजार व करसोग और अतिरिक्त उपायुक्त शिमला भी रह चुके हैं। उपायुक्त मंडी का कार्यभार संभालने के उपरांत उन्होंने जिला के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जिला वासियों से जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग व योगदान का आग्रह किया। वह सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए टीम भावना से जिले का विकास करेंगे।

### बरोटी में खुला कस्टम हायरिंग सेंटर

**सरकाघाट।** राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तत्वावधान में धर्मपुर उपमंडल के बरोटी में कस्टम हायरिंग सेंटर का विधिवत लोकार्पण ग्राम पंचायत सरसकान के प्रधान उमेश ललित ने किया। ग्राम संगठन आशा की किरण द्वारा संचालित किए जा रहे इस केंद्र में क्षेत्रीय किसानों को कृषि उपकरण किराये पर उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने बताया कि खेती में अच्छी पैदावार के लिए किसान की मेहनत, खाद, बीज और सिंचाई के साथ-साथ उपकरणों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। खेती में यंत्रीकरण से उत्पादन एवं उत्पादकता दोनों में बढ़ोतरी होती है।

### क्विज में इशान साकार स्कूल प्रथम



प्रतिभागी बच्चे मुख्य अतिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

**सुंदरनगर।** स्पेशल ओलंपिक भारत चेतना संस्था के अंतर्गत जिला मंडी इकाई द्वारा बौद्धिक अक्षम बच्चों के लिए एकदिवसीय जिला स्तरीय क्विज ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सुंदरनगर के धनोटू में किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में नाचन विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद कुमार व समापन समारोह के मुख्यातिथि राजेंद्र पाल ठाकुर डीजीएमई ब्लॉक को-ऑपरेटिव सोसायटी गोहर और विशेष अतिथि अनुपमा सिंह प्रो. वाइस चांसलर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी रहे। इस प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें से 30 ग्रुप बनाए गए। इन 60 प्रतिभागियों में 20 बच्चे साकार स्पेशल स्कूल सुंदरनगर, 30 बच्चे सहयोग स्पेशल स्कूल नागचला और 10 बच्चे डाइट एसएसए मंडी ने भाग लिया। इन 60 प्रतिभागियों में से छह ग्रुप का चयन सेमीफाइनल तथा फाइनल राउंड के लिए किया गया। इनमें से प्रथम स्थान पर ग्रुप ए सूरज और इशान साकार स्कूल मंडी, दूसरे स्थान पर ग्रुप सी मनीष और विशाल डीएवी स्कूल सुंदरनगर, तीसरे स्थान पर ग्रुप ई राधा और अंजलि सहयोग स्पेशल स्कूल नागचला और चौथे स्थान पर ग्रुप एफ प्रदीप और दामिनी सहयोग स्पेशल स्कूल नागचला रहे। प्रतियोगिता में सीआरसी सुंदरनगर के स्वयंसेवक तथा परीक्षक खुशहाली शर्मा, गौरव शर्मा क्विज मास्टर व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### डीएसपी करसोग ने पदभार संभाला



**करसोग।** आईपीएस अधिकारी तिरुमला राजू एसडी वर्मा ने डीएसपी करसोग का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने शराब, अवैध खनन समेत आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने की योजना तैयार करने की बात कही। वीरवार को पदभार संभालने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि करसोग उपमंडल को अपराध मुक्त बनाने का हरसंभव प्रयास होगा। करसोग में सड़क हादसों को रोकने, अवैध खनन, नशा, चिट्टा तस्करी समेत आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने को प्राथमिकता पर रखा जाएगा। इसके लिए शीघ्र कार्य योजना तैयार की जाएगी। जिला की सीमाओं से जुड़े होने के चलते हर तरह की तस्करी रोकने और अपराध की वारदातों पर अंकुश लगाने को हरसंभव प्रयास होगा। पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाकर आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाया जाएगा।

**समस्या** दरकने लगी विश्व कर्मा मंदिर के साथ की पहाड़ी, पुल पर हो रहा जल भराव

# डंगा लगाने के बाद भी गिर रहे हैं पहाड़ी से पत्थर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विश्वकर्मा चौक के सामने की पहाड़ी से दरक रहे पत्थर।



पहाड़ी के नजदीक विश्वकर्मा मंदिर के साथ वाले पुल में हुआ जल भराव।

पिछली बरसात के दौरान विश्वकर्मा चौक के सामने की पहाड़ी पूरी तरह से दरक गई थी। नगर निगम के थनेहड़ा वार्ड की इस पहाड़ी पर विभाग की ओर से डंगा तो लगा दिया गया है, लेकिन मलबा व पत्थर अभी भी पहाड़ी पर ही लटके हुए हैं। लगातार हो रही बारिश से मलबे के बीच में फंसे पत्थर गिरना शुरू हो गए हैं। हालांकि सड़क की मरम्मत के कार्य के चलते यहां पर वाहनों की आवाजाही इन दिनों बंद है, लेकिन पैदल राहगीरों का आना-जाना इसी रास्ते से हैं। पहाड़ी से गिरते पत्थरों के बीच में राहगीर जान जोखिम में डालकर गुजर रहे हैं। वहीं अगर चौक पर बने पुराने पुल की बात करें तो यहां पर लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खुलती हुई नजर आ रही है। लगातार हो रही बारिश के कारण पुल से पानी की निकासी न होने से यहां पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दो पहिया वाहन चालक तो अपनी जान जोखिम में डालकर पुल पार करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों व वाहन चालकों ने विभाग से पहाड़ी से मलबा उठाने व निकास नालियों को दुरुस्त करने की मांग उठाई है। वहीं नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा चौक के पास डंगे का एस्टिमेट लोक निर्माण विभाग व प्रशासन को भेज दिया है लेकिन अभी तक प्रशासन ने पैसा जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रशासन इस पैसे को या नगर निगम के पास दे या फिर लोक निर्माण विभाग द्वारा इस कार्य को शीघ्र करवाया जाए। इस बारे में जब लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता धर्मेंद्र कुमार वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि निकास नालियां मिट्टी और गाद से बंद हो गई हैं। बंद पड़ी निकास नालियों को जल्द दुरुस्त करवा दिया जाएगा।



जिला लाहौल स्पीति के रालिंग गांव में ताजा बर्फ के बीच मस्ती करती नन्हीं बच्ची अर्शिता आनंद।



शीत मरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के रालिंग गांव में तीसरे दिन भी बर्फबारी का क्रम जारी रहा। इस दौरान गांव व साथ लगते क्षेत्र में बिछी बर्फ की सफेद चादर।





सैंज घाटी के शांघड़ स्थित शङ्गचुल महादेव की स्थली में बर्फ से बनाई भोलेनाथ जी की प्रतिमा जो कि सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। सौजन्य : पाठक



पर्यटन नगरी मनाली में बर्फबारी के बीच नन्हा बच्चा ओम ठाकुर मस्ती करता हुआ।

# बारिश-बर्फबारी से थमी जिंदगी की रफ्तार

## कुल्लू जिले में बर्फबारी-बारिश से 67 सड़कें व 397 डीटीआर बंद, अंधेरे के आगोश में अधिकतर गांव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला में वीरवार को भी बारिश व बर्फबारी का क्रम लगातार जारी रहा। एक ओर जहां लोग बर्फबारी-बारिश होने से खुश हैं और खुशियां मना रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर दोनों जिला में जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। दोनों जिलों में सड़कें, बिजली, पानी की समस्याएं पैदा हो गई हैं।

हालांकि पर्यटकों और पर्यटन कारोबार के लिए बर्फबारी संजीवनी से कम नहीं है लेकिन इससे लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं। कुल्लू व लाहौल-स्पीति में बर्फबारी से जिंदगी की रफ्तार थम गई है। यातायात, बिजली और पेयजल व्यवस्था पर सबसे अधिक असर देखने को मिल रहा है। तमाम सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। पेयजल योजनाएं जाम होने से कई इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है। कुल्लू जिला के विभिन्न क्षेत्रों सहित मनाली के आधे इलाके में आठ घंटों से ब्लैकआउट है। कुल्लू में भी दिनभर बार बार बिजली कट लगने के कारण लोगों को दिक्कतें पेश आई। वहीं, बारिश बर्फबारी के चलते कुल्लू जिले में दो एनएच और 67 लिंक रोड बंद हो गए हैं। हालांकि इससे अभी तक कोई नुकसान होने की जानकारी नहीं है।

वहीं, जिला कुल्लू में 397 डीटीआर भी बंद पड़ गए हैं। जिसके चलते खासकर मनाली क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई है। इसके अलावा जिले के अधिकतर इलाके अंधेरे में डूब गए हैं। बर्फबारी से अटल टनल रोहतांग होकर मनाली-केलांग नेशनल हाईवे सहित कई सड़कें बाधित हो गई हैं। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बर्फबारी के चलते लाहौल में भी तमाम बस रूट्स बंद पड़ गए हैं।



चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे पर मनाली के समीप सुबह के समय गुजरते वाहन।





पर्यटन नगरी मनाली में नए पुल के पास बर्फबारी के कारण देवदार का पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हुए वहां खड़े वाहन।

### मनाली में पेड़ गिरा, गाड़ियां हुई क्षतिग्रस्त

**पर्यटन** नगरी मनाली में नए पुल के पास बर्फवारी के बीच एक देवदार के पेड़ गिर गया, जिस कारण यहां पार्क की गई सात से अधिक गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार जिस समय पेड़ गिरा उस दौरान वाहनों में कोई भी मौजूद नहीं था। जिस कारण किसी तरह का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पेड़ गिरने के कारण करीब सात वाहनों को नुकसान हुआ है।

### डोभी, कटराई से आगे आवाजाही बंद

**बर्फबारी** से मनाली-लेह और कुल्लू-मनाली हाईवे तीन के साथ औट-बंजार-सैंज हाईवे 305 पर बस सेवा बंद हो गई है। वहीं, चंडीगढ़- मनाली नेशनल हाइवे में कटराई और डोभी से आगे पर्यटकों की मनाली की ओर फोर बाई फोर वाहनों के अलावा अन्य सभी वाहनों की आवाजाही बंद है। आनी का जिला मुख्यालय कुल्लू से संपर्क कट गया है।

### कहां कितनी हुई बर्फबारी

**जनजातीय** ज़िला लाहौल स्पिति में जिला मुख्यालय केलांग में 1 फुट, सिस्सू डेढ़ फीट, अटल टनल के साउथ पोर्टल में 4.5 फुट, नार्थ पोर्टल में करीब 2 फुट, कोकसर में 1.5 फुट, तिन्दी 1 फुट, उदयपुर 9 इंच ताज़ा बर्फबारी हुई है। वहीं, कुल्लू ज़िला के सोलंगनाला 2 फुट, मनाली में आधा फुट, जलोडीपास में 2.5 फुट बर्फबारी हुई है।

भारी बर्फबारी को देखते हुए लोग अनावश्यक यात्रा न करें क्योंकि हिमस्खलन गिरने का खतरा बना रहता है। किसी भी आपातकालीन से संबंधित सूचना जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष दूरभाष के माध्यम से 89880 92298 में संपर्क कर सकते हैं।

**-राहुल कुमार, उपायुक्त लाहौल-स्पीति**

# पतलीकूहल में सीजन का पहला हिमपात



पतलीकूहल क्षेत्र के दुआड़ा गांव में बर्फबारी के बाद का विहंगम दृश्य।

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पहली फरवरी को पतलीकूहल में विंटर सीजन का पहली बर्फबारी होने से कई महीनों की खुश्की से लोगों को निजात मिली है। पतलीकूहल में ताजा बर्फबारी दो इंच तक रिकार्ड की गई। यहीं पर इसके ऊंचाई वाले गांवों हलाण-एक, हलाण-दो, दच्चाणी, फलाइन, बरनोट, जाणा, चचोगी, रूमसू, शांगचर, शेगली कशेरी, काथी कुकड़ी क्षेत्र में आधा फुट व इससे अधिक बर्फबारी हुई है।

पतलीकूहल के बागवान विरेंद्र अवस्थी, जैंडी के राजीव ठाकुर, आदि ने बताया कि इस वर्ष लोग बीते वर्ष के दिसंबर महीने में बर्फबारी की राह देख रहे थे मगर मौसम का मिजाज उनकी आशा के अनुरूप नहीं उतरा, क्योंकि अकसर क्रिसमस व न्यू ईयर पर बर्फबारी होने की चाह लोगों को मनाली की ओर खींच लाती है। मगर अब इन त्यौहारों पर बर्फबारी के होने की आशा खरी नहीं उतर रही है। मौसम का मिजाज इन दिनों से पहले व बाद में बरसता है जिसके लिए यहां आने वाले सैलानी अब क्रि समस व न्यू ईयर पर कुदरत के करिश्मे का नजारा देख नहीं पाते हैं। इस वर्ष नए वर्ष के एक महीने के बाद पतलीकूहल में सीजन का पहला हिमपात हुआ है, जिससे विशेषकर किसानों व बागवानों ने राहत की सांस ली हैं।

क्षेत्र का बागवान कई महीनों से खुश्क चले रहे मौसम की तासीर से कृषि व बागवानी कार्य को तरजीह नहीं दे पा रहा था। बीते मंगलवार से जिस तरह से पश्चिमी विक्षोप का असर शुरू हुआ, उससे बुधवार की सुबह कुल्लू व लाहौल-स्पीति की तमाम पर्वतमालाओं पर बर्फवारी हुई और इसी क्रम में गुरुवार को मौसम का मिजाज पतलीकूहल क्षेत्र में भी बर्फबारी करने में सक्षम रहा जिससे लोगों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। (अनंत ज्ञान)

# उपायुक्त आशुतोष गर्ग को दी विदाई पार्टी

**कुल्लू।** वीरवार को उपायुक्त कार्यालय कुल्लू में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिल कर उपायुक्त आशुतोष गर्ग को विदाई पार्टी दी। उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि उनका कुल्लू जिला का कार्यकाल हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें लोगों की समस्याओं व शिकायतों के प्रति हमेशा संवेदनशील और सकारात्मक रहना चाहिए, क्योंकि वे बड़ी आशा ओर उम्मीद लेकर के साथ हमारे पास आते हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, एसडीएम विकास शुक्ला, सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी, डीआरओ ने भी अपने विचार रखे। उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने उपायुक्त को सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में शैक्षणिक संस्थान बंद

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में लगातार बर्फबारी और बारिश का क्रम जारी है। ऐसे में अधिकतर बस रूट भी बाधित हो गए हैं, जबकि रास्तों में भी बर्फबारी के कारण फिसलन हो गई है। ऐसे में दोनों ही जिला में प्रशासन की ओर से फिलहाल सभी शिक्षण संस्थानों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। मौसम विभाग द्वारा 31 जनवरी से दो फरवरी तक अलर्ट में जारी किया गया है और भारी बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है, इसलिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग की ओर से जारी अलर्ट के मद्देनजर कुल्लू जिला प्रशासन ने जहां कुल्लू, बंजार व मनाली में दो फरवरी तक सभी शिक्षण संस्थानों को बंद करने का निर्णय लिया गया है जबकि जिला के आउटर सिराज क्षेत्र में पहले ही विंटर की छुट्टियां हैं। वहीं जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भी जिला प्रशासन की ओर से तीन फरवरी तक सभी सरकारी व प्राइवेट शिक्षण संस्थानों को बंद रखने की अधिसूचना जारी की गई है। उधर, एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने जारी अधिसूचना में कहा है कि जिला के विभिन्न हिस्सों में बर्फबारी और बारिश के कारण सड़कें बाधित हो गई हैं, ऐसी परिस्थितियों में स्कूल कर्मचारियों एवं छात्रों, कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रशिक्षुओं के लिए आवाजाही सुरक्षित नहीं हो सकती है।

जिला प्रशासन ने सभी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 के तहत आदेश जारी कर निर्देश दिया है कि जिला के सभी सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान, स्कूल, आईटीआई, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र सहित आंगनबाड़ी एक फरवरी दोपहर 12 बजे से और दो फरवरी तक तत्काल प्रभाव से बंद रखने के लिए कहा गया है। इन संस्थानों के प्रमुख सार्वजनिक सुरक्षा और संरक्षा का मामला होने के कारण उपरोक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

उधर, लाहौल-स्पीति में भारी बर्फबारी के चलते सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त लाहौल-स्पीति ने आदेश जारी करते हुए सभी शैक्षणिक संस्थानों को तीन फरवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं।



बारिश व बर्फबारी के कारण जिला में ठंड बढ़ गई है, ऐसे में कुल्लू के लोअर ढालपुर में अलाव का सहारा लेते दुकानदार।

# कुल्लू और लाहौल-स्पीति में वाहन पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट की तिथियां जारी

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू जिला और लाहौल-स्पीति में वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथियां जारी हो चुकी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश भंडारी ने बताया कि परिवहन विभाग के द्वारा जिला कुल्लू और लाहौल-स्पीति में विभिन्न स्थानों पर वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तय की गई तिथियों को जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिला कुल्लू के मनाली में सात, 15 व 23 फरवरी को वाहनों की पासिंग तथा आठ फरवरी को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। इसके साथ ही कुल्लू में पांच, नौ, 16 व 22 फरवरी को वाहनों की पासिंग होगी और छह तथा 21 फरवरी को ड्राइविंग टेस्ट होगा।

वहीं, बंजार में 17 फरवरी को वाहनों की पासिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट होंगे। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति जिला के उदयपुर में 19 फरवरी तथा केलांग में 20 फरवरी को ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग होगी।

# पार्वती प्रोजेक्ट के कामगारों के लिए लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

पार्वती हाइड्रो प्रोजेक्ट चरण-दो में कार्यरत कामगारों के लिए जागरूकता शिविर के साथ स्वास्थ्य संबंधी जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड जिला कुल्लू कार्यालय के द्वारा पार्वती हाइड्रो प्रोजेक्ट चरण-दो गांव शिल्हा डॉ. बरशैणी तहसील भुंतर जिला कुल्लू में कार्यरत सभी कामगारों के लिए जागरूकता शिविर के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य संबंधी जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों के जन कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में भी नवीनतम जानकारी को श्रम कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक दी गई।



पार्वती हाइड्रो प्रोजेक्ट के कामगारों की शिविर में स्वास्थ्य जांच करते हुए चिकित्सक।

स्वास्थ्य खंड अधिकारी जरी, जिला कुल्लू के कार्यालय से चिकित्सा अधिकारी अंशुल के साथ आई चिकित्सा टीम के द्वारा शिविर में श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस बारे में विभाग के अधिकारी द्वारा जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर के दौरान यह भी आश्वस्त किया गया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के जन कल्याण कार्यक्रमों का इसी तरह भविष्य में जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहेगा जिससे असंगठित कामगारों एवं उनके परिवारों को योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जा सके।

**आस्था** | विकास युवक मंडल समाणा के सदस्यों ने बारिश-बर्फबारी के लिए देवी-देवताओं का किया शुक्रिया

# बर्फबारी होने की खुशी में त्रियुगी नारायण देवता के मंदिर में बांटा हलवा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

बारिश व बर्फबारी का पिछले काफी समय से इंतजार कर रहे किसान बागवानों का इंतजार खत्म हो गया है। लगातार तीन दिनों से आसमान से राहत की फुहारें बरस रही हैं ऐसे में पहले जहां लोग देवी देवताओं से बारिश व बर्फबारी को लेकर मन्नतें मांग रहे थे, वहीं अब राहत मिलने के बाद देवी-देवताओं के मंदिरों में जाकर धन्यवाद भी कर रहे हैं। जिलाभर में किसान-बागवानों और पर्यटन कारोबारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

बर्फबारी और बारिश का इंतजार कर रहे लोगों की मनोकामना पूर्ण होने की खुशी में जिला कुल्लू की लगघाटी में विकास युवक मंडल समाणा के सदस्यों ने बर्फबारी होने की खुशी में त्रियुगी नारायण देवता के मंदिर में माथा टेककर देवता से सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही सभी सदस्यों की ओर से मंदिर में हलवा बनाकर जहां पहले देवता को भोग लगाया गया, वहीं उसके बाद अन्य लोगों को हलवा बांटकर खुशी के पल एक-दूसरे के साथ साझा किए।

घाटी सहित जिलाभर में लोग बर्फबारी और बारिश होने पर अब देवी-देवताओं के आगे नतमस्तक हो रहे हैं और अच्छी बारिश और बर्फबारी की कामना कर रहे हैं। घाटी की मानगढ़ पंचायत के उपप्रधान ख्याल ठाकुर ने बताया कि गांव के युवक मंडल की ओर से वीरवार को देवता त्रियुगी नारायण के मंदिर में हलवा बांटकर सुख समृद्धि की कामना की गई, साथ ही अगले साल भी इसी तरह भी बारिश व बर्फबारी होने की कामना की गई।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर जय चंद, चुनी लाल, बिंटू राम, आत्मा राम , मान सिंह, छपे राम सहित अन्य युवा इस मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि हालांकि इस बार बारिश और बर्फबारी देरी से हुई है लेकिन अब उम्मीद है कि अच्छी बारिश-बर्फबारी होगी। (अनंत ज्ञान)





गांव तिऊन स्थित माता फुंगणी के मंदिर में बर्फ का मनमोहक दृश्य तथा त्रियुगी नारायण देवता के मंदिर में हलवा बांटकर बर्फबारी और बारिश होने की खुशी मनाते हुए।

### बारिश व बर्फबारी से लोगों के चेहरे खिले

**उधर,** लगघाटी के सभी क्षेत्रों सहित ग्राम पंचायत मानगढ़ के सबसे ऊंचे और आखिरी गांव तिऊन और माता फुंगणी के मंदिर में भी बर्फबारी हो रही है। यहां पर करीब साढ़े तीन फीट बर्फबारी हुई है और बर्फबारी का क्रम लगातार जारी है। लिहाजा, लगघाटी में लगातार हो रही बारिश व बर्फबारी से लोगों के चेहरे खिल गए हैं और लोग देवी-देवताओं से खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

# बूथ स्तर पर वर्कर्स करेंगे प्रोग्राम और नुक्कड़ सभाएं : सुमन

## इसी सप्ताह होगी शुरुआत, आम परिवार से ताल्लुक रखता हूं, नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरूंगा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

जिला कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा है कि आने वाले लोकसभा चुनावों से पहले जिला के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करने के लिए इसी सप्ताह से प्रयास शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर इन कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू किया जाएगा।

वीरवार को हमीरपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने आम परिवार से ताल्लुक रखने वाले उन जैसे व्यक्ति को जो मौका दिया है, उस पर वे खरा उतरेंगे। पार्टी ने पहले भी जितनी जिम्मेदारियां उन्हें सौंपी उन्हें बेहतर तरीके से निभा कर अंजाम देने का प्रयास किया गया है। उनके परिणाम भी पार्टी नेतृत्व देख चुका है। (अनंत ज्ञान)



बैठक के बाद हमीरपुर शहर से होते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सुमन भारती।

### निष्क्रिय होंगे बाहर

जिला कांग्रेस कमेटी में भी उन्होंने जल्दी ही पुनर्गठन करने का भी ऐलान किया है, लेकिन उनका कहना था कि वे सबसे पहले ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का दौरा करेंगे। वहां बैठकें आयोजित करने के बाद जांचेंगे कि कौन-कौन से वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी के लिए समय दे रहे हैं, जो निष्क्रिय हो गए होंगे, उन्हें कोई और काम सौंपा जाएगा। ईमानदार और वरिष्ठ लोगों को आगे किया जाएगा जो जिला कांग्रेस कमेटी की आन, बान और शान बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकें।

### चुनौतियां भी हैं खूब

जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वे किसान के बेटे हैं। खुद जानते हैं कि कार्यकर्ताओं की नर्सरी कैसे तैयार की जाती है। कौन-से पौधे को कहां सिंचाई की जरूरत है। किस मौसम की जरूरत है, अब क्योंकि मौसम लोकसभा चुनावों का है। चुनौतियां भी खूब हैं, लेकिन एक साल की सुक्खू सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक ले जाने के लिए बड़े स्तर पर जिला भर में कार्यक्रम होंगे। जिनकी शुरुआत इसी सप्ताह हो जाएगी। नुक्कड़ सभाओं से जिला की जनता को जागरूक किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सेरा स्कूल के स्टूडेंट्स ने ली ऑन जॉब ट्रेनिंग


ऑन जॉब ट्रेनिंग के बाद बच्चे, अध्यापक व ट्रेनर सामूहिक चित्र में।

**धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा के स्टूडेंट्स ने तीन दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रौद्योगिकी संस्थान जिला कांगड़ा से की। प्रधानाचार्य बीएल कौशल ने बताया कि सेरा स्कूल के कक्षा 9वीं और 11वीं के 39 स्टूडेंट्स ने आईटीआई नैनपुर में इस तीन दिवसीय ट्रेनिंग में बहुत-सी बातों का ज्ञान लिया, जो बच्चों के भविष्य में बहुत काम आने वाली है। इस ट्रेनिंग के दौरान बच्चों के साथ अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### बौद्धिक अक्षम बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता 12 को

**हमीरपुर।** स्पेशल ओलंपिक भारत हिमाचल प्रदेश के तहत पहचान स्पेशल स्कूल 12 फरवरी को हमीरपुर में बौद्धिक अक्षम बच्चों के लिए क्विज ज्ञान प्रतियोगिता करेगा। पहचान संस्थान की अध्यक्ष चेतना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन अणु डिग्री कॉलेज हमीरपुर में होगा। इस प्रतियोगिता में 12 से 25 वर्ष तक के बौद्धिक अक्षम बच्चे हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। पहले चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी। जिला स्तर पर चुने गए विशेष बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, जो कि बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, नवीनतम घटनाएं , राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर की घटनाओं के बारे में प्रश्न पूछे जाएंगे। यह प्रतियोगिता सुबह 10 से लेकर दोपहर तीन बजे तक होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहचान संस्था की अध्यक्ष चेतना शर्मा के मोबाइल नंबर 98179-77528 से संपर्क कर सकते हैं।

### पांच को अंब से अयोध्या रवाना होगा पहला जत्था

**टौणी देवी।** देवभूमि को रामजन्म भूमि से जोड़ने के लिए विशेष ट्रेन अंब रेलवे स्टेशन से पांच फरवरी को रवाना होगी। यह जानकारी राज्य भाजपा कार्यकारिणी सदस्य एवं श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या यात्रा के सुजानपुर मंडल के प्रमुख विजय बहल ने दी। उन्होंने बताया कि रेल अंब-अंदौरा से ऊना, चंडीगढ़, अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद, आलमगढ़, लखनऊ होते हुए 942.47 किलोमीटर सफर तय कर अयोध्या श्रीराम जी की नगरी में पहुंचेगी। यात्री 17 घंटे 37 मिनट का सफर कर अयोध्या में श्रीराम जी के दर्शन कर पाएंगे। अगले दिन श्रद्धालु इसी ट्रेन से वापस भी आ सकेंगे। रेल विभाग द्वारा ऊना से अयोध्या नगरी के लिए चलाई जा रही विशेष ट्रेन का लाभ ऊना जिला सहित हमीरपुर, बिलासपुर के लोगों को भी मिलेगा। विजय बहल ने कहा है कि सभी यात्री जिन्होंने पहले से ही पंजीकरण करवाया है पांच फरवरी को चार बजे तक अंब रेलवे स्टेशन पहुंच जाएं।

### एसपी पदम चंद ने हमीरपुर में किया ज्वाइन

**हमीरपुर।** आईपीएस अधिकारी पदमचंद ने हमीरपुर के एसपी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। शाम को वे हमीरपुर पहुंचे और पहुंचते ही कार्यालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिले में हुई उनकी तैनाती चुनौती पूर्ण भी रहेगी, लेकिन वर्ष 2015 के बैच के आईपीएस अधिकारी इससे पहले एसपी क्राइम ब्रांच सीआईडी शिमला में सेवाएं दे रहे थे 2017 में कुल्लू जिला के एसपी भी रह चुके हैं। वे डॉ. आकृति शर्मा के स्थान पर यहां स्थानांतरित होकर आए हैं क्योंकि आकृति शर्मा पहले आईआरबीएन बटालियन वनगढ़ में बतौर कमांडेंट ट्रांसफर हुई हैं।

### ताल में भेड़ों की नीलामी 15 फरवरी को

**हमीरपुर।** भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र ताल में छंटनी की गई 14 भेड़ों की नीलामी 15 फरवरी को सुबह 11 बजे प्रक्षेत्र के परिसर में होगी। पशु पालन विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि इन भेड़ों को खरीदने के इच्छुक पशुपालक निर्धारित तिथि एवं समय पर भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र ताल में पहुंच कर बोली में भाग ले सकते हैं। बोली में भाग लेने वालों को पांच हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। उपनिदेशक ने बताया कि बोली में भाग लेने के इच्छुक लोग 15 फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 से सायं पांच बजे तक इन भेड़ों को देख सकते हैं। नीलामी में सफल बोलीदाता को छह घंटे के भीतर भेड़ें ले जानी होंगी।

### तहसीलदार केशव कुमार मंडी स्थानांतरित


तहसीलदार केशव कुमार के साथ गलोड़ के लोग, व अन्य।

**गलोड़।** गलोड़ तहसील में लगभग तीन साल तक तहसीलदार के रूप में अपनी सेवाएं देने के उपरांत आज केशव कुमार का स्थानांतरण मंडी जिला के निहरी के लिए हो गया। अगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर तीन साल का अपना कार्यकाल पूरा कर चुके सभी प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले हुए हैं। आज केशव कुमार जो एक युवा तहसीलदार के रूप में यहां तीन वर्ष पहले आए थे। उन्होंने अपने काम से हर किसी को अपना मुरीद बनाया राजस्व संबंधी कार्य पूर्ण करने में सभी का सहयोग किया आज सभी उनके साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों ने उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया केशव कुमार का तबादला गलोड़ से जिला मंडी के निहरी के लिए हुआ है केशव कुमार एक युवा अधिकारी रहे हैं और हर किसी का कार्य समय पर पूरी ईमानदारी के साथ करते रहे हैं। हर कोई उनकी कार्यशैली से खुश था। गलोड़ कस्बे के लोग भी उनके स्थानांतरण से खुश नहीं हैं, मगर चुनाव आयोग की गाइडलाइन की वजह से किसी ने भी उनके स्थानांतरण पर विरोध नहीं जताया अलबत्ता अधिकांश लोग उन्हें यहां से स्थानांतरण होता हुआ नहीं देखना चाहते थे। राजस्व संबंधी मामलों को वह बड़ी ही शालीनता व सूझ-बूझ से सुलझा देते थे। ड्यूटी टाइम खत्म होने के बावजूद यह युवा अधिकारी अपने क्वार्टर जाकर भी लोगों के ऑनलाइन संबंधी कार्य को पूरा करते थे। यही कारण था कि हर कोई ऐसे अधिकारी को यहां से स्थानांतरण होता हुआ नहीं देखना चाहता था। तहसीलदार केशव कुमार ने बताया कि गलोड़ के लोगों ने भी काफी सहयोग दिया।

# जलशक्ति विभाग में भरे जा रहे पैरा-वर्कर्स के पद


जलशक्ति विभाग हमीरपुर में पैरा वर्करों के पदों को भरने आए युवक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर डिवीजन में पैरा-पंप ऑपरेटर, पैरा-फिटर और मल्टीपर्पज वर्करों के 66 पद भरे जाएंगे। विभाग के पास अब तक 616 युवाओं ने आवेदन जमा करवा दिए हैं, जबकि आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि पांच फरवरी निर्धारित की गई है। जल शक्ति विभाग डिवीजन हमीरपुर में पैरा पंप ऑपरेटर के 21 पद, पैरा-फिटर के नौ पद और मल्टीपर्पज वर्कर के 36 पद भरे जाने हैं।

इसके लिए युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग के पास पैरा-पंप ऑपरेटर के लिए 219 आवेदन, पैरा-फिटर के लिए 143 आवेदन और मल्टीपर्पज वर्कर के लिए 254 युवाओं ने आवेदन कर दिया है। विभाग में यह पद पैरा वर्कर पॉलिसी के तहत भरे जा रहे हैं। जलशक्ति विभाग कार्यालय में युवा आवेदन जमा करवाने के लिए काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। युवाओं की भीड़ सुबह से लेकर शाम तक जुट रही है।

वहीं अधिशाषी अभियंता ई. संजय ठाकुर का कहना है कि विभाग के पास अब तक 616 युवाओं ने आवेदन जमा करवा दिए हैं। युवा पांच फरवरी तक इन आवेदनों के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

### उमा शर्मा ने यूजीसी नेट परीक्षा की उत्तीर्ण

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के भाषा और सामाजिक विज्ञान विभाग की छात्रा उमा शर्मा ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। यूजीसी नेट परीक्षा पास करने के बाद यूनिवर्सिटी और डिग्री कॉलेज में



असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते हैं। यूनिवर्सिटी के भाषा और सामाजिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा प्रियंका कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर या लेक्चररशिप के लिए यूजीसी नेट सर्टिफिकेट 2023 की वैधता जीवन भर के लिए है। यूजीसी नेट प्रमाण पत्र एक आधिकारिक दस्तावेज है, जिसका उपयोग भारत भर के यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर आवेदन करने के लिए किया जाता है। ये परीक्षाएं अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हैं और इनके लिए अपने संबंधित क्षेत्रों में व्यापक तैयारी और ज्ञान की आवश्यकता होती है। उमा शर्मा ने अपने मार्ग-दर्शन के लिए विभाग के सभी प्रोफेसरों को उनके परामर्श और सलाह के लिए विशेष धन्यवाद किया है।

# नगर परिषद सुजानपुर में अध्यक्ष पद को लेकर सरगर्मियां तेज

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर में अध्यक्ष पद को लेकर सरगर्मियां फिर से तेज हो गई हैं। सुजानपुर में नगर परिषद पर भाजपा काबिज है। नगर परिषद सुजानपुर में भाजपा के ही दो पार्षदों के बीच बारी-बारी से अध्यक्ष पद पर बैठने के लिए समझौता हुआ था। सुजानपुर में वार्ड नंबर छह की पार्षद सुनीता तथा वार्ड नंबर दो की पार्षद शकुंतला देवी के बीच बारी-बारी से अध्यक्ष पद को लेकर समझौता हुआ था। सुनीता देवी आप अपनी अध्यक्ष पद की पारी को पूरा कर चुकी हैं।

भाजपा मंडल व नगर परिषद के पांचों पार्षद ने इसी मुद्दे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात की है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक भाजपा होने वाले लोकसभा चुनावों तक राजनीतिक समीकरण को भांपते हुए रिस्क लेने के मूड में नहीं है, जिसका कारण अध्यक्ष पद के विश्वास मत पर पांच-पांच की स्थिति की नौबत आने पर किसी की भी लॉटरी निकल सकती है। नगर परिषद सुजानपुर में हुए वार्ड पार्षदों के कुल नौ वार्डों के चुनावों के समय कांग्रेस तथा भाजपा के चार-चार पार्षद जीत कर आए थे, जिसमें आजाद उम्मीदवार को भाजपा ने अपने रथ में सवार करके उपाध्यक्ष पद दे दिया था।

**लोकसभा चुनाव तक कोई रिस्क न लेने के मूड में भाजपा**

अध्यक्ष पद के चुनाव के समय भाजपा में दो महिला पार्षद दावेदार होने के चलते आपसी नाराजगी से अध्यक्ष पद कांग्रेस की झोली में चला गया था जिनके करीब डेढ़ वर्ष उपरांत मनमुटाव, गिले-शिकवे मिटाकर भाजपा पार्षदों ने बारी-बारी से अध्यक्ष पद पर विराजमान होने का फार्मूला तय किया था जिसमें कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष को उतार कर पहली पारी में वार्ड छह की पार्षद सुनीता देवी अध्यक्ष पद पर विराजमान हुई थी, जिसका कार्यकाल 30 जनवरी तक करने का समय निश्चित किया गया था। इसके उपरांत वार्ड दो की पार्षद शकुंतला देवी ने अध्यक्ष पद पर विराजमान होना था, जो कि सर्व सर्वसम्मति से फॉर्मूला फिक्स हुआ था।

सूत्रों के मुताबिक 29 जनवरी को सुनीता देवी पूर्व मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप चुकी है जो कि इस्तीफा भाजपा मंडल संगठन के पास आ गया है अब आगामी कार्रवाई की रणनीति मंडल के पाले में आ गई है। महत्वपूर्ण पहलू है कि वर्तमान में पांच भाजपा के पार्षद तथा चार कांग्रेस के पार्षद है विधायक द्वारा विश्वास मत के दौरान वोट डालने से पांच-पांच की स्थिति के चलते लॉटरी कांग्रेस की न निकल जाए।

ऐसी स्थिति के राजनीति संकट को भांपते हुए फिलहाल लोकसभा के चुनावों तक फॉर्मूले फिक्स पर रिस्क लेने के मूड में भाजपा दिखती नजर नहीं आ रही है। वहीं कांग्रेस भाजपा की आगामी रणनीति पर नजर रखे हुए है। गौर तलब है कि नगर परिषद में अध्यक्ष पद एससी वर्ग के लिए आरक्षित है।

उधर संगठन भी मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ भी कहने से बच रहा है।

# विकसित भारत की नींव मजबूत करने की ओर केंद्र सरकार का एक कदम : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला भाजपा ने केंद्रीय बजट को किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण और लाभकारी बताते हुए कहा है कि इसमें बड़े फैसले लिए गए हैं। पार्टी के पदाधिकारियों राकेश ठाकुर, अभयवीर सिंह लवली, अजय रिंटू व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने कहा कि इस बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं।

नैनो डैप का उपयोग, पशुओं के लिए नई योजनाएं, पीएम मत्स्य संपदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान से किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर एक लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी ऐलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट की परंपरा जारी रखी है। अंतरिम बजट में अब तक लोकलुभावन घोषणाएं नहीं की जाती रही हैं। इसी वजह से सरकार ने किसी तरह के बड़े ऐलान करने से परहेज किया है।

### उपभोक्ता 10 तक जमा करवाएं बिजली बिल

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 10 फरवरी तक का समय दिया गया है। एसडीओ ज्ञान चंद भाटिया ने बताया कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 10 फरवरी तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। एसडीओ ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# कुश्ती में कृतिका ने जीता कांस्य

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

महाराष्ट्र के पुणे में 29 से 31 जनवरी तक आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में 76 किलो भार वर्ग में डिग्री कॉलेज सुजानपुर की महिला पहलवान कृतिका जम्वाल ने कांस्य पदक जीता है। शारीरिक शिक्षा अध्यापक प्रो. संदीप शर्मा ने बताया कि सभी मुकाबले बहुत ही कांटे के हुए, जिसमें हिमाचल प्रदेश महिला वर्ग के पहलवान कृतिका ने कांस्य पदक जीता है।

हमीरपुर जिले की कृतिका ने देश का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजायब सिंह बनायल ने कृतिका जम्वाल को भारतवर्ष में तृतीय स्थान जीतने पर बधाई दी।


कृतिका जम्वाल कांस्य पदक के साथ।

# अमृतकाल में विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाता बजट : अर्चना चौहान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**



भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग की आशाओं और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं को तथा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है केंद्रीय बजट। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत सारे कार्य किए गए हैं।

पीएम आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 70 प्रतिशत से अधिक घरों की मालकिन महिलाएं हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत महिलाओं को 30 करोड़ से अधिक ऋण दिए गए हैं। चौहान ने कहा यह बजट देश की आशाओं, आकांक्षाओं और विश्वास को परिलक्षित करता है, जो विकसित भारत की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करता है।

# केंद्र सरकार ने प्रस्तुत किया दूरदर्शी अंतरिम बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला भाजपा की उपाध्यक्ष उषा बिरला ने केंद्रीय अंतरिम बजट को दूरदर्शी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि पिछले 10 साल में 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को 70 प्रतिशत आवास महिलाओं को मिले हैं। वहीं महिलाओं के लिए ऐलान किया गया कि नौ करोड़ महिलाओं से जुड़े 83 लाख स्वयं सहायता समूहों अहम योगदान रखते हैं। उनकी कामयाबी से एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में मदद मिली है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।


उषा बिरला

केंद्रीय सरकार द्वारा तय किया है कि लखपति दीदी के लिए लक्ष्य को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ किया है। बिरला ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण संसद में अंतरिम बजट पेश किया जो कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है। वित्तमंत्री ने इस बार छठा बजट सदन में पेश किया है।

# टिप्पर स्कूल के लिए बनाएंगे नया भवन : लखनपाल

## स्कूल के वार्षिक उत्सव में अधिकारियों को दिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिप्पर के लिए नए भवन का निर्माण करवाया जाएगा। वीरवार को स्कूल के सालाना समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए लखनपाल ने यह घोषणा की। उन्होंने शिक्षा विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे स्कूल के पुराने भवन को गिराने तथा इसकी जगह नया भवन बनाने के लिए प्राक्कलन तैयार करें, ताकि नए भवन के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान करवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षण संस्थानों में बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है और इसके लिए बजट की कोई कमी नहीं रखी जा रही है। विधायक ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बेहतरीन मूलभूत सुविधाओं और क्वालीफाइड शिक्षकों के बावजूद स्टूडेंट्स की संख्या कम हो रही है। इन स्कूलों की प्रतिष्ठा एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षकों के साथ-साथ स्थानीय जनता को भी आगे आना चाहिए तथा बच्चों को इन स्कूलों में दाखिल करवाना चाहिए।



टिप्पर स्कूल विधायक लखनपाल को सम्मानित करते शिक्षक।

इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए पिछले एक वर्ष के दौरान करोड़ों रुपए की नई योजनाओं पर कार्य आरंभ किए गए हैं। अब नए बजट में कई नए कार्यों के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल को अपनी ओर से ग्यारह हजार रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। विधायक ने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य ने विधायक, अन्य अतिथियों तथा बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने स्कूल की कुछ मांगें भी विधायक के समक्ष रखीं, जबकि स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में उषा लखनपाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केवल धीमान, परविंदर सिंह, रमेश चंद, रविंद्र कुमार, जगदीश चंद, अमरजीत सिंह, कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी, पंचायत सदस्य अश्वनी कुमार और संतोष कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष सीमा शर्मा, संजय कुमार, शिक्षक उपस्थित थे।

**सुविधा** आग की घटना से निपटने के लिए प्रत्येक वार्ड में बिछाई गई पाइप लाइन

# राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर हाईटेक फायर फाइटिंग सिस्टम से हुआ लैस

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में हाईटेक फायर फाइटिंग सिस्टम पूरी तरह से तैयार हो गया है। इस सिस्टम को कुल एक करोड़ रुपए की राशि से मेडिकल कालेज में लगाया गया है। पिछले कई दिनों से मेडिकल कालेज में फायर फाइटिंग सिस्टम लगाने का कार्य किया जा रहा था, जिसके लिए प्रत्येक वार्ड में पाइप लाइन बिछाई गई है।

मेडिकल कॉलेज में यदि किसी भी तरह से आग लगने की घटना हो जाती है तो उस पर तुरंत काबू पाने के लिए फायर सिस्टम प्रभावी रूप से काम करेगा। इसके लिए मेडिकल कॉलेज के बाहर एक टैंक भी तैयार किया गया जिसमें मशीन फिट कर दी गई है और इसका सीधा कनेक्शन पाइप लाइन से जोड़ दिया है। जिससे अस्पताल के वार्ड या अन्य जगहों पर लगे प्वाइंट से पानी छोड़कर आग को बुझाया जा सकता है। यह सिस्टम लोगों की जिंदगी और जानमाल के नुकसान होने से बचाने के लिए कारगर सिद्ध होगा।

इससे पहले कई राज्यों में आग लगने के मामले हुए हैं जिसमें लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी, इसलिए आग की घटना होने पर तुरंत काबू करने के लिए अस्पताल में यह सिस्टम स्थापित किया गया है। अस्पताल में अलार्म सिस्टम भी प्रत्येक मंजिल पर लगा दिया गया है, जिससे आग लगने की घटना होती है तो इसकी सूचना मेडिकल कॉलेज प्रबंधन या सुरक्षा कर्मियों को मिल सकेगी। (अनंत ज्ञान)


मेडिकल कॉलेज में आग की घटना से निपटने के लिए तैयार किया फायर फाइटिंग सिस्टम।

> अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम स्थापित कर दिया गया है और इसके साथ अस्पताल में अलार्म सिस्टम भी इंस्टॉल कर दिया गया है यदि अस्पताल में अचानक आग लगने की स्थिति बनती है तो उस पर तुरंत पर प्रभाव से काबू पाया जा सके।
> -डॉक्टर अंजली सोनी, कार्यकारी चिकित्सा अधिकारी

# फसलों के लिए बारिश को किसान मान रहे नाकाफी

## बुधवार की मध्य रात्रि और वीरवार को सुबह बारिश की हल्की बूंदाबांदी से बिलासपुर में कुछ हद तक मिली राहत

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

सूखे की मार झेल रहे बिलासपुर जिले में आखिरकार इंतजार की घडियां खत्म हो गई हैं।

बुधवार की मध्य रात्रि और वीरवार को सुबह बारिश की हल्की बूंदाबांदी से कुछ हद तक राहत जरूर मिली है। हालांकि बिलासपुर जिले में फसलों के लिए इस बारिश को किसान नाकाफी मान रहे हैं अभी अपेक्षा के अनुरूप बारिश होने की उम्मीद है, जिससे नुकसान की मार झेल रही गेहूं की फसल को थोड़ी बहुत राहत मिल सकेगी। बिलासपुर जिले में बुधवार की सुबह मौसम का मिजाज बिगड़ गया। हालांकि बुधवार की मध्य रात्रि हल्की बुंदाबादी हुई और फिर वीरवार सुबह अचानक बूंदाबांदी शुरू हो गई। कुछ समय के लिए तेज बारिश हुई। इसके बाद सर्द बयार का बहना शुरू हो गया। दोपहर में भी बूंदाबांदी कुछ देर के लिए हुई। दोपहर बाद आसमान में बादल उमड़े और हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा, इससे जिले में शीतलहर है। (अनंत ज्ञान)



### विशेषज्ञ बोले- अगले दो दिन के लिए मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा

**अचानक** सर्दी बढ़ने के कारण लोगों को एक बार फिर कंपकंपी का एहसास हुआ। सूर्यदेवता आसमान में काले बादलों की ओट लिए छिपे रहे और दोपहर तक आंखमिचौली खेलते रहे। बुधवार को सुबह से ही हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया था। तकरीबन आधे घंटे तक बूंदाबांदी होने के बाद कुछ देर बारिश भी गिरी। अचानक बूंदाबांदी और बारिश होने के बाद मौसम में ठंडक घुल गई। हालात यह थे दिन सर्द बयार बहने लगी। दोपहर में भी कुछ देर के लिए हल्की बूंदाबांदी दोबारा शुरू हो गई। उधर, कृषि एवं बागवानी विभागों के विषय विशेषज्ञों का कहना है कि अभी बारिश होने की संभावना है और अगले दो दिन के लिए मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा।



बिलासपुर में बारिश से हुई तबाही।

# प्रदेश के 119 विद्यार्थियों ने केरल की संस्कृति को जाना

**घुमारवीं।** एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत प्रदेश के छह जिलों के 119 विद्यार्थी और शिक्षक सांस्कृतिक भ्रमण के लिए केरल पहुंच गए हैं। विद्यार्थियों का यह भ्रमण चार फरवरी तक रहेगा। भ्रमण में विद्यार्थी केरल की संस्कृति, शिक्षा और रीति-रिवाजों को जानेंगे।

**विद्यार्थियों ने कोवलम झील का किया भ्रमण**

केरल पहुंचकर शिक्षकों और विद्यार्थियों के दल ने पहले दिन कन्याकुमारी का भ्रमण किया। दूसरे दिन पदमनाथ स्वामी भगवान ब्रह्मा, विष्णु और शिव के मंदिरों का भ्रमण किया व केरल की संस्कृति को जाना। ये मंदिर पांच हजार साल पुराने हैं। इन मंदिरों में प्रतिदिन लगभग दस हजार लोग माथा टेकते हैं। इन मंदिरों में पुरुषों को धोती और महिलाओं को साड़ी पहनकर आना अनिवार्य है। इसके अलावा विद्यार्थियों ने कोवलम झील का भ्रमण किया। वीरवार को दल ने विज्ञान शहर, म्यूजियम और यहां के बाजार का भ्रमण किया। इस दल में बिलासपुर के 14, हमीरपुर के 18, मंडी के 26, ऊना के 18, कांगड़ा के 26 और चंबा के 17 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अलावा 11 शिक्षक, तीन टूर प्रबंधक, तीन प्रधानाचार्य और समग्र शिक्षा से डॉ. सुरेश ठाकुर साथ गए हैं। बिलासपुर के रघुनाथपुरा स्कूल के अध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि सौभाग्य की बात है कि गणित विषय की पुस्तकें लिखने का मौका मिला।

# विद्यार्थियों को आउटडोर खेलों में भाग लेना चाहिए

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

जि़ला बिलासपुर में पर्यावरण संरक्षण व जीव सेवा को ध्येय बनाकर कार्य कर रही जिला की अग्रणी सामाजिक संस्था कहलूर हिमकल्प फाउंडेशन के सौजन्य से विभिन्न शिक्षा संस्थानों में नशा निवारण, पर्यावरण बचाव, आत्मरक्षा, अनुशासन जैसे मूल्यवान विषयों पर एक जागरूकता अभियान के अंतर्गत आर्ट फेस्ट करवाया जा रहा है।

इस कड़ी में अल्फा पब्लिक स्कूल बरठीं तथा बरठीं पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे मुख्यातिथि म्यूजिकल चेयर एवं स्केटिंग एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष नवीन सीवात्सायन ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य की ओर ध्यान केंद्रित रखकर व अनुशासन में रह कर जीवन के किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है। बौद्धिक, शारीरिक एवं

**कहलूर हिमकल्प फाउंडेशन ने चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन**

**मानसिक विकास के लिए जीवन में आउटडोर खेल में भाग लेना अनिवार्य : नवीन**

मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए विद्यार्थियों को किसी न किसी आउटडोर खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए।

कहलूर हिमकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं फाउंडर अनिल ठाकुर ने बताया कि जल्द ही अन्य स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न कर परिणाम व पारितोषिक वितरण समारोह शहीद भगत सिंह स्कूल बड़गांव के प्रांगण में किया जाएगा । इस मौके पर संस्था के अन्य पदाधिकारियों सहित देवेंद्र कुमार, रचना चंदेल, प्रेरणा, सुमन शर्मा, सुमना कुमारी, तिलक राज, सुमन शर्मा तथा नरेश कुमार ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

# बजट में 2047 में विकसित भारत की रखी गई नींव : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने वीरवार को संसद में पेश किए केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए इसे देश के समावेशी विकास और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाला बताया।



इस बजट में 2047 में विकसित भारत की नींव रखी गई है। गर्ग ने कहा कि यह एक समावेशी बजट है, जो किसानों, मध्यम वर्ग और महिलाओं से लेकर समाज के सभी वर्गों के विकास की रूपरेखा है और इसमें नए भारत के निर्माण की सोच है।

उन्होंने कहा कि 'समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे, निवेश एवं क्षमता विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र को समर्पित है। इस बजट में किसानों, मध्यम वर्ग और महिलाओं से लेकर समाज के सभी वर्गों के विकास की रूपरेखा है।' उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछले साढ़े नौ साल में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरी है।

### पिछले एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था में आया क्रांतिकारी बदलाव : त्रिलोक जम्वाल

**बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए इसका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र के साथ भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता इस अंतरिम बजट में साफ तौर पर झलक रही है। आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव रखने वाला यह बजट गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों के साथ ही अन्य जरूरतमंदों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इन 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 2047 में देश को आजाद हुए 100 वर्ष हो जाएंगे। आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक मोदी सरकार ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसे हासिल करने के लिए पिछले 10 वर्षों से जमीनी स्तर पर कारगर कदम भी उठाए जा रहे हैं। वीरवार को पेश किया गया मोदी सरकार-दो का अंतरिम बजट भी इसी दिशा में उठाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए इस बजट में युवाओं, किसानों, गरीबों और महिलाओं पर विशेष फोकस किया गया है। इस बजट से देश की विकास यात्रा को और अधिक बल मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन में हर वर्ग के लिहाज से हितकारी बजट पेश करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम बधाई की पात्र है।

# रामलाल बोले- कांग्रेस पर बे-सिर-पैर के आरोप लगा रहे अनुराग

**बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर पर पलटवार करते हुए कहा कि इतने बड़े पद पर होते हुए भी संसदीय चुनाव निकट पाकर भ्रम फैलाने और बे-सिर-पैर के कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाने में जुटे हुए हैं, जो इतने बड़े पद पर वियराजमान किसी भी व्यक्ति व नेता को शोभा नहीं देता है।

रामलाल ने कहा कि अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान लेकर देश के एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में सैकड़ों सहयोगियों व कार्यकर्ताओं के साथ घूम रहे हैं। उन्होंने कभी भी किसी धर्म , पार्टी, जाति व भाषा तथा प्रदेश व क्षेत्र के विरुद्ध नफरत नहीं फैलाई, जबकि इन सभी वर्गों में नफरत फैलाने का काम अथवा नौटंकी तो भाजपा के बड़े-बड़े नेता छंदमवेश में करते आ रहे हैं। रामलाल ने अनुराग से पूछा कि क्या वह बताएंगे कि भाजपा के किस नेता ने कब देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए कोई बलिदान दिया है, जबकि जिस राहुल गांधी पर नफरत फैलाने का आरोप लगा कर उनके द्वारा देश में भ्रम फैलाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना का लाभ उठाएं जिलावासी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के माध्यम से प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना का संचालन किया जा रहा है। बिलासपुर में अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों के लिए निगम की ओर से विभिन्न योजनाओं के लिए कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है।

यह जानकारी अतिरिक्त एडीसी डॉ. निधि पटेल ने दी। अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों की गरीबी को कम करने और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना की शुरुआत हुई है, इसके तहत अनुसूचित जाति के नागरिकों के कल्याण के लिए योजना के अंतर्गत बिजली, पानी, सड़क, आवास जैसे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिला प्रबंधक प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम बिलासपुर विपन कुमार ने बताया कि इस योजन के माध्यम से जिला बिलासपुर के अनुसूचित जाति के स्थायी निवासी जिनकी सालाना आय सभी साधनों से 2.50 लाख रुपए से अधिक न हो तथा आयु 18 से 55 वर्ष के बीच हो तथा निगम के माध्यम से ऋण लेकर अपना रोजगार/धंधा चलाना चाहते हो व किसी ऋण देने वाली संस्था के ऋण दोषी भी न हों, वह पात्र होंगे।

**इसमें अधिकतम 50,000 रुपए तक का पूंजी अनुदान भी प्रदान किया जा रहा**

इस योजना के माध्यम से आवेदक पांच लाख रुपए तक का ऋण छह प्रतिशत ब्याज दर पर ले सकता है तथा इसमें अधिकतम 50,000 रुपए तक का पूंजी अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला प्रबंधक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम कल्याण भवन बिलासपुर कार्यालय से या दूरभाष नंबर 01978 222225 से भी संपर्क कर सकते हैं।

# राजस्व लोक अदालत में निपटाए 314 इंतकाल और 50 तकसीम के मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार राजस्व विभाग बिलासपुर की ओर से इंतकाल व तकसीम के लंबित मामलों के निपटारे के लिए जिले में 30 और 31 जनवरी को राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के चारों उपमंडलों में 314 इंतकाल और 50 तकसीम निपटाए गए। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. नीति पटेल ने दी।

माह के अंतिम दो दिनों में तहसीलदार सदर ने 11 इंतकाल 14 इंतकाल के मामले निपटाने सहित पूरे जनवरी माह में 88 इंतकाल व 34 तकसीम के मामले निपटाकर लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया। इसी प्रकार से नायव तहसीलदार सदर ने 30 और 31 जनवरी को इंतकाल के पांच और तकसीम के 24 मामलें निपटाने सहित पूरे माह में इंतकाल के 116 और तकसीम के 43 मामले निपटाए। तहसीलदार घुमारवीं ने माह के अंतिम दो दिनों में इंतकाल के 50 मामलों का निपटारा करते हुए पूरे माह में 77 इंतकाल और 21 तकसीम की, इसी प्रकार से नायब तहसीलदार घुमारवीं ने माह के अंतिम दो दिनों में 47 इंतकाल व पांच तकसीम के मामलों का निपटारा करते हुए पूरे माह में इंतकाल के 79 तथा नौ तकसीम के मामलों का निपटारा किया। तहसीलदार झंडूता ने माह के अंतिम दो दिनों में इंतकाल के 21 मामलों का निपटारा करते हुए पूरे माह में 50 इंतकाल और 19 तकसीम की, इसी प्रकार से नायव तहसीलदार झंडूता ने माह के अंतिम दो दिनों में 12 इंतकाल करते हुए पूरे माह में इंतकाल के 114 तथा 21 तकसीम के मामलों का निपटारा किया।

### लंबित मामलों को फरवरी में पूरा करने का प्रयास

तहसीलदार श्री नयना देवी जी ने माह के अंतिम दो दिनों में इंतकाल के 38 मामलों का निपटारा करते हुए पूरे माह में इंतकाल के 80 और 17 तकसीम की, इसी प्रकार से नायब तहसीलदार श्री नयना देवी जी ने माह के अंतिम दो दिनों में 24 इंतकाल मामलों का निपटारा करते हुए पूरे माह में इंतकाल के 48 मामलों का निपटारा किया। नायब तहसीलदार कलोल ने माह के अंतिम दो दिनों में 56 इंतकाल व एक तकसीम करते हुए पूरे माह में इंतकाल के 134 व तकसीम के तीन मामलों का निपटारा किया। नायब तहसीलदार नंहोल ने माह के अंतिम दो दिनों में इंतकाल के पांच व दो तकसीम के मामलों का निपटारा करते हुए पूरे माह में इंतकाल के 31 और दो तकसीम की, इसी प्रकार से नायब तहसीलदार भराड़ी ने माह के अंतिम दो दिनों में 45 इंतकाल, चाार तकसीम के मामलों का निपटारा करते हुए पूरे माह में 87 इंतकाल व 13 तकसीम के मामलों का निपटारा किया। अभी भी इंतकाल और तकसीम के मामले पूरे जिला में काफी मात्रा में लंबित हैं, जिन्हें फरवरी माह में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# ई-स्टैंप का काम स्टैंप वेंडर के माध्यम से ही किया जाना चाहिए

**बिलासपुर।** अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के अस्टाम विक्रेता गत दिवस राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा के साथ शिमला में मिले। इस प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे मंडी जिले के प्रधान ज्योति शर्मा ने बताया कि लंबे समय से प्रदेश के अस्टाम विक्रेता अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

इसके लिए सिलसिलेवार हर जिले की कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूत बनाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत राजस्व मंत्री से मुलाकात की गई। ज्योति शर्मा ने बताया कि इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बाकायदा ज्ञापन प्रेषित कर मांगों से अवगत करवाया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने बताया कि ई-स्टैंप का काम सिर्फ स्टैंप वेंडर के माध्यम से ही किया जाना चाहिए। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रधान ज्योति शर्मा के अलावा अनिल सूद, सुरेंद्र राठौर, बंसत लाल, लीला ठाकुर, बाबू राम, विनीत मौजूद रहे।

# घरों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत लगभग हर वार्ड में कई घरों के ठीक ऊपर से गुजरने वाली एचटी तथा एलटी बिजली की तारों से स्थानीय निवासी डर के साए में जीने को मजबूर हैं।

इन घरों में रहने वाले लोग न तो दिन में अपना काम ठीक से कर पा रहे हैं और न ही रात को चैन से सो पाते हैं। यहां तक की लोग अपने काम पर जाने से भी कतराते हैं। क्योंकि जब वह दिन में अपने काम पर जाते हैं और बाद में बच्चों का छत पर खेलने जाने का डर उनके मन में बना रहता है। यहां तक की कई लोगों ने करंट केडर से मकान में सीढ़ियां ही नहीं बनाई हैं। बरसों पूर्व शहर में कुछ ही परिवार रहा करते थे, लेकिन समय परिवर्तन होने के साथ-साथ शहर का विस्तार होता गया। तमाम लोगों ने हाई टेंशन बिजली के तार की परवाह किए बगैर ही उसके नीचे जमीन खरीद कर घर बना लिए है, लेकिन अब यह मकान जान पर भारी साबित हो रहे हैं। लोगों ने मकान के निर्माण में लाखों रुपए खर्च कर दिए हैं। ऐसे में मकान को छोड़ने की स्थिति में नहीं हैं। यह बिजली की तारें कहीं मकान की छतों से टकरा रही हैं, तो कई जगह पर कई छतों के मात्र चार या पांच फुट की ऊंचाई पर हैं। नगर परिषद घुमारवीं के वार्ड नंबर पांच के निवासी पहलवान जगदीश का कहना है कि उन्होंने एक दिन बच्चों को तारों की चपेट में आते अपनी आंखों से देखा, तो उसके बाद उन्होंने हर जगह गुहार लगाई कि इन तारों को हटाकर उनकी जगह केबल डाल दी जाए, लेकिन तमाम नेताओं से लेकर बोर्ड के आला अधिकारियों के दरवाजे पर गुहार लगाने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया।




नगर परिषद घुमारवीं के तहत घरों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन।

### बोर्ड के पास अभी तक नहीं ऐसी कोई पॉलिसी

बोर्ड के पास अभी तक ऐसी कोई पॉलिसी नहीं है, जिससे इन तारों को बदला जा सके, लेकिन यदि किसी उपभोक्ता को परेशानी हो रही हो, तो विभाग लाइन चेंज कर सकता है, परंतु उसके लिए उपभोक्ता को पोल लगाने के लिए जगह भी उपलब्ध करवानी होगी साथ ही लाइन बदलने का जो खर्चा आएगा वह भी वहन करना पड़ेगा।

**-कर्ण शर्मा अधिशाषी अभियंता, बिजली बोर्ड घुमारवीं**

**मुलाकात** विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री मुकेश को दिया ज्ञापन

# पेयजल की 24 और सिंचाई की सात स्कीमों पर संकट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से ऊना में मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जल शक्ति विभाग के अर्की मंडल द्वारा बिलासपुर जिला के अंतर्गत पड़ने वाली अली खड्ड से पानी उठाकर एक पीने की स्कीम बनाई जा रही है, जिसके कारण बिलासपुर के श्री नयना देवी जी व सदर विधानसभा क्षेत्र की अली खड्ड पर बनी 24 पीने के पानी और सात सिंचाई की स्कीमें बंद हो जाएंगी। ज्ञापन में अली खड्ड पर उपरोक्त स्कीमों के अलावा सैकड़ों किसान कूल बनाकर भी अपनी



विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को ज्ञापन देते हुए।

जमीनों की सिंचाई कर रहे हैं और कई घराट इसी खड्ड के पानी से चल रहे हैं अर्की मंडल द्वारा बनाई जा रही स्कीम के अंतर्गत 10 लाख लीटर पानी प्रतिदिन उठाया जाएगा, जिस कारण जल शक्ति विभाग बिलासपुर के अंतर्गत चल रही 31 पीने के पानी की वह इस सिंचाई की स्कीम में बंद होगी तो साथ में कुलों को सिंचाई करना और भी चल रहे घराट बंद हो जाएंगे ज्ञापन में उपमुख्यमंत्री से निवेदन किया कि अर्की मंडल द्वारा बनाए जाने वाली स्कीम को तुरंत बंद किया जाए और हमारा सुझाव यह है कि इस क्षेत्र के लिए कौल डैम से पानी उठाकर एक बड़ी स्कीम बना दी जाए, ताकि इस क्षेत्र के लोगों को पानी मोहिया होता रहे अर्की मंडल द्वारा इस स्कीम के कार्य जब से शुरू किया है, तब से हमारे क्षेत्र की जनता आंदोलन कर रही है इसलिए तुरंत निर्णय लेकर इस स्कीम के कार्य को रुकवा दें अन्यथा जनता अपना आंदोलन और तेज एवं प्रभावित करने के लिए मजबूर हो जाएगी।

### स्कीम पर दोबारा से किया जाएगा विचार

उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस स्कीम पर दोबारा से विचार किया जाएगा उन्होंने मुख्य अभियंता को फोन के माध्यम से बोला कि जब तक कोई निर्णय नहीं हो जाता, तब तक इस स्कीम का काम बंद रखा जाए। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रेम सिंह ठाकुर, संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश शर्मा, प्रधान सिकरोहा भूप राम, उपाध्यक्ष संघर्ष समिति कुलदीप ठाकुर, कमलेश ठाकुर, जितेंद्र कुमार, अखिल शर्मा, जगदीश ठाकुर, जगत राम ठाकुर उपस्थित रहे।

# बिलासपुर में विभाग ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए मंगलवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की ओर से महिला पुलिस थाना में पुलिस लेन और स्थानीय जनता को जागरूक किया गया।

आरटीओ बिलासपुर राजेश कुमार कौशल ने बताया कि सड़क दुर्घटना लोगों के लिए एक मुख्य समस्या बन गई है। इसके पीछे वाहन चालक की गलती, साइन बोर्ड का सही जगह पर न होना, नींद, थकान या नशे की हालत में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करना, गलत लेन गाड़ी चलाना, ट्रैफिक नियमों का पालन न करना सहित कई कारण हो सकते हैं। सड़क दुर्घटना के बाद एक घंटे का गोल्डेन समय होता है, जिसमें घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती है। अपने आस-पास रहने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा से जागरूक करें। बच्चों को भी ऐसी गाड़ियों से विद्यालय न भेजें, जिसका फिटनेस व रजिस्ट्रेशन न हुआ हो। इसका ध्यान देने से काफी हद तक खुद के साथ लोगों को दुर्घटनाओं से बचा सकते हैं। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी का परम कर्तव्य बनता है कि सरकार के इस अभियान को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं और सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाएं।




परिवहन विभाग लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करता हुआ।

असफलता और सफलता दोनों ही अवस्थाओं में लोग आपकी बातें करेंगे, सफल होने पर प्रेरणा के रूप में और असफल होने पर सीख के रूप में। -अज्ञात



## पर्यटन से पहाड़ों की बढ़ रही शान पार्किंग समस्या कर रही परेशान

**पहाड़ों** और प्रकृति के नैसर्गिक सुंदरता से सराबोर हिमाचल प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में विकसित हो रहा है। हर साल करोड़ों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। वहीं, राज्य सरकार भी हिमाचल को पर्यटन के क्षेत्र में उभारने के लिए काम कर रही है। जिलों के कई क्षेत्रों को पर्यटन के क्षेत्र में उभारा जा रहा है, वहीं कांगड़ा जिले के प्रकृति की सुंदरता से भरपूर कई क्षेत्रों पर फोकस किया जा रहा है। आज हिमाचल को पर्यटन की दृष्टि से कई संभावनाओं के साथ देखा जा रहा है, जिस पर राज्य ही नहीं, बल्कि केंद्र सरकार भी गंभीरता से काम कर रही है। पर्यटन हिमाचल प्रदेश की आय का बड़ा साधन है।

पहाड़ी राज्य हिमाचल में पूरे साल में कुछ खास मौके ऐसे होते हैं, जिसमें बाहरी राज्यों से काफी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और यहां आकर लम्हे यादगार बनाते हैं। ऐसे में प्रदेश में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की पेश आती है। पहाड़ी प्रदेश के हर जिले में पार्किंग के लिए स्पेस और व्यवस्थाओं की काफी कमी रहती है। इस कारण पार्किंग यहां एक ऐसी समस्या बन गई है, जिसे आज तक किसी भी समय की सरकारें स्थायी रूप से सुलझा नहीं पाई हैं, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को पर्यटन स्थलों पर पहुंचने के बाद पार्किंग के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पर्यटन हिमाचल प्रदेश के लिए आय का बड़ा और प्रमुख साधन है। हर साल करोड़ों रुपए हिमाचल सरकार को पर्यटन से ही आते हैं। इसके बावजूद यहां पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा और पार्किंग के लिए व्यवस्थाएं न के बराबर हैं। कुछ क्षेत्रों में पार्किंग की व्यवस्थाएं हैं भी, वे भी नागण्य हैं। हर साल निजी गाड़ियां और रेल मार्ग से करोड़ों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

बाहरी राज्यों से लाखों की संख्या में निजी गाड़ियां प्रदेश में प्रवेश करती हैं। वर्तमान समय में प्रदेश के अंदर भी 20 लाख के करीब लोगों के पास गाड़ियां रजिस्टर्ड हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो प्रदेश में रहने वाले लोगों के लिए भी पार्किंग की व्यवस्थाएं पूरी नहीं हैं। यही कारण है कि पर्यटन सीजन में हर साल पर्यटन स्थलों पर पार्किंग की समस्या से जूझना पड़ता है। कई बाहरी राज्यों की गाड़ियां नो पार्किंग जोन में खड़ी मिलती हैं, जिसका खामियाजा उन्हें चालान होने पर भुगतना पड़ता है। नो पार्किंग जोन में गाड़ियों के खड़े होने से कई बार ट्रैफिक की समस्या भी बढ़ जाती है। इससे पर्यटकों के साथ लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हर साल प्रदेश में पार्किंग व्यवस्था और ट्रैफिक कंट्रोल की योजनाएं नाकाफी साबित हुई हैं। पर्यटन सीजन के शुरू होने से पहले हिमाचल में बढ़ने वाली ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था के लिए क्या प्रबंध होने चाहिएं, इस पर समीक्षा करके जरूरी प्रबंध होने चाहिए, लेकिन हर साल पेश आने वाली इस समस्या पर गंभीरता क्यों नहीं है। यह सवाल बना रहता है, क्योंकि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के लिए पर्यटन से बड़ा कारोबार हर साल होता है और यहां के कई लोगों को रोजगार उपलब्ध होता है। वहीं, हिमाचल सरकार को भी पर्यटन से हर साल सरकारी खजाने के बढ़ने की काफी आस रहती है। इसके बावजूद पर्यटन स्थलों पर ऐसी कमियां सामने आती हैं।

# 164 साल पहले पेश हुआ था देश का पहला बजट



योगेश कुमार गोयल
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)



**एक** फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का आम बजट पेश किया गया। बजट निर्माण की पूरी जिम्मेदारी वित्त मंत्रालय की होती है और यह लगातार छठा ऐसा अवसर है, जब उन्होंने देश का आम बजट पेश किया। संसद की दोनों सभाओं के समक्ष रखा जाने वाला 'वार्षिक वित्तीय विवरण' केंद्र सरकार का बजट कहलाता है, जो देश के विकास को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा कारक होता है। भविष्य की योजनाओं और उद्देश्यों के आधार पर बजट एक निश्चित अवधि के लिए पूर्व निर्धारित राजस्व और व्यय का अनुमान होता है, जो भविष्य की वित्तीय स्थितियों को दर्शाता है और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। बजट के जरिए सरकार आर्थिक नीतियों को लागू करती है और हर साल पेश किए जाने वाले बजट का मुख्य उद्देश्य दुर्लभ संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना है। इस दस्तावेज में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित आय और व्यय पर विस्तृत टिप्पणियां दी जाती हैं।

बजट एक ऐसा दस्तावेज है, जो प्रबंधन व्यवसाय के लिए अपने लक्ष्यों के आधार पर आगामी अवधि के लिए राजस्व और खर्चों का अनुमान लगाने के लिए बनाया जाता है। केंद्रीय बजट को राजस्व बजट तथा पूंजीगत बजट में वर्गीकृत किया जा सकता है। बजट में शामिल प्रस्ताव संसद की स्वीकृति मिल जाने के बाद एक अप्रैल से लागू हो जाते हैं, जो अगले साल 31 मार्च तक लागू रहते हैं।

दरअसल, भारत में वित्त वर्ष प्रतिवर्ष एक अप्रैल से शुरू होकर 31 मार्च को समाप्त होता है और बजट के विवरण में इस पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों तथा व्यय का ब्यौरा शामिल होता है। सरल शब्दों में कहें तो बजट आगामी वित्त वर्ष के लिए सरकार की वित्तीय योजना होती है, जिसके जरिए यह तय करने का प्रयास किया जाता है कि सरकार अपने राजस्व की तुलना में खर्च को किस हद तक बढ़ा सकती है। यह कवायद इसीलिए होती है क्योंकि सरकार को अपने राजकोषीय घाटे का एक लक्ष्य हासिल करना होता है।

बजट आमतौर पर तीन प्रकार का होता है, संतुलित बजट, अधिशेष बजट और घाटे का बजट। संतुलित बजट में आय और खर्च की मात्रा का समान होना जरूरी है, जबकि अधिशेष बजट में सरकार की आय खर्चों से अधिक होती है और घाटे के बजट में सरकार के खर्च उसकी आय के स्रोतों से अधिक होते हैं। सरकारी बजट तीन प्रकार के होते हैं, परिचालन या चालू बजट, पूंजी या निवेश बजट और नकदी या नकदी प्रवाह बजट। सरकार की आय के प्रमुख साधनों में विभिन्न प्रकार के कर और राजस्व, सरकारी शुल्क, जुर्माना, लाभांश, दिए गए ऋण पर ब्याज आदि तरीके शामिल होते हैं।

बजट की पहले कुछ प्रतियां ही छपती थीं, लेकिन अब बजट पूरी तरह डिजिटल हो गया है। 2016 तक फरवरी माह के अंतिम दिन आम बजट पेश किया जाता था किंतु 2017 में तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने बजट पेश करने का दिन बदल कर एक फरवरी कर दिया। 1999 तक बजट भाषण फरवरी के अंतिम कार्य दिवस पर शाम पांच बजे पेश किया जाता था, लेकिन 1999 में यशवंत सिन्हा ने इसे बदल कर सुबह 11 बजे कर दिया। 2017 से पहले रेल बजट भी अलग से पेश किया जाता था, लेकिन 2017 में उसे आम बजट में ही समाहित कर दिया गया। 1955 तक बजट केवल अंग्रेजी में ही पेश किया जाता था लेकिन उसके बाद इसे हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पेश करना शुरू कर दिया गया। 1950 तक बजट का मुद्रण राष्ट्रपति भवन में होता था किंतु इसके लीक होने के बाद इसका मुद्रण दिल्ली की मिंटो रोड स्थित प्रेस में होने लगा और 1980 से वित्त मंत्रालय के अंदर सरकारी प्रेस में ही इसका मुद्रण होता है। 1947 से लेकर अब तक देश में 73 आम बजट, 14 अंतरिम बजट व 4 विशेष या मिनी बजट पेश किए जा चुके हैं। वैसे भारत में बजट पेश करने का सिलसिला 164 वर्ष पहले सात अप्रैल 1860 को ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेश किया था, जबकि स्वतंत्र भारत का पहला बजट तत्कालीन वित्तमंत्री आरके षणमुगम चेट्टि ने 26 नवंबर 1947 को पेश किया था, जिसमें कोई टैक्स नहीं लगाते हुए केवल अर्थव्यवस्था की समीक्षा की गई थी।

बजट को लेकर दिलचस्प तथ्य यह भी है कि देश के इतिहास में तीन ऐसे अवसर भी आए हैं, जब वित्तमंत्री के बजाय प्रधानमंत्री ने आम बजट पेश किया। सबसे ज्यादा देर तक बजट भाषण देने का रिकॉर्ड निर्मला सीतारमण के नाम है, जिन्होंने वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए दो घंटे 42 मिनट लंबा बजट भाषण दिया था। 1977 में मात्र 800 शब्दों का सबसे छोटा भाषण वित्तमंत्री हीरुभाई मुलजीभाई पटेल ने, जबकि शब्दों के लिहाज से कुल 18650 शब्दों का सबसे बड़ा बजट भाषण 1991 में मनमोहन सिंह ने दिया था। इसके बाद 2018 में अरुण जेटली ने 18604 शब्दों का बजट भाषण दिया था।

बतौर वित्तमंत्री सर्वाधिक बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के नाम है, जिन्होंने 1962-69 के बीच 10 बार बजट पेश किया था। वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने संयुक्त मोर्चा सरकार में 1996 से 1998 तक और फिर यूपीए-1 तथा यूपीए-2 सरकार में कुल 9 बार, वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी ने इंदिरा सरकार में 1982 से 1984 तक और मनमोहन सिंह सरकार में 2009 से 2012 तक कुल आठ बार बजट पेश किया। यशवंत राव चव्हाण, सीडी देशमुख तथा यशवंत सिन्हा ने सात-सात बार, जबकि मनमोहन सिंह और टीटी कृष्णमाचारी ने छह-छह बार बजट पेश किया। इंदिरा गांधी ने पहली महिला वित्तमंत्री के तौर पर 1970 में बजट पेश किया था।

## नजरिया: सफलता के लिए मेहनत करनी ही पड़ती है



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

**सफलता** के लिए मेहनत करनी हर पड़ती है। सफलता एक दिन में नहीं मिलती है। आधुनिक मानव शॉर्टकट में सफलता चाहता है, लेकिन सफलता के लिए बहुत अंधेरों को चीरना पड़ता है। जीवन में बहुत संघर्ष करना पड़ता है। कई बाधाओं को पार करना होता है। गहरी खाइयां व पथरीले रास्ते होते हैं, उन पर चलने के लिए रास्ते बनाने पड़ते हैं। खुद पगडंडियां बनानी पड़ती हैं। पांव छलनी हो जाते हैं। पैरों में जख्म पड़ जाते हैं, खून रिसता हैं, जख्म नासूर बन जाते हैं, तभी सफलता हासिल होती है। जीवन में कुछ भी नामुमकिन नहीं है, हर चीज मुमकिन है, बस इरादे मजबूत होने चाहिएं। मानव को खुद को इतना बुलंद करना चाहिए कि इस तदवीर से पहले ईश्वर बंदे से पूछे कि बता तेरी रजा क्या है। जीवन की महता समझें क्योंकि मानव जीवन दुर्लभ है। मानव जीवन एक ही बार मिलता है, बार-बार नहीं मिलता है। आज मानव में सहनशीलता खत्म होती जा रही है। मानव आज छोटी से छोटी समस्या के कारण असफल होने पर अपना जीवन खत्म कर रहा है। लक्ष्य ऊंचा होना चाहिए, हर कठिन से कठिन समस्या का समाधान हो जाता है। मानव को समस्यायों से डरना नहीं चाहिए, बल्कि इनका डटकर मुकाबला करना चाहिए। आज का मानव मेहनत करना ही नहीं चाहता, मुफ्त की ही खाना चाहता है। उच्च शिक्षित लोग काम नहीं करना चाहते। बाप-दादा की संपत्ति पर ऐशो आराम की जिंदगी जीना चाहते हैं। संपत्ति बेच रहे हैं और आलीशान भवन बना रहे हैं। जमीनें बेचकर धनासेठ बने हुए हैं। जमीन बेच कर कोई बड़ा नहीं बना है, एक दिन कंगाल जरूर होता है। युवा नशे का गुलाम हो चुका है। कम उम्र में जीवन खत्म कर रहे हैं। यह बहुत ही त्रासदी है। युवाओं के जीवन को बचाना होगा। समाज को मंथन करना होगा व तबाही को रोकना होगा। जीवन में बहुत खून-पसीना बहाना पड़ता है। जीवन को बचाओ, मेहनत करो ईमान का पैसा कमाओ, जीवन सुखमय हो जाएगा और हर इच्छा पूर्ण होगी। गरीबों की सहायता करो।

## अंदाज-ए-बयां: बरखा

*कलेजे में मेरे छुरी सी चली है,*
*मुझे देख कैसी सजा मिल रही है।*
*तमन्ना कोई न कोई आरजू है,*
*न जाने यह कैसी कमी खल रही है।*
*बेफिक्री से मेरी परेशान हो क्यूं*
*मेरी मुश्किलों से मेरी दोस्ती है।*
*कहा मैंने तुमसे न तुमने सुना है,*
*मेरी बेअसर बात क्यों हो चली है।*
*नहीं हाथ मेरा हथेली में तेरी,*
*तड़पते-तड़पते गुजर शब रही है।*
*बरस कर यह हल्का हुआ हाय बादल,*
*प्यासी थी धरती प्यासी रही है।*
*रही मैं न वो पहले जो थी मैं होती,*
*भला पहले अब में क्यों खाई है।*
*नहीं सुन सकोगे कहूं मैं जो अपनी,*
*सुनाने की मुझमें न हसरत बची है।*
*नहीं मीत कोई करीब अब हमारे,*
*भला कैसे फिर भी यह महफिल जमी है।*
*मानूं मैं कैसे भला बात दिल की,*
*मेरे दिल की मुझसे कभी की ठनी है।*
*खबर ही नहीं हूं कहां मैं किसी को,*
*मिली मुझको कैसी नई रोशनी है।*
*जमाने से तर 'आशा' आंखों का मौसम*
*फिजाओं में बेशक ये ठंडी बड़ी है।*

आशा देवी
गुम्मा, जिला मंडी
हिमाचल प्रदेश

# हिमाचल में सुख की सरकार में भ्रष्टाचार के मामलों में हो रही वृद्धि चिंतनीय



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

**आउटसोर्सेज** कर्मचारी द्वारा सब्सिडी का बिल पास किए जाने की एवज में 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस के हाथों गिरफ्तार होना शर्मनाक है। आज सवाल यह उठता की एक आउटसोर्सेज कर्मचारी सरेआम रिश्वत ले रहा तो नियमित का क्या हाल होगा? आउटसोर्सेज कर्मचारियों को मिलने बाला वेतन ऊंट के मुहं में जीरा डालने वाली बात है। नतीजतन सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के मामले बढ़ना स्वाभिक है। सरकार बेशक सुख की सरकार का नारा बुलंद कर रही है। सरकारी मशीनरी पर सरकार द्वारा बनाए गए तमाम कायदे, नियमों का असर बहुत कम देखने को मिल रहा है।

फतेहपुर मुख्यालय में भू-संरक्षण विभाग में कार्यरत आउटसोर्सेज कर्मचारी द्वारा ठेकेदार से बिल पास करने की 12 हजार रुपए रिश्वत की मांग रखने से भ्रष्ट सिस्टम की पोल खुल गई है। हिमाचल प्रदेश में आपदा में बेघर हुए लोगों का पुनर्वास किए जाने को लेकर प्रदेश सरकार दिन-रात प्रयासरत है। पहाड़ को मिले जख्मों का दर्द कुछ कम करने के लिए केंद्र सरकार ने 6500 घरों को बनाने की मंजूरी दी थी। सरकारों द्वारा आपदा के नाम पर दी जाने बाली धनराशि से आजकल के समय में कच्चा मकान तैयार करना भी आसान काम नहीं है, बावजूद इसके फिर भी सरकारें बेघर हुए लोगों की आर्थिक मदद कर रही हैं। सरकारी विभागों में तैनात कुछेक भ्रष्ट अधिकारी आपदा रिलीफ फंड में भी अपना कमीशन लेना नहीं भूल रहे हैं। ठीक ऐसे हालात में सरकारों द्वारा भेजी जा रही आपदा राहत राशि जरूरतमंद लोगों को पर्याप्त नहीं मिलेगी, इसमें कोई दो राय नहीं है।

आपदा राहत राशि में रिश्वत मांगने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करके आज एक मिशाल कायम करने की जरूरत है। सरकारी विभागों के कुछेक कर्मचारियों में मानवता बिलकुल खत्म हो चुकी है। आपदा की मार से बेघर हुए एक व्यक्ति के रिलीफ फंड में 20 हजार रुपए की मांग एक पटवारी द्वारा किया जाना बहुत ही शर्मनाक बात थी। भू-राजस्व विभाग के अधिकारी सरेआम रिश्वत लेते हुए अकसर विजिलेंस टीम द्वारा पकड़े जाते हैं, यह कोई नई बात नहीं है, मगर बेघर हुए व्यक्ति को सरकार द्वारा भेजे गए रिलीफ फंड में भी हजारों रुपए रिश्वत की मांग रखना भ्रष्ट सिस्टम की पोल खोलता है। सरकारों द्वारा गरीबों का विकास को लेकर अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, कुछेक अधिकारी सरेआम रिश्वत बसूल करके सरकारी योजनाओं सहित आम आदमी के सपनों को धराशाई कर देते हैं। सरकारी कार्यालयों में रिश्वत भी बड़े प्रोफेशनल ढंग से लेने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सरकार को फोकस करना होगा।

सच बात यह है कि गरीब व्यक्ति को मकान के लिए सरकार से मिलने बाले अनुदान में कुछेक पैसा सरकारी कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि डकार जाते हैं, ऐसे में गरीब आदमी के पास सिवाए कार्यालयों के चक्कर काटने की बजाए कुछ हाथ नहीं लगता है। भ्रष्टाचार उस दीमक की तरह है, जो आम आदमी को निगलता जा रहा है। भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने वाले कर्मचारियों को सिर्फ सेवा मुक्ति का रास्ता दिखाने के लिए सरकारों को ठोस नीति बनाने को पहल देनी चाहिए।

# सहयोगी दलों की भावनाओं को समझे कांग्रेस



लेखक : रमेश सराफ धमोरा
(हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

> एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है। कांग्रेस के चलते विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है, मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में हैं। उन्हें लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है।

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा, वैसे-वैसे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे, मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। इसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ाई। इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है, जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है, ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती है, इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडी गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एकतरफा घोषणा से गठबंधन कमजोर पड़ा है, वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पाएंगे।

सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही विपक्षी गठबंधन के प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुन: भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है। नीतीश कुमार का इंडी गठबंधन छोड़कर एनडीए में शामिल होना, इंडी गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं है। नीतीश कुमार ने गठबंधन छोड़ने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के बजाय कांग्रेस पर अधिक निशाना साधा। नीतीश कुमार का कहना है कि कांग्रेस के नेता मनमाने ढंग से गठबंधन को चलाना चाहते हैं। इसके चलते उन्होंने गठबंधन छोड़ कर भाजपा के साथ जाने में ही जदयू की भलाई समझी।

नीतीश कुमार चाहते थे कि उन्हें गठबंधन का संयोजक बनाया जाए, मगर कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त करवा दिया, जिससे नीतीश कुमार खुन्नस खाए हुए थे। नीतीश कुमार चाहते थे कि गठबंधन का संयोजक बनने से वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। कांग्रेस ने मगर ऐसा नहीं किया। इसके चलते उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस अपने ही नेताओं को प्रधानमंत्री का दावेदार बनाने जा रही है, इसलिए उन्होंने भाजपा से हाथ मिलाना बेहतर समझा।

उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए 11 सीटें व राष्ट्रीय लोकदल के लिए सात सीटें छोड़ कर बाकी 62 सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने की घोषणा कर दी है, जबकि कांग्रेस वहां 20 सीटों पर दावेदारी जता रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास अभी एकमात्र रायबरेली की सीट है, जहां से सोनिया गांधी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वहां मात्र 6.31 प्रतिशत ही वोट मिले थे। उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के चलते कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा था। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को 2.33 प्रतिशत ही वोट मिल पाए थे। कांग्रेस वहां अकेले ही चुनाव लड़ेगी तो स्थिति बहुत कमजोर रहेगी। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा में कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ना चाहती है, जबकि इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपने प्रभाव वाले प्रदेशों में भी साथी दलों के लिए कुछ सीटें छोड़े जिससे उनके प्रत्याशी वहां चुनाव लड़ सकें। दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा में आम आदमी पार्टी का प्रभाव है। इसके चलते 'आप' चाहती है कि गोवा व गुजरात में कांग्रेस उनके लिए कुछ सीट छोड़े। बदले में दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कुछ सीट दे सकती है।

कांग्रेस चाहती है कि पंजाब में अधिक सीटों पर वह लड़े। इसी के चलते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बिहार में कांग्रेस को राष्ट्रीय जनता दल, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के साथ ही अन्य दलों के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसी तरह झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी भी महाविकास अघाड़ी में शामिल हो गई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को अघाड़ी में शामिल दलों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीटों के बंटवारे की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# अस्वस्थ जीवन शैली के कारण जवानी में हांफता हृदय

ब्लॉगर



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर जिला मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**देवभूमि** की आवोहवा, प्राकृतिक वातावरण, पूरे देश में ही नहीं अपितु विश्व में अपनी शुद्धता के कारण अपनी विशेष पहचान रखता है। हिमाचल के लोग पुरातन काल से ही अपनी कड़ी मेहनत व ईमानदारी के कारण विभिन्न समाजों में जाने जाते हैं। पुरानी पीढ़ी पैदल चलने, खेतीबाड़ी कर पसीना बहाती थी। इस कारण उनकी जीवन प्रत्याशा की औसत आयु, शारीरिक बनावट, असल उम्र से कम नजर आती थी।

नई पीढ़ी की पलायनवादी सोच गांव की कड़ी मेहनत से दूर भाग कर शहरों की ओर अधिक उन्मुख होती रही है। चंडीगढ़, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में युवा मानसिक दबाव में रहकर जॉब कर रहे हैं। ज्यादा शारीरिक थकावट के अलावा यह श्रम मानसिक थकान और तनाव भरा रहता है। यह कार्य घंटों एक जगह पर कंप्यूटर में या कॉल सेंटर या फिर अर्धनिद्रा में लगातार शिफ्ट में रहता है। सही मायनों में नई पीढ़ी मानसिक दबाव भरे वातावरण में इस प्रतिस्पर्धा के युग में अपने आप को प्रतिस्थापित करने के रूप में नजर आती है। फास्ट फूड, जंक फूड, तला भुना खाद्य पदार्थ पाश्चात्य संस्कृति से प्रेरित होता है, जिन्हें खाकर यह युवा वर्ग निष्क्रिय जीवन शैली के साथ-साथ विभिन्न हृदय रोगों से संबंधित बीमारियों को खुद न्योता दे रहा है। इस तरह के भोजन में वसा की मात्रा अधिक होती है, जो रक्त वाहिकाओं में जमकर मोम जैसे पदार्थों के रूप में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा देता है। इस कारण रक्त वाहिकाओं में हृदय संचरण में रुकावट आने की संभावना ज्यादा बन जाती है, जो आगे चलकर हृदय की कार्यक्षमता में प्रतिकूल प्रभाव डाल कर हृदय रोगों को जन्म देता है। आईजीएमसी शिमला की ओर से हृदय रोग से मृत्यु के आंकड़े चौंकाने वाले हैं व संवेदनशील भी है। इन आंकड़ों के अनुसार छह से 10 प्रतिशत हिमाचली युवा वर्ग जिनकी आयु अभी मात्र 30 से 40 वर्ष की है। हृदय रोग से प्रभावित होकर मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं।

समाज में आज भी निदान व मरीज को कितने समय में अस्पताल पहुंचाकर कर उसकी जान बचाई जा सकती है, अनभिज्ञता बनी हुई है। शारीरिक श्रम और योग, जॉगिंग, हल्की दौड़ हृदय रोग के कारणों को कम कर सकता है। युवा वर्ग को नौकरी की प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आज के दौर में सख्त जरूरत है।

हम इस प्रतिस्पर्धात्मक, भागदौड़ भरे तनावपूर्ण जीवन में एक ओर पैसा कमा रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर हम बहुमूल्य स्वास्थ्य को निष्क्रिय जीवन शैली और गलत खानपान अपना कर गवां दे रहे हैं। हृदय घात के बाद चार घंटे के भीतर तत्काल मरीज को अस्पताल पहुंचाकर जान तो बचाई जा सकती है, लेकिन कभी-कभी जान बचाने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञ को मरीज को स्टंट डालना पड़ जाता है। जान तो बच जाती है, लेकिन शरीर में पहले जैसा दम एवं कार्य क्षमता नहीं रहती। कुछ सालों के बाद ज्यादातर स्टंटधारी मरीजों को जान जोखिम में डालकर जीवन-यापन करना पड़ता है। हम इस तरह की नौबत ही क्यों ला रहे हैं। इनके कारण हम इस गंभीर रोग का इतनी कम उम्र में ही शिकार बनने के लिए खुद मजबूर हुए हैं। पूरे शरीर में रक्त संचरण एवं हृदय की कार्य क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ फेफड़ों की सक्रियता के कार्य संचालन के लिए इन सभी का एकमात्र व मुफ्त इलाज व्यायाम और लंबी दूरी तक हर रोज पैदल चलना ही है।

## अपनी बात

**ई-मेल** हो या मोबाइल फोन, आजकल कहीं भी आप जालसाज या धोखेबाजों से सुरक्षित नहीं हैं। पहले धोखेबाजी सड़कों पर की जाती थी, लेकिन कई लोगों में तकनीकी ज्ञान न होने के कारण शातिर अब आसानी से अपना शिकार ऑनलाइन भी बनाने लगे हैं। फ्रॉड कॉल, फ्रॉड मैसेज और फ्रॉड ई-मेल आज बड़ा धोखेबाजी का केंद्र बन चुका है। दुनियाभर में करोड़ों रुपए का चूना आए दिन लगाया जाता है। तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच विभिन्न तरह के अपराध करने वाले भी तकनीक का खूब सहारा ले रहे हैं। इसके अलावा फोन कॉल के जरिए भी अपराधी लोगों तक संपर्क बना लेते हैं। कोई आपको फोन करे और यह दावा करे कि आप लॉटरी में लाखों रुपए का इनाम जीत गए हैं, तो सावधान हो जाइए। यदि किसी अनजान नंबर से कॉल आती है तो उसे क्रेडिट, डेबिट कार्ड की डिटेल, ओटीपी, पासवर्ड व अपनी किसी भी तरह की पर्सनल जानकारी न दें। वहीं, बैंक अधिकारी बनकर फ्रॉड कॉल करने वालों से भी किसी तरह की निजी व गोपनीय जानकारी शेयर न करें। आए दिन अखबारों में कई मामले ऐसे देखे गए हैं, जिनमें लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसलिए फेक कॉल और मैसेज से सतर्क रहें और जब कभी ऐसा कॉल या मैसेज आए तो समझदारी दिखाएं। आप विभिन्न तरीकों से साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी के लिए निवारक उपाय कर सकते हैं, जैसे कि अपना पासवर्ड नियमित रूप से अपडेट करना, एक कठिन पासवर्ड बनाना, तत्काल अलर्ट प्राप्त करने के लिए फोन बैंकिंग सेवाओं के लिए पंजीकरण करना, इत्यादि। यदि आपके पास डिजिटल सुरक्षा की कई परतें हैं, तो घोटालेबाजों के लिए आपको धोखा देना मुश्किल है।

– राजकुमार, मंडी।

## आपकी डायरी

स्वयं को न जाना
न ही पहचाना कभी
फिर भी महाज्ञानी
बने फिरते हो।
राम तो कण-कण में
रमते हैं
फिर भी तुम
क्षण-क्षण पाप कर्म
करते फिरते हो।



डॉ. राजीव डोगरा
कांगड़ा

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा बाल आश्रम कोटला कलां में वार्षिक महोत्सव शुरू, प्रवचनों की हुई वर्षा



**ऊना।** स्थानीय बाबा बाल आश्रम कोटला कलां में वीरवार से संकीर्तन एवं श्रीमद्भागवत कथा और रासलीला का वार्षिक महोत्सव शुरू हो गया। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी ने इस महोत्सव का प्रवचनों से शुभारंभ किया। इसके पश्चात ज्ञानानंद जी महाराज ने भी संगतों को प्रवचनों से निहाल किया। कार्यक्रम में चार से पांच फरवरी तक चित्र-विचित्र कथा भजन करेंगे। कार्यक्रम में छह फरवरी को अलका गोयल मधुर कंठ से भजन कीर्तन करेंगी। महोत्सव के अंत में सात से 13 फरवरी तक कथा वाचक कृष्ण चंद्र शास्त्री भागवत कथा का वाचन करेंगे। इससे पहले पांच फरवरी को भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा।

### कुटलैहड़ भाजपा महिला मोर्चा की बैठक संपन्न, लोकसभा चुनावों पर हुई चर्चा



बैठक में कुटलैहड़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा के साथ भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा एवं सभी सदस्य।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा महिला मोर्चा की बैठक जिला भाजपा महिला मोर्चा प्रभारी शीतल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुटलैहड़ भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा एवं सभी सदस्य कुटलैहड़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के बारे में चर्चा की गई। जिला महिला मोर्चा प्रभारी शीतल भारद्वाज ने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल कालाध्याय बना हुआ है और सुक्खू सरकार एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है और तो और हालात ऐसे बन गए हैं कि सीएम सुक्खू जहां भी जा रहे हैं, राज्य की महिलाएं 1500 रुपए प्रतिमाह की मांग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को बने 14 माह बीत चुके हैं, लेकिन राज्य की एक भी महिला को 1500 रुपए नहीं मिले हैं। यह राज्य की महिलाओं का अपमान हैं, जिस तरीके से राज्य की महिलाओं को 1500 रुपए का सब्जबाग दिखाकर कांग्रेस ने सत्ता हथियाई है और अब राज्य सरकार 1500 रुपए देने में आनाकानी कर रही हैं। अब राज्य की महिलाओं का श्राप राज्य सरकार को लगेगा। इस अवसर पर समाजसेवी मीना कंवर, अनु ठाकुर, शुभ लता, मोनिका कौशल, नीलम, ममता, प्रोमिला, निशा, सपना, सीमा, पुष्पा आदि दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

### कलाकारों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं बारे में ग्रामीण किए जागरूक



सरकारी योजनाओं की जानकारी देते पूर्वी कलामंच जलग्रां और आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकार।

**ऊना।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा चलाए गए विशेष प्रचार अभियान के दौरान वीरवार को पूर्वी कलामंच जलग्रां और आरके कलामंच चिंतपूर्णी द्वारा जिला में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पूर्वी कलामंच के कलाकारों ने कुठार खुर्द व भटोली, जबकि आरके कलामंच ने बदमाणा व धर्मशाला महंतां में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ सरकार की जनहित में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियों बारे जागरूक किया। इस अवसर पर समस्त पंचायतों के प्रतिनिधि सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ऊना रहे राघव शर्मा को एचपीयूजे ने किया सम्मानित



उपायुक्त राघव शर्मा को सम्मानित करते हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के पदाधिकारी और सदस्य।

**ऊना/बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिला ऊना से स्थानांतरित हुए उपायुक्त राघव शर्मा को शॉल, टोपी देकर सम्मानित किया। यहां आयोजित विदाई समारोह में जिलाधीश रहते हुए राघव शर्मा के जिला के लिए दिए गए योगदान की सराहना की गई। ज्ञात रहे कि गत दिवस राघव शर्मा का तबादला ग्रामीण विकास एवम पंचायतीराज निदेशक पद पर हुआ है। जिला अध्यक्ष पंकज कतना के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने राघव शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष पंकज कतना ने राघव शर्मा को निदेशक पद पर नियुक्ति पर शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील पंडित और पवन शर्मा ने टोपी देकर सम्मानित किया। कोषाध्यक्ष अश्वनी सैनी और उपाध्यक्ष अशोक कुमार, किशोरी लाल ने शॉल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नेशनल यूनियन ऑफ जॉर्नलिस्ट ऊना इकाई के कार्यकारिणी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, जिला अध्यक्ष पंकज कतना, जिला महामंत्री भारत भूषण, कोषाध्यक्ष अश्वनी सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, सुशील पंडित, ज्योति स्याल, रवि रोनखर, नीना धीमान, किशोरी लाल बैंस, कमल अरोड़ा, अनिल शर्मा के साथ अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### पूर्व कर्मचारी नेता हरिओम भनोट को ऊना जिले ने दी अंतिम विदाई



अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेश सचिव हरिओम भनोट।

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेश सचिव व भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिओम भनोट का वीरवार को स्वर्गधाम ऊना में अंतिम संस्कार किया गया। हरिओम भनोट का बुधवार सायं अपने निवास स्थान में निधन हो गया था। वह 80 वर्ष के थे। पूर्व कर्मचारी नेता व भाजपा नेता हरिओम भनोट को सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। उनके पुत्र राजीव भनोट ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विशेष रुप से पहुंचकर दिवंगत हरिओम भनोट को अपनी श्रद्धांजलि भेंट की। उपमुख्यमंत्री ने हरिओम भनोट के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। वहीं उनके पुत्र को भी हौंसला दिया। ऊना सदर से पूर्व विधायक रहे सतपाल रायजादा भनोट जी को श्रद्धांजलि अर्पित की व गहरा दुख व्यक्त किया। हिमाचल प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व ऊना सदर विस क्षेत्र से विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिओम भनोट के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## ग्रीन कॉरिडोर पर चार्जिंग स्टेशन के लिए भूमि चयन प्रक्रिया शुरू, स्टेशन पर रेस्ट रूम और फूड कॉर्नर होंगे स्थापित

# ऊना जिले के चार स्थान चिन्हित

**राजेश शर्मा, ऊना**

**हिमाचल** प्रदेश सरकार के ग्रीन कॉरिडोर बनाने के प्रयास को पंख लगने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश के ग्रीन कॉरिडोर नंबर एक परमाणु से नूरपुर तक जो प्रस्तावित है, इसमें सरकार ने कदमचाल शुरू कर दी है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं। हिमाचल के परवाणु से नूरपुर पहले ग्रीन कॉरिडोर बनाए जाने के लिए करीब तीन दर्जन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है।

ग्रीन कॉरिडोर के सपने को साकार बनाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इसके तहत प्रथम चरण में करीब 30 से अधिक स्थानों का चयन किया जा रहा है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों को इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की सुविधा मिलेगी। इनमें से निजी क्षेत्र को भी तवज्जो दी गई है, जिसमें इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के जो भी पेट्रोल पंप इस मार्ग पर हैं, उन्हें बिजली के चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए अधिकृत किया गया है। इसके तहत ऊना जिला में निजी क्षेत्र में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के पेट्रोल पंप मुबारिकपुर में पहला चार्जिंग स्टेशन लगाया जा चुका है। इसके तहत चार अन्य स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां सरकार अपने चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने जा रही है। जानकारी के मुताबिक चार्जिंग स्टेशन पर हेवी वाहनों को मात्र दो घंटे के समय में चार्ज किया जा सकेगा।

### चार्जिंग स्टेशन पर होगी यह सुविधा

**पर्यटन** विभाग के सहयोग से प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए इंतजाम किए जाएंगे। जहां सरकारी चार्जिंग स्टेशन होंगे वहां रेस्ट रूम के अलावा शौचालय और फूड कॉर्नर भी होगा। यहां वाहन चालक आराम भी कर पाएंगे और चाय नाश्ता भी कर पाएंगे।

### सरकार खरीद करेगी 300 इलेक्ट्रिक बसें

**ग्रीन** कॉरिडोर के सपने को साकार और सफल बनाने के मकसद से राज्य पथ परिवहन निगम करीब तीन सौ नई बसों की खरीद करने जा रहा है। इसमें अधिकांश बसें इस पहले कॉरिडोर के रास्ते चलाई जा सकती हैं।

सरकार द्वारा ऊना जिला में प्रथम चरण में पांच चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इसमें चार की स्वीकृति भी परिवहन विभाग को मिल चुकी है। उनके लिए भूमि का चयन भी कर लिया गया है। ऊना के उपमंडल बंगाणा के घड़ो, एमसी पार्क ऊना, एसडीएम ऑफिस परिसर अंब तथा करलूही में सरकारी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, इसके लिए कुछ कंपनियों को काम सौंपा जाएगा। ऊना जिले में पांचवां चार्जिंग स्टेशन रोड़ा जो ऊना-हरोली प्रदेश के सबसे लंबे पुल के पास स्थापित किया जाएगा। इन सभी प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशनों को सरकार की ओर से हरी झंडी मिल चुकी है।



### इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण

**ऊना** जिला में भी अभी तक करीब तीन सौ दो और चार पहिया वाहन पंजीकृत हो चुके हैं। इन चार्जिंग स्टेशन स्थापित होने के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में इजाफा भी होगा।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**क्षेत्रीय** परिवहन अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर प्रथम परवाणु से नूरपुर के लिए ऊना के चार स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# बारिश होने पर खिले किसानों के चेहरे

## लगातार दो दिन से हो रही बारिश से गेहूं की फसल ने बदला रंग, लोगों को मिली सूखी सर्दी से निजात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



**लगातार** दो दिन से हो रही बारिश से गेहूं की फसल का रंग भी बदल गया है। सूखे की मार से प्रभावित गेहूं की फसल में कुछ सुधार देखने को मिला है। इसके साथ ही बारिश से जिले के लोगों को सूखी सर्दी से निजात मिल गई है।

लगातार दो दिनों से बूंदाबांदी के बाद तापमान भी सामान्य बना हुआ है, हालांकि इससे पहले न्यूनतम तापमान शून्य तक भी पहुंच चुका था। वीरवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर भी कम अंतर बचा है।

वीरवार को जिले में आधिकतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बारिश भी 44 मिली मीटर दर्ज की गई है, जो फसलों के लिए पर्याप्त मानी जा रही है। बुधवार को जिले में लगभग पांच मिली मीटर बारिश हुई थी, जो लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। इस बारिश से किसानों की परेशानी भी कुछ हद तक दूर हुई है। असिंचित क्षेत्रों के किसानों को गेहूं की फसल से पशुचारा उपलब्ध होने की उम्मीद बन गई है। इसमें कुछ हद तक पैदावार होने की संभावना भी बनी हुई है। जिस फसल में पीलापन दिखाई दे रहा था, वह फसल भी हरी-भरी होने लगी है। किसानों को अब ओलावृष्टि और बर्फीली हवाओं का भी भय होने लगा है। ऐसे मौसम के बदलाव से फसलों में पीला रतुआ नामक बीमारी का भय बना रहता है।

मौसम के बदलते रुख ने सब्जी मंडी के कारोबार को जरूर प्रभावित किया है। लगातार दो दिनों से बूंदाबांदी के कारण सब्जी मंडी में उत्पाद भी कम पहुंच रहे हैं। इसके अलावा सब्जी मंडी के परिसर में पानी जमा होने से भी ग्राहकों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिले में गोभी और अन्य फसलों को लगातार बारिश नुकसानदेह साबित हो सकती है।

मौसम विभाग के समन्वयक विनोद शर्मा ने बताया कि दो दिन बारिश के बाद शुक्रवार को आसमान कुछ समय के लिए साफ हो सकता है। हालांकि उसके बाद भी बारिश होने की संभावनाएं हैं।

## एनएसएस शिविर में पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**




एसवीएसडी कालेज भटोली के एनएसएस यूनिट 2 के अधीन चल रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप के तीसरे और चौथे दिन सड़क सुरक्षा तथा वित्तीय साक्षरता के बारे में स्वयंसेवियों को अवगत कराया गया। शिविर के तीसरे दिन कपिल देव व अंजू के द्वारा स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा तथा वाहन चलाने के सुरक्षित तरीकों व नियमों संबंधी विशेष जानकारी प्रदान की गई। कपिल देव जी अजौली क्षेत्र में निजी ड्राइविंग स्कूल के संचालक है। कार्यक्रम संचालक प्रोफेसर स्वरिमा वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। शिविर के चौथे दिन यानी बृहस्पतिवार को कांगड़ा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के मैनेजर श्री दलजीत सिंह द्वारा समाज स्वयंसेवी विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के संबंध में विभिन्न तरह की जानकारियां उपलब्ध कराई गई। दलजीत जी ने विद्यार्थियों को कॉलेज स्तर से ही बचत खाता खोलने तथा बचत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बैंक से संबंधित अन्य वित्तीय कार्यों के संबंध में भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस उपलक्ष पर सहायक प्रोफेसर स्वरिमा वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर दलजीत जी को सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर प्रीति शर्मा वह नंदलाल जी भी उपस्थित रहे।



ऊना में भाजपा नेता हरिओम भनोट के परिजनों को ढांढस बंधाते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

## परमात्मा संसार के कण-कण में विद्यमान : नारायण पुरी



भागवत कथा का अनुसरण करते भक्त

- श्रीहीरा आत्म आश्रम पंजोआ कलां में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का समापन
- भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और बाल लीलाओं को सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर

**अनंत ज्ञान, अंब**

**श्रीहीरा** आत्म आश्रम पंजोआ कलां में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के अंतिम दिवस वीरवार को श्रीश्री 108 स्वामी नारायण पुरी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा संसार के कण-कण में विद्यमान है।

युगों-युगांतरों से जड़ रूपी संसार में हर वस्तु के नाश होने का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, लेकिन यह सब जानते हुए भी मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, घृणा व ईर्ष्या सहित समस्त विकारों से जकड़ा हुआ है और बुरे से बुरा कार्य करने से नहीं डरता। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय होता है, इसलिए मनुष्य जीवन में हर व्यक्ति को भागवतकथा का श्रवण जरूर करना चाहिए। कथा विराम से पहले विधिवत रूप से आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

**बयानबाजी** | कांग्रेस कमेटी के महासचिव बोले- जनता का एक समान विकास और आर्थिक सहायता प्रदान करवा रहे विधायक देवेंद्र

# विधायक देवेंद्र भुट्टो की लोकप्रियता से डरी भाजपा : दिनेश खत्री

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



**कुटलैहड़** विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो 25 वर्षों से लगातार कुटलैहड़ की जनता में एक वरिष्ठ समाज सेवी की भूमिका निभा रहे हैं। कुटलैहड़ की देव तुल्य जनता से बीते विस चुनावों में कुटलैहड़ से सत्ता का तख्ता पलटकर कांग्रेस को एक बड़े समाजसेवी के रूप में विधायक देवेंद्र भुट्टो दिए है, जिन्होंने एक वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता की सेवा में समर्पित किया है और अपने एक वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं का समाधान करके अपनी लोकप्रियता बढ़ाई है। विधायक देवेंद्र भुट्टो की कुटलैहड़ में बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा डरी हुई है। उसी के डर से विपक्ष ऐसे बयान देकर जनता को भटकाने का काम कर रहे हैं। यह शब्द पूर्व कुटलैहड़ कांग्रेस व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान में कांग्रेस कमेटी के महासचिव दिनेश खत्री ने जारी बयान में कहे।

## परीक्षा के लिए पूरी लगन के साथ पढ़ाई करें स्टूडेंट्स : चैतन्य

- गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल में मेधावियों को विधायक ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**



विधायक चैतन्य शर्मा को शॉल-टोपी देकर सम्मानित करता स्कूल स्टाफ।

**गोंदपुर** बनेहड़ा में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया, जिसमें विधायक चैतन्य शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पाठशाला परिसर पहुंचने पर प्रिंसिपल एवं स्टाफ ने स्वागत किया।

उन्होंने बाबा लाल जी पूरी की प्रतिमा पर शीश निभाया और दीप प्रज्वलित किया। सरस्वती वंदना के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रिंसिपल व स्टाफ ने विधायक चैतन्य शर्मा को पगड़ी छाल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चैतन्य शर्मा ने कहा कि बच्चों को अनुशासन में रह कर बड़ों का आदर करना चाहिए और पूरा मन लगा कर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और वह मेहनत से पढ़ाई शुरू करें, ताकि अच्छे स्थान पर पहुंच सकें। विधायक ने इस अवसर पर शिक्षा खेल एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले मेधावियों को इनाम देकर सम्मानित किया।

# ‘बैजबॉल’ के खिलाफ टीम इंडिया को करना होगा रणनीति में ‘बदलाव’



**भारत**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

**02 फरवरी** विशाखापत्तनम
मैच सुबह 9:30 बजे

एजेंसी, विशाखापत्तनम

**पहला** टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड की बेखौफ ‘बैजबॉल’ शैली का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा, जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं।

अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। उसके बाद रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दोचार होना पड़ा था, जब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था, लेकिन वापसी करके भारत ने शृंखला जीती थी।

जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम हालांकि अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिए इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा, जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिए हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी ‘बैजबॉल’ शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता।

ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी आक्रमण को बखूबी झेला, जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

**इंग्लैंड**

बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गुस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, डान लॉरेंस, जाक क्राली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिनसन, जो रूट, मार्क वुड।

## रविचंद्रन अश्विन को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**दूसरे** टेस्ट में भारत के पास जडेजा नहीं होंगे और 500 टेस्ट विकेट से चार विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही अक्षर पटेल को भी विकेट लेने तथा रनों पर रोक लगाने के नए तरीके तलाशने होंगे।

## जरूरी है कि हम सही रणनीति के साथ उतरें और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो : कोच द्रविड़

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच मे मिली हार के बाद कहा था कि यह जरूरी है कि हम सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। ओली पोप ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन उम्मीद है कि अगले मैच में हम रणनीति पर बेहतर अमल करेंगे और वह कोई गलती करेगा।

## इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का सुनहरा मौका



**दूसरी** ओर इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का सुनहरा मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश करते हुए अपने संसाधनों का बखूबी इस्तेमाल किया। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था, लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैकुलम ने सेन रेडियो से कहा कि पहले टेस्ट की तरह की पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं। पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है ।

## गिल और अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का होगा काफी दबाव

**भारतीय** बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नए स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे, जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया। गिल को रक्षात्मक खेल का खामियाजा उठाना पड़ा। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगी, जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे। जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं और यह देखना होगा कि भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है।

## स्टोक्स ने रूट को ‘गेंदबाज’ बनाने का वादा निभाया

**विशाखापत्तनम।** स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैंने हमेशा जो से कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने कम गेंदबाजी की और मैं उन्हें कहता कि मैं उन्हें एक गेंदबाजी बनाऊंगा और मैंने ऐसा कर भी दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी का होना जो सिर्फ गेंद ही नहीं फेंकता बल्कि खेल की रफ्तार भी बढ़ा दे। वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी भी करे और उन्होंने जितने रन बनाए हैं, उसे देखते हुए वह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। स्टोक्स ने कहा कि जो की गेंदबाजी का यहां फायदा मिलना निश्चित रूप से बहुत बड़ी चीज है। इंग्लैंड ने मार्क वुड की जगह जेम्स एंडरसन को जबकि चोटिल लीच के स्थान पर ‘अनकैप्ड’ शोएब बशीर को शामिल किया है। बशीर वीजा मुद्दों के कारण देर से भारत पहुंचे, जिससे वह पहले मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। एंडरसन की वापसी इंग्लैंड के लिए ऐसा ही काम करेगी जो जसप्रीत बुमराह भारत के लिए पुरानी गेंद से करते हैं और वो है ‘रिवर्स स्विंग’। स्टोक्स ने कहा कि एंडरसन जब नहीं खेल रहा होता तब भी वह टीम के लिए योगदान करता है जैसा हैदराबाद में हुआ था।

## न्यूज ब्रीफ

### 45वीं जूनियर राष्ट्रीय महिला अंडर-20 हैंडबॉल टूर्नामेंट में हिमाचल की टीम ने जीता कांस्य



बिहार में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर आई हिमाचल टीम व अन्य।

**सोलन।** बिहार के सारण में आयोजित 45वीं जूनियर राष्टीय महिला अंडर-20 हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। टीम ने पदक तालिका तक के अपने सफ़र में मुंबई हैंडबॉल अकैडमी, उड़ीसा, जम्मू कश्मीर और चंडीगढ़ को परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई है जहां कड़े संघर्ष के बाद दिल्ली की टीम से परास्त होने के बाद टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। प्रदेश की टीम में सोलन जिले की सोनाली, उषा भट्टी और मीनू भी शामिल रहीं। तीनों खिलाड़ी राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ की छात्राएं हैं जो हैंडबॉल प्रशिक्षक आशीष कुमार के पास प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष देशराज ठाकुर, महासचिव राजेश शर्मा, संयुक्त सचिव गोपाल ठाकुर, राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ के प्राचार्य और शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. कुलदीप  समेत सभी जिला संघ के सभी पदाधिकारियों ने इन खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की है। देसराज ठाकुर ने बताया कि तीनों खिलाड़ियों का जिला हैंडबॉल संघ की तरफ से स्वागत किया जाएगा। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम में किए गए शानदार योगदान के लिए जिला सोलन हैंडबॉल संघ सम्मानित भी करेगा।

### प्रो-लीग के घरेलू मैचों के लिए भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमनप्रीत को

**नई दिल्ली।** अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान होंगे । मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे । हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए वीरवार को 24 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा, जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा । भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा।

**गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक।

**डिफेंडर :** हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह।

**मिडफील्डर :** हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम।

**फॉरवर्ड :** ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडल।

### जुलाई में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक की मेजबानी करेगा श्रीलंका

**कोलंबो।** निलंबन हटने के बाद श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मेजबानी करेगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने वीरवार को यह जानकारी दी। एसएलसी को उसके संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के बाद निलंबित कर दिया गया था। देश ने इसके साथ ही अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी का मौका भी गंवा दिया था, जिसका आयोजन अब श्रीलका में हो रहा है। पर्यटन मंत्री की भी भूमिका निभा रहे फर्नांडो ने बयान में कहा कि श्रीलंका कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक आईसीसी एजीएम की मेजबानी करेगा। इससे क्रिकेट और पर्यटन के मामले में श्रीलंका को काफी बढ़ावा मिलेगा। आईसीसी सदस्यों के दायित्वों को पूरा नहीं करने के कारण एसएलसी को नवंबर में निलंबित किया गया था। एसएलसी अपने मामलों के स्वतंत्र संचालन और श्रीलंका में क्रिकेट के नियामन तथा प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप को रोकने में विफल रहा था।

### पोट्स और कार्स चमके, इंग्लैंड लॉयन्स ने भारत ए को 192 रन पर समेटा

**अहमदाबाद।** मैथ्यू पोट्स और ब्राइडन कार्स की डरहम की तेज गेंदबाजी जोड़ी के तूफानी प्रदर्शन से इंग्लैंड लॉयन्स ने तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन वीरवार को भारत ए को 192 रन पर समेटकर अपनी पलड़ा भारी रखा। कुछ खिलाड़ियों के मुख्य भारतीय टीम से जुड़ने के बाद भारत ए टीम कुछ कमजोर हुई है। इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड लॉयन्स ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। एलेक्स लीस (106 गेंद में 48 रन) और ओलिवर प्राइस (63 गेंद में 20 रन) स्टंप के समय क्रीज पर थे। इंग्लैंड लॉयन्स की टीम पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है। पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर छह विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार छह विकेट हासिल किए। वह तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ निभाते हुए 52 रन देकर चार विकेट चटकाए। सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सत्र के भीतर आउट हो गई।

### अवनि प्रशांत एशिया पैसिफिक टूर्नामेंट में संयुक्त चौथे स्थान पर

**पटाया।** भारत की अवनि प्रशांत वीरवार को यहां पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन के साथ महिलाओं के एमेच्योर एशिया पैसिफिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रही हैं। अवनि ने पहले दौर में छह बर्डी की, लेकिन वह दो बोगी भी कर गई, जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। थाईलैंड की इला गेलिटस्काई और नोवापोर्न सूनत्रीयापास तथा चीनी ताइपे की चेन वेइ वू पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। अन्य भारतीयों में विधात्री उर्स (73) और पदार्पण कर रहीं सानवी सोमु (73) संयुक्त 39वें पर चल रहे हैं। पदार्पण कर रहीं कीर्तना राजीव नायर (81) और हीना कांग (81) संयुक्त 84वें जबकि मन्नत बरार (82) 86वें स्थान पर हैं।

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप

## आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत के सामने नेपाल

**02 फरवरी** ब्लोमफोंटेन
दोपहर 1:30 बजे

**ब्लोमफोंटेन। शानदार** फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को आईसीसी अंडर–19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में उतरेगी तो नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का लक्ष्य होगा। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान (प्लस 1.06) और भारत (प्लस 3.32) दोनों के छह अंक हैं, लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं, जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता है।

**भारत**

**अर्शिन** कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी।

**नेपाल**

**देव** खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

## कोहली की बल्लेबाजी से सीखने की कोशिश कर रहा हूं : पाटीदार

एजेंसी, विशाखापत्तनम

**पाटीदार** ने बीसीसीआई टीवी से कहा कि मैं नेट्स पर उनकी (कोहली की) बल्लेबाजी देखता रहता हूं, खासकर उनका फुटवर्क और मूवमेंट। मैं उनसे सीखकर इन चीजों को अपनी बल्लेबाजी में लाने की कोशिश करता हूं। पाटीदार ने प्रदर्शन में लगातार निखार लाने की अपनी कोशिश के बारे में कहा कि यह आसान नहीं है, लेकिन मैं इस कोशिश में लगा हूं।

इंदौर के इस दाहिने हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से उन्हें काफी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि मैंने घरेलू सर्किट पर काफी भारतीय खिलाड़ियों के साथ खेला है। पिछली दो श्रृंखलाओं से मैं राहुल सर से बात कर रहा हूं। रोहित भाई से काफी बात नहीं हुई है, लेकिन इस दौरे पर बल्लेबाजी के बारे में बात हुई। उनके अनुभवों से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

पाटीदार ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में भी आक्रामक बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आक्रामक बल्लेबाज हूं और घरेलू क्रिकेट से ही इसी तरह खेलता रहा हूं। यह मेरी आदत है और मैं इसी तरह से तैयारी करता हूं। मैं गेंदबाजों और फील्ड प्लेसमेंट को परखता हूं, जिससे काफी मदद मिलती है।

## हमने स्वीप शॉट पर किया है काम : केएस भरत

**भरत** ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि टीम बैठकों में हमने उन चीजों के बारे में बात की, जिन्हें हम बेहतर तरीके से कर सकते थे और हां, हमारी निश्चित रूप से कुछ योजनाएं हैं। हम निश्चित रूप से देख रहे हैं कि उन्होंने पहले मैच में कैसा खेल दिखाया, कुछ रिवर्स शॉट खेले। इस पर हमने निश्चित रूप से काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत में हम इस तरह के ट्रैक पर काफी क्रिकेट खेले हैं। ऐसा नहीं है कि हम स्वीप, रिवर्स स्वीप या पेडल शॉट खेलना नहीं जानते, लेकिन टीम की हालात को देखते हुए उस विशेष दिन हम बल्लेबाज फैसला करते हैं। भरत ने कहा कि हमारे लिए बहुत स्पष्ट है कि स्वतंत्रता से खेलें। हमने पहले मैच से पहले भी रिवर्स स्वीप शॉट का अभ्यास किया था। लेकिन क्रीज पर खेलते हुए यह बल्लेबाजी की व्यक्तिगत योजना होती है। उन्होंने कहा कि अगर टीम एक निश्चित तरीक से खेलने की मांग करती है तो हमें ऐसा ही करना होता है।

## मुझे रिचर्ड्स, कोहली और मियांदाद की सूची में जगह बनाने की है उम्मीद : सरफराज

एजेंसी, विशाखापत्तनम

**घरेलू** क्रिकेट में बनाए ढेरों रनों ने सरफराज खान के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का दरवाजा खोल दिया है लेकिन इस बल्लेबाज का मानना है कि सीखना हमेशा जारी रहता है और वह विराट कोहली, विव रिचर्ड्स और जावेद मियांदाद जैसे दिग्गजों की सूची में जगह बनाना चाहते हैं। मुंबई के इस बल्लेबाज ने सीखने की अपनी प्रक्रिया पर बात करते हुए कहा किमुझे विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, सर विवियन रिचर्ड्स की बल्लेबाजी देखना पसंद है। यहां तक कि जावेद मियांदाद की भी, क्योंकि मेरे पिता कहते हैं कि मैं उनकी तरह बल्लेबाजी करता हूं। मैं जो रूट की बल्लेबाजी भी देखता हूं। सरफराज ने ‘जियो सिनेमा’ से कहा कि जो भी सफल हो रहा है, मैं उन्हें खेलते हुए देखता हूं कि वे ऐसा कैसे कर रहे हैं, जिससे कि मैं सीख सकूं और इसे लागू कर सकूं। मैं भविष्य में रणजी ट्रॉफी खेलूं या भारत के लिए खेलूं, मैं ऐसा करना जारी रखना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि अगर आप पांच दिवसीय क्रिकेट खेलना चाहते हैं तो आपको धैर्य रखना होगा और हर दिन अभ्यास करना होगा। मैं पूरे दिन क्रिकेट खेलता हूं और यही कारण है कि मैं लंबे समय तक पिच पर रह सकता हूं।

## कार हादसे के बाद पैर खोने का डर था : पंत

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि 13 महीने पहले हुए भयावह कार हादसे के बाद उन्हें अपना दाहिना पैर गंवाने का डर था। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स की सीरिज ‘बिलीव : टू डैथ एंड बैक’ में कहा कि अगर कोई नस क्षतिग्रस्त होती तो पैर गंवाने का डर था। मैं उस समय डर गया था। पंत ने कहा कि मैंने एसयूवी ली थी, लेकिन वह बाद में सेडान लग रही थी। हादसे को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके दाहिने घुटने की हड्डी खिसक गई थी और उन्हें काफी दर्द हो रहा था। उन्होंने कहा कि वहां आसपास कोई था तो मैंने पूछा कि पैर को वापस जगह पर लाने में मदद कर सकता है। उसने मेरे घुटने को सही जगह पर पहुंचाने में मदद की।

## मालामाल

### खेलो इंडिया को पिछले बजट में 20 करोड़ का इजाफा कर 900 करोड़ आवंटित किए

# खेल मंत्रालय को 45 करोड़ का इजाफा






एजेंसी, नई दिल्ली

**खेल** मंत्रालय को वीरवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए अंतरिम बजट में 3,442.32 करोड़ रुपए आवंटित किए, जिसमें पिछले साल की तुलना में 45.36 करोड़ रुपए का इजाफा किया गया।

पिछले बजट में खेल मंत्रालय को 3,396.96 करोड़ रुपए आवंटित हुए थे। इस 2024–25 वित्तीय वर्ष के दौरान देश का मुख्य ध्यान पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेल पर लगा होगा। खेलो इंडिया को पिछले बजट में 20 करोड़ का इजाफा कर 900 करोड़ आवंटित किए गए।

राष्ट्रीय शिविर आयोजित करने वाले, खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचा और उपकरण मुहैया कराने वाले और कोचों की नियुक्ति के अलावा अन्य काम करने वाले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बजट में पिछले साल की तुलना में 26.83 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की गई, जिससे अब यह 795.77 करोड़ रुपए का होगा। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के 2023–24 के 325 करोड़ बजट में इस दफा 15 करोड़ का इजाफा किया गया।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) को इस अंतरिम बजट में 22.30 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जो 2023–24 वित्तीय वर्ष में 21.73 करोड़ रुपए का था। राष्ट्रीय डोप जांच प्रयोगशाला (एनडीटीएल) को पिछले बजट की तुलना में ढाई करोड़ ज्यादा 22 करोड़ रुपए आवंटित हुए।

राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र के बजट को 10 करोड़ रुपए से घटाकर आठ करोड़ रुपए कर दिया गया, जबकि राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के लिए पिछली बार के 83.21 करोड़ रुपए के बजट को बढ़ाकर 91.90 करोड़ रुपए कर दिया गया। खिलाड़ियों को मिलने वाले भत्ते के बजट में काफी कटौती की गई है, जो 84 करोड़ रुपए से 39 करोड़ रुपए कर दिया गया। राष्ट्रीय खेल विकास कोष के बजट में भी कटौती की गई, जिसे 46 करोड़ रुपए से घटाकर 18 करोड़ रुपए कर दिया गया। पिछले बजट में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 15 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे, जिसे अब 0.01 करोड़ रुपए कर दिया गया, क्योंकि इस वर्ष इनका आयोजन नहीं किया जाएगा।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आज यात्रा से लाभ होगा। नए अवसर मिलेंगे, शत्रु पक्ष निर्बल होगा। साथी सहयोग करेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण कर लेना आज बेहतर है, इच्छाएं शीघ्र पूर्ण होंगी।

**वृषभ :** कार्यों में विघ्न आ सकते हैं। स्थान परिवर्तन की चिंता से मन परेशान हो सकता है। यात्रा में असुविधा रहेगी। चाहकर भी मन को शांति नहीं मिलेगी। गुरु मंत्र का जप करें।

**मिथुन :** आपका प्रभाव व कार्यक्षेत्र बढ़ेगा। विशिष्ट लोगों से संपर्क बनेंगे, यात्रा सुखद रहेगी और उन्नति का समाचार मिलेगा। शत्रु निर्बल रहेंगे और आपके प्रभाव से उनकी क्षमता कम होगी।

**कर्क :** जीवन में उतार-चढ़ाव व बाधाओं के बावजूद धन लाभ होगा। आज का कर्म आपके कल का भविष्य बनाएगा अतः सोच-समझकर ही निर्णय लें। सारे काम आसानी से बनेंगे।

**सिंह:** मन में सकारात्मक विचार आएंगे जिससे कार्य में सफलता प्राप्त होगी। शत्रु पक्ष निर्बल होगा, मित्रों और सज्जनों के सहयोग से स्थिति नियंत्रण में आएगी।

**कन्या :** यात्रा में असुविधा, वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, चीजों को खोने से बचाने का विशेष ध्यान रखें, प्रिय वस्तु की हानि का योग, कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।

**तुला :** आसपास की यात्रा लाभ देगी। मित्रों के सहयोग से लाभ की स्थिति बनेगी, बुजुर्गों व साधु-संतों का आशीर्वाद भाग्योदय करेगा। परिश्रम करने से सफलता मिलेगी।

**वृष्चिक:** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि का योग है। , व्यस्तता बढ़ेगी, नए अवसर और नए लोगों से परिचय होगा, सक्रिय रहें, सुअवसर को हाथ से न जाने दें।

**धनु:** प्रेम में निराशा हाथ लग सकती है। भविष्य की चिंता सताएगी। संघर्ष अधिक करना पड़ सकता है। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी, मन दुविधा में रहेगा।

**मकर :** वाद-विवाद से बचें। अपने काम से काम रखें। मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है। मन में निराशा हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें।

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। किसी बड़े अधिकारी का समर्थन प्राप्त होगा। अचानक लाभ से राहत महसूस होगी।

**मीन :** शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के फल मिलेंगे। संघर्ष का अन्त सुखद् रहेगा। विरोधी षडयंत्र रचेंगे लेकिन कुछ बिगाड़ नहीं पाएंगे। दोस्तों से मदद मिलेगी।

## आज का पंचांग

(2 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** सप्तमी 04:05 दोपहर तक, **नक्षत्र :** स्वाति (05:57 सुबह ) , **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:56 दोपहर)
**राहुकाल :** 11:13-12:35 दोपहर तक।

## विशेष दिन

02 फरवरी 2024 : कालाष्टमी आज।

02 फरवरी 2024 : श्री रामानंदाचार्य जयंती आज।